✱ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✱ रजि. नंबर : 52290 /90 ✱ वर्ष : 36 ✱ अंक :95 ✱ पृष्ठ : 12 ✱ औरंगाबाद, रविवार, 31 अगस्त 2025 ✱ मूल्य : 3.00 रूपये ✱ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✱ www.navbihartime.com




एशिया कप हॉकी : दूसरे दिन बांग्लादेश और मलेशिया की धमाकेदार जीत

## ग्रामीण टोलों के विकास को मिली पक्की सड़कों की रफ्तार

### पीएमजीएसवाई और एमएमजीएसवाई के तहत छूटे हुए टोलों को मिली बारहमासी संपर्कता
### बिहार में 1,18,005 किमी लंबाई की ग्रामीण सड़कों का हो चुका है निर्माण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना व मुख्यमंत्री ग्रामीण संपर्क योजना के तहत बिहार के गांवों के छूटे हुए वैसे टोलों व बसावटों को जिसकी आबादी 100 या उससे भी कम है। बारहमासी पक्की सड़कों से जोड़ने की योजना ने गांवों की सूरत बदल दी है। इस योजना के तहत ग्रामीण कार्य विभाग ने राज्य के कुल 11,020 का सर्वे कराकर 14,002.33 किमी लंबाई की सड़कों के निर्माण का लक्ष्य तय किया है। जिसमें 5033 बसावटों व टोलों को बारहमासी पक्की सड़कों से जोड़ने की विभाग ने प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की थी। जिसमें 1344 टोलों को पक्की सड़क से जोड़ा जा चुका है। ऐसे छोटे टोलों में बन चुकी ग्रामीण सड़कों की कुल लंबाई 1486.71 किमी है। ये ऐसे छोटे-छोटे टोले और बसावट हैं, जिनकी आबादी 100 लोगों या उससे भी कम है। दरअसल राज्य सरकार के सामने राज्य की लगभग एक लाख 30 हजार से भी अधिक बसावटों को पक्की सड़क से जोड़ने की चुनौती थी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सबसे पहले एक हजार या उससे अधिक आबादी वाले बसावटों को ही पक्की सड़क से जोड़ने की योजना बनाई गई थी। ऐसे में राज्य सरकार ने पहले चरण में 500 से लेकर 999 की आबादी वाले टोलों को भी पक्की बारहमासी सड़कों से जोड़ने के लिए राज्य निधि से वर्ष 2005-2006 में ही मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरुआत की थी। बता दें कि बिहार देश का पहला राज्य है, जिसने एक हजार से भी कम आबादी वाले टोलों को पक्की सड़कों से जोड़ने का अभियान शुरू किया था। बाद में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में उग्रवाद प्रभावित बिहार के 11 जिलों के 250 या उससे अधिक आबादी वाले बसावटों को भी इसके शामिल कर लिया गया। जबकि बिहार सरकार ने राज्य के सभी जिलों में सामान दृष्टिकोण से मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सम्पर्क योजना वर्ष 2013-14 में शुरू की थी। जबकि वर्ष 2016-17 में राज्य सरकार के सात निश्चय पार्ट-एक में "हर घर तक पक्की गली और नाली योजना के तहत 100 से 249 तक की आबादी वाले टोलों को भी बारहमासी सड़कों से जोड़ने के लिए ग्रामीण टोला संपर्क निश्चय योजना की शुरुआत की। जिसके तहत 4643 बसावटों को संपर्कता प्रदान करने के लिए कुल 3966 किमी ग्रामीण सड़कों का निर्माण पूरा कर लिया गया। इन योजनाओं का परिणाम है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से अबतक कुल 56 हजार 640 बसावटों को संपर्कता प्रदान करते हुए 53 हजार 575 किमी सड़कों का निर्माण किया जा चुका है।

साथ ही मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना, ग्रामीण टोला सम्पर्क निश्चय योजना एवं अन्य योजना के तहत 62 हजार 728 बसावटों को संपर्कता प्रदान करने के लिए लगभग 64 हजार 430 किमी सड़क का निर्माण किया जा चुका है। यानी कुल मिलाकर राज्य में एक लाख 19 हजार 368 बसावटों को संपर्कता प्रदान करते हुए कुल एक लाख, 18 हजार, 005 किमी लंबाई की ग्रामीण सड़कों का निर्माण हो चुका है।

**अब 100 लोगों की आबादी वाले छूटे हुए टोलों को मिली संपर्कता**

राज्य के सभी 38 जिलों में 100 लोगों की आबादी वाले छूटे बसावटों व टोलों को सड़क संपर्कता प्रदान करने के लिए वर्ष 2023 में मुख्यमंत्री ग्रामीण सम्पर्क योजना की शुरुआत की गई। जिसके अंतर्गत कुल 13 हजार 814 बसावटों में 16 हजार 652 किमी सड़क अनजुटे पाए गए। जिसमें अबतक कुल 5033 बसावटों में 1344 बसावटों को पक्की बारहमासी सड़कों से जोड़ा जा चुका है। इन सड़कों की कुल लंबाई 1486.71 किमी है।

**इन जिलों की छोटी आबादी वाले टोलों को मिली है सर्वाधिक सड़क संपर्कता**

*जिला बसावटों की संख्या सड़क की लंबाइ (किमी में)*

कैमूर 147 128.59 – औरंगाबाद –137 139.59
पूर्वी चंपारण – 121 196.72 – गयाजी 69 96.97

## डबल मर्डर : अररिया में युवक की गोली मारकर हत्या, आरोपित को जिंदा जलाया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** बिहार के अररिया जिले में जमीन विवाद को लेकर शुक्रवार देर रात खून से सनी वारदात हुई। भरगामा थाना क्षेत्र के धनेश्वरी गांव में पहले एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जिसके बाद गुस्साई भीड़ ने आरोपी को घर में जिंदा जला दिया। इस सनसनीखेज डबल मर्डर से पूरे इलाके में दहशत और तनाव का माहौल है।

**पहले गोली, फिर आग में मौत**

मृतकों की पहचान जय कुमार यादव और नयन यादव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पंचायत समिति सदस्य गुड्डू यादव के बालू और सीमेंट के डिपो में सो रहे जय कुमार यादव की रात करीब 2 बजे गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना का आरोप नयन यादव पर लगा। हत्या की खबर मिलते ही ग्रामीण भड़क गए और आरोपी नयन यादव के घर पर धावा बोल दिया। इस दौरान घर में आग लगा दी गई, जिसमें नयन यादव जिंदा जलकर मौत के हवाले हो गया।

**पुराना भूमि विवाद बना वजह**

स्थानीय लोगों के मुताबिक गुड्डू यादव और नयन यादव के बीच जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी रंजिश ने शुक्रवार रात डबल मर्डर का रूप ले लिया।

**पुलिस की कार्रवाई और जांच**

घटना की जानकारी मिलते ही भरगामा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। अररिया पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार ने बताया कि एफएसएल की टीम को जांच के लिए बुलाया गया है और साक्ष्य एकत्रित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जय कुमार यादव की गोली मारकर हत्या की गई, इसके बाद भीड़ ने नयन यादव को आग के हवाले कर दिया। हालांकि, पूरे मामले की गहन जांच जारी है।

## महिलाओं को सशक्त बनाने में नीतीश कुमार की पहल अनुकरणीय : डॉ. निर्मल कुशवाहा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**औरंगाबाद।** जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता और औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र के पूर्व प्रभारी डॉ. निर्मल कुशवाहा ने राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने में मील का पत्थर साबित होगी। डॉ. कुशवाहा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शिता और महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति उनके दृढ़ संकल्प की भी सराहना की। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत राज्य के हर परिवार की एक महिला को आर्थिक सहायता दी जाएगी। 1 सितंबर से प्रत्येक महिला को पहली किस्त के रूप में 10 हजार रुपये प्रदान किए जाएंगे, जबकि छह महीने बाद आकलन के बाद दो लाख रुपये की अतिरिक्त सहायता मिलेगी। ग्रामीण विकास विभाग इस योजना की पूरी निगरानी करेगा और जल्द ही मार्गदर्शिका भी जारी की जाएगी। डॉ. कुशवाहा ने बताया कि योजना के तहत महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री के लिए हाट बाजार की व्यवस्था भी की जाएगी। इसका उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर देना और उनके परिवार की आमदनी बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लगातार महिलाओं और बालिकाओं के लिए काम कर रही है। पंचायत और नगर निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने के परिणामस्वरूप आज 57 प्रतिशत पदों पर महिलाएं कार्यरत हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जीविका योजना के तहत अब तक 11 लाख स्वयं सहायता समूह बनाए जा चुके हैं, जिसमें 1.40 करोड़ महिलाएं शामिल हैं। डॉ. कुशवाहा ने कहा कि इस योजना से न केवल महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण होगा, बल्कि बिहार के भीतर रोजगार सृजन को भी बढ़ावा मिलेगा और महिलाओं को राज्य के बाहर रोजगार के लिए जाने

## सनकी पति ने तीसरी पत्नी को मार डाला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के रानीपुर बेला गांव में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां एक शख्स ने अपनी तीसरी पत्नी की हत्या कर दी। आरोपी पति प्रमोद पासवान घटना के बाद से फरार है। जानकारी के अनुसार, 26 अगस्त की रात प्रमोद पासवान ने अपनी पत्नी विभा देवी पर सोते समय खंती (लोहे का धारदार हथियार) से वार कर दिया। हमले में विभा बुरी तरह जख्मी हो गई। उस समय उसके पास उसका महज 17 दिन का दुधमुंहा बच्चा भी मौजूद था। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उसे पहले डीएमसीएच ले जाया गया, जहां से पटना रेफर कर दिया गया। गुरुवार देर शाम पटना के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान विभा ने दम तोड़ दिया। सदर थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

## हादसा : पुल निर्माण में देरी ने ली तीन मासूमों की जान

**चचरी पुल से नदी पार करते वक्त डूबे स्कूली बच्चे, दो भाई-बहन भी शामिल**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**छपरा।** बिहार के सारण जिले में सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। पुल निर्माण में हो रही लापरवाही तीन मासूमों की जिंदगी निगल गई। भेल्दी थाना क्षेत्र के लगनपुरा और यादवपुर गांव के बीच मही नदी पर बने अस्थायी चचरी पुल को पार करते समय तीन स्कूली छात्र-छात्राएं नदी की तेज धार में बह गए। स्थानीय लोगों ने बच्चों को बाहर निकाला और अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। इस घटना से पूरे इलाके में कोहराम मच गया है।

**लंबे समय से लटका पुल निर्माण**

ग्रामीणों के अनुसार मही नदी पर स्थायी पुल निर्माण का काम लंबे समय से अधर में लटका है। मजबूरी में लोगों को आवाजाही के लिए अस्थायी चचरी पुल का सहारा लेना पड़ता है। सोमवार की दोपहर यही चचरी पुल तीन बच्चों की मौत का कारण बन गया। हादसे ने ग्रामीणों के गुस्से को और बढ़ा दिया है।

**तीनों बच्चे स्कूल से लौटे थे**

मृतकों की पहचान लगनपुरा गांव निवासी मंसूर अली की 13 वर्षीय पुत्री शगुफ्ता खातून, 12 वर्षीय नूर आलम और नसीम अंसारी की 13 वर्षीय पुत्री शायरा बानो के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार तीनों बच्चे स्कूल से लौटने के बाद चॉकलेट खरीदने के लिए चचरी पुल पार कर रहे थे। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वे गहरे पानी में जा गिरे।

**एक-दूसरे को बचाने में गई जान**

चश्मदीदों के मुताबिक, एक बच्चा फिसलने पर बाकी दोनों उसे बचाने की कोशिश करने लगे, लेकिन तीनों ही तेज बहाव में डूब गए। ग्रामीणों ने तत्काल उन्हें बाहर निकाला और अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

**गांव में मातम, जांच के आदेश**

हादसे के बाद गांव में चीख-पुकार मच गई। मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। भेल्दी थाना प्रभारी हरेराम कुमार ने कहा कि "घटना की जांच शुरू कर दी गई है। दोषियों की पहचान होने पर कार्रवाई की जाएगी।" ग्रामीणों का आरोप है कि पुल निर्माण की अनदेखी और प्रशासनिक लापरवाही इस हादसे की असली वजह है।

## एक नजर

### एशिया कप हॉकी : दूसरे दिन बांग्लादेश और मलेशिया की धमाकेदार जीत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**राजगीर (बिहार)।** राजगीर में जारी हॉकी एशिया कप 2025 का रोमांच दूसरे दिन चरम पर रहा। शुक्रवार को खेले गए मुकाबलों में बांग्लादेश और मलेशिया ने शानदार जीत दर्ज कर टूर्नामेंट का उत्साह और बढ़ा दिया। लगातार गोलों की बरसात से दर्शक रोमांचित नजर आए। दिन के पहले मैच में बांग्लादेश ने आक्रामक खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे को 8-3 से मात दी। दूसरे मुकाबले में एशियाई हॉकी की दिग्गज टीम मलेशिया ने दक्षिण कोरिया पर 4-1 से जीत दर्ज की। मलेशिया की ओर से अकीमुल्लाह अनवर ने दो गोल किए, जबकि असराम और हमसानी ने एक-एक गोल दागा। कोरिया के लिए जियोन्हों जीन ने शुरुआती मिनट में गोल कर बढ़त दिलाई, लेकिन इसके बाद टीम गोल करने के कई मौके गंवा बैठी। धीरे-धीरे मैच पर पकड़ मजबूत करते हुए मलेशिया ने शानदार पासिंग और फिनिशिंग से मुकाबले पर कब्जा जमाया और अंत में आसान जीत हासिल की।

### एनएच -139 मौत का कुंआ बन चुका है : डॉ. सुरेश पासवान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. सुरेश पासवान ने शनिवार को कुटुम्बा प्रखंड में हुई सड़क दुर्घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए एनएच-139 को "मौत का कुंआ" करार दिया। जानकारी के अनुसार कुटुम्बा प्रखंड के किसुनपुर निवासी उपेंद्र मेहता की 18 वर्षीय पुत्री, जो इंटरमीडिएट की छात्रा थी, संडा गांव के समीप सड़क पार करते समय तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आ गई। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए और प्रशासन के खिलाफ आक्रोश जताते हुए हंगामा किया। डॉ. पासवान ने कहा कि एनएच-139 पर हर दिन हादसे हो रहे हैं और लोगों की जान जा रही है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि सुबह 6 बजे से शाम 8 बजे तक हाइवा वाहनों के परिचालन पर पूर्ण रोक लगाई जाए। साथ ही सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया जाए ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगे। उन्होंने मृतका के परिजनों को तत्काल 10 लाख मुआवजा देने की भी मांग की। डॉ. पासवान ने कहा कि अगर समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो लोगों का आक्रोश और बढ़ेगा और प्रशासन को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

## अमेरिका में आयोजित बिहार महोत्सव में आज याद किए जाएंगे महामाया बाबू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**एरलिंगटन (अमेरिका)।** अमेरिका के एरलिंगटन शहर में इस वर्ष बिहार महोत्सव का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया जा रहा है। ग्लोबल वॉयसेज इन वर्स सहित विभिन्न संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में हो रहे इस महोत्सव में आज पहली बार बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री महामाया प्रसाद सिन्हा पर केंद्रित विशेष व्याख्यान का आयोजन किया जा रहा है। धुरंधर सिंह मेमोरियल लेक्चर के अंतर्गत यह व्याख्यान लेखक एवं विचारक हरेन्द्र प्रताप सिंह देंगे। यह कार्यक्रम हाइब्रिड मोड में हो रहा है। इसमें एरलिंगटन में रह रहे बड़ी संख्या में बिहारी बुद्धिजीवी प्रत्यक्ष रूप से मौजूद हैं, वहीं भारत के विभिन्न राज्यों के साहित्यकार और विद्वान ऑनलाइन माध्यम से जुड़ रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक परमित सिंह ने बताया कि इस महोत्सव को लेकर अमेरिका में रह रहे प्रवासी बिहारी बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि महामाया बाबू को याद करने के साथ-साथ बिहार के प्रसिद्ध कवि गोपाल सिंह नेपाली, धुरंधर सिंह और कलक्टर सिंह केसरी जैसी साहित्यिक विभूतियों को भी उनकी रचनाओं के पाठ के माध्यम से श्रद्धांजलि दी जा रही है। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समी होंगे, जबकि मुख्य वक्ता हरेन्द्र प्रताप सिंह हैं। महोत्सव का विशेष आकर्षण दिल्ली की कवयित्री शुभम मिश्रा का भोजपुरी काव्यपाठ है। वे अपनी कविताओं के साथ-साथ कवि गोपाल सिंह नेपाली की रचनाओं को भी भोजपुरी में प्रस्तुत करेंगी। इनमें कर्नाटक की अनिता सिंह रूहानी, उत्तराखंड के कवि राजर्षि अरुण, बिहार की सुषमा और निभा झा, दिल्ली की प्रीतम मिश्रा और उत्तर प्रदेश के कवि देवाशीष प्रमुख हैं। कवि धुरंधर सिंह की रचनाओं का पाठ कर रहे परमित सिंह ने बताया कि उनकी संस्था अमेरिकी बुद्धिजीवियों के सहयोग से हर महीने कवि गोष्ठियों की श्रृंखला शुरू करने जा रही है।


पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग

बिहार सरकार

मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग
प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना - 2023



राज्य योजना के तहत "मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना-2023" द्वारा राज्य के अंदर अवस्थित सभी सरकारी एवं मान्यता प्राप्त गैर-सरकारी संस्थानों में प्रवेशिकोतर पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं को वित्तीय सहायता एवं समान अवसर प्रदान करने हेतु छात्रवृत्ति प्रदान किये जाने का प्रावधान किया गया है, जिससे वे अपने शिक्षा पूर्ण करने में समर्थ हो सकें।

**कार्यक्षेत्र:-**

योजना अंतर्गत ये छात्रवृत्तियाँ बिहार राज्य के स्थायी निवासी पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछडा वर्ग के पात्र छात्र/छात्राओं के लिए केवल राज्य के अंदर अवस्थित सभी सरकारी एवं मान्यता प्राप्त गैर सरकारी संस्थानों में प्रवेशिकोत्तर कक्षा में अध्ययन करने के लिए उपलब्ध होगी। राज्य के बाहर अवस्थित केन्द्रीय एवं अन्य मान्यता प्राप्त संस्थानों में अध्ययन करने वाले छात्र/छात्राएं बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

**अर्हता :-**

1. बिहार राज्य का स्थायी निवासी होना चाहिए।
2. आवेदक की जाति पिछड़ा वर्ग अथवा अत्यंत पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत होना चाहिए।
3. पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्रा जिनका स्वयं की आय सहित माता-पिता / अभिभावक की वार्षिक आय रु0 3,00,000/- मात्र से अधिक नहीं हो, इस स्कीम के तहत छात्रवृति के लिए पात्र होंगे।
4. आवेदक राज्य के अंदर अवस्थित सरकारी संस्थानों / मान्यता प्राप्त गैर-सरकारी संस्थानों में प्रवेशिकोत्तर पाठ्यक्रम में अध्ययनरत् हो।

**क्रियान्वयन एजेंसी:-** योजना का क्रियान्वयन शिक्षा विभाग, बिहार के माध्यम से किया जाएगा। क्रियान्वयन एजेंसी के द्वारा समयबद्ध कार्यक्रम के तहत छात्रवृत्ति भुगतान। DBT के माध्यम से राशि को सीधे लाभुकों के बैंक खाते में हस्तातंरण सुनिश्चित किया जाएगा।

विस्तृत जानकारी हेतु QR Code स्कैन करें

PR No.- 013094 (BC&EBC)D. 2025-26

**आवेदन की प्रक्रिया:-**

शैक्षणिक वर्ष 2024-25 हेतु PMS पोर्टल https://pmsonline.bihar.gov.in एवं मोबाइल ऐप" के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित करने हेतु दिनांक 25-08-2025 से 25-09-2025 तक तिथि निर्धारित की गई है।

# औषधियों को एकीकृत करने के लिए वैश्विक मंचों की वकालत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली/पटना।** ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने ब्रिक्स सीसीआई हेल्थकेयर समिट 2025 का सफल आयोजन किया। ब्रिक्स सीसीआई हेल्थकेयर वर्टिकल के अध्यक्ष और ब्रिक्स सीसीआई के कार्यकारी निदेशक (रणनीति) प्राण शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस ऐतिहासिक आयोजन ने आधुनिक स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के साथ औषधियों की पारंपरिक प्रणालियों के मेल की दिशा में बढ़ रही वैश्विक गति को रेखांकित किया। ब्रिजिंग ट्रेडिशन एंड इन्नोवेशन थीम के साथ इस समिट ने आधुनिक विज्ञान के साथ आयुष को एकीकृत करने में एक कीर्तिमान स्थापित किया जिससे वैश्विक स्वास्थ्य सुविधा गठबंधनों और भावी प्रणालियों के लिए मार्ग प्रशस्त हुआ। इस समिट में जाने माने अतिथियों की उपस्थिति दर्ज की गई जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में



लोकसभा सांसद अनुराग शर्मा और केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण राज्यमंत्री रामदास बी. अठावले ने अपने विचार रखे जबकि मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय आयुष मंत्रालय के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री प्रतापराव जाधव ने अपने अनुभव साझा किए। इस आयोजन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला द्वारा संबोधित एक एक्सक्लूसिव वीडियो भी चलाया गया। इस आयोजन में आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा, दक्षिण अफ्रीका उच्चायोग के उच्चायुक्त अनिल सुकलाल, भारत में रूसी महासंघ दूतावास के रोमन बाबुशकिन, भारत में सेशेल्स की उच्चायुक्त ललातियाना अकाउशे और ब्रिक्स वुमेन्स बिजनेस अलायंस दक्षिण अफ्रीका की राष्ट्रीय चेयरपर्सन लेबोगैंग जुलु जैसी प्रख्यात हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। केंद्रीय आयुष मंत्रालय के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप आयुष हमारी विरासत है और एक समावेशी वैश्विक स्वास्थ्य प्रणाली का आधार है जो आधुनिक विज्ञान के साथ परंपरा को जोड़ता है। लोकसभा सांसद अनुराग शर्मा ने कहा औषधियों की पारंपरिक प्रणालियों के लिए क्लिनिकल ट्रायल की जरूरत है क्योंकि लंबे समय से इनके उपयोग और साक्ष्य आधारित परिणाम पहले से ही इनके प्रभाव को वैधता प्रदान करते हैं। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए ब्रिक्स सीसीआई के को-चेयरमैन और महानिदेशक डाक्टर बीबीएल मधुकर ने स्वास्थ्य क्षेत्र में नवप्रवर्तन को आगे बढ़ाने की इस चैंबर की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा हेल्थकेयर एक ऐसा क्षेत्र है जो शिक्षा, पर्यावरण और सांस्कृतिक पहचान सहित समाज के प्रत्येक पहलू को स्पर्श करता है। ब्रिक्स सीसीआई हेल्थकेयर वर्टिकल के अध्यक्ष और ब्रिक्स सीसीआई के कार्यकारी निदेशक (रणनीति) प्राण शर्मा ने कहा हम पहले से ही वैश्विक रुख में बदलाव देख रहे हैं जहां लोग सिंथेटिक और केमिकल आधारित उत्पादों से दूरी बनाते हुए प्राकृतिक, सुरक्षित और टिकाऊ विकल्पों की ओर रुख कर रहे हैं। समिट को संबोधित करते हुए ब्रिक्स सीसीआई के वाइस चेयरमैन समीप शास्त्री ने कहा आयुर्वेद और अन्य परंपरागत प्रणालियां आज भी महत्वपूर्ण बनी हुई हैं खासकर जब स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच बढ़ाने के लिए आधुनिक विज्ञान के साथ इसका मेल कराया जाता है। इस समिट में रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, बेलारूस, ईरान, सेशेल्स सहित अन्य देशों के दूतावासों से राजनयिक भी शामिल हुए। समिट में आयुष मंत्रालय के सलाहकार डाक्टर कौस्तुभ उपाध्याय, चीनी दूतावास की द्वितीय सचिव सुन बो, जीना सीखो लाइफकेयर लिमिटेड के संस्थापक आचार्य मनीष जी, औरिक के संस्थापक दीपक अग्रवाल, फार्माडॉक्स एलएलसी के सीईओ दर्शित जोशी, रेडक्लिफ लैब्स के चीफ बिनजेस ऑफिसर अभय सिंघवी, पैथकाइंड डायग्नोस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड के लैब निदेशक- नेशनल रेफरेंस लैब, हेड- मॉलेक्यूलर बायोलॉजी एंड साइटोजेनेटिक्स डाक्टर सृजन दत्त, शेरिल लैबोरेटरीज के सीईओ डाक्टर कीर्ति सोनी, ट्रूसोल प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक ऋषि राज शर्मा, धनवंतरी फार्मा की सीटीओ सुश्री आकांक्षा भार्गव, साइक्लॉजिस्ट के ग्लोबल एडवाइजर, आयुर्वेदिक प्रैक्टिशनर एवं शोधकर्ता डाक्टर नवदीप शर्मा और सेवेन सीज़ वेलनेस के संस्थापक एवं सीईओ डाक्टर अर्पित शर्मा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## मौलाना मजहरुल हक अरबी फारसी विश्वविद्यालय में दो दिवसीय खेल महोत्सव का समापन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 'एक घंटा, खेल के मैदान में' थीम के अंतर्गत मौलाना मजहरुल हक अरबी फारसी विश्वविद्यालय में पहली बार आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का भव्य समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ मो. आलमगीर तथा कुलसचिव प्रो. अनवारूल हक अंसारी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक और विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डॉ निखिल आनंद गिरि ने बताया कि इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधीन सभी कॉलेजों से प्रविष्टियां आमंत्रित की गई थीं जिनमें दौड़, बैडमिंटन, कैरम, शतरंज, लूडो आदि खेल प्रतियोगिताओं में सैकड़ों खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और कुलपति ने विश्वविद्यालय में खेलकूद को और बढ़ावा देने के उद्देश्य से नए स्पोर्ट्स रूम का भी उद्घाटन किया। अपने संबोधन में कुलपति मो आलमगीर ने कहा कि यह खेल महोत्सव पहली बार होना ऐतिहासिक रहा और आगे भी खेल और अन्य गतिविधियों का आयोजन बड़े पैमाने पर किया जाएगा। धन्यवाद ज्ञापन फारसी विभाग के प्रमुख डॉ मो जमशेद आलम ने किया। इस अवसर पर अलग-अलग बीएड कॉलेज के प्राचार्य, शिक्षक, विश्वविद्यालय संकाय अध्यक्ष, सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी और अलग अलग संस्थानों से आए सैकड़ों छात्र उपस्थित रहे।

## शिक्षा विभाग ने डीइओ को 6 बिन्दुओं का पालन करने का दिया निर्देश

### शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव ने सभी डीईओ को लिखा पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** शिक्षा विभाग ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के निर्देशों का सख्ती से पालन करने का आदेश जारी किया है। अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने इस संबंध में सभी डीइओ को पत्र लिखकर 6 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है। पत्र में कहा गया है कि विभाग की ओर से प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए जाते हैं। परंतु 26 अगस्त की समीक्षा में पाया गया कि कुछ जिले इन निर्देशों के अनुपालन में लापरवाही बरत रहे हैं। इसके बाद विभाग ने एक सप्ताह के भीतर इनका अनुपालन सुनिश्चित करने कहा है। प्राथमिक विद्यालयों में कम से कम 3 शिक्षक और मध्य विद्यालयों में कम से कम 5 शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। स्थानांतरित शिक्षकों का अंतिम वेतन पुर्जा (एलपीसी) इन और आउट तुरंत पूरा करें। साथ ही, टीआरई-1, 2, 3 के तहत चयनित विद्यालय अध्यापकों, सक्षमता उत्तीर्ण विशिष्ट शिक्षकों, प्रधानाध्यापकों और प्रधान शिक्षकों का वेतन भुगतान को अपडेट किया जाए। विद्यालयों का नियमित निरीक्षण हो। कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से निगरानी में फोन न उठाने और फोटोग्राफ अपलोड न करने वाले प्रधान शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों के खिलाफ कार्रवाई करें। ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर शिक्षकों की ओर से दायर परिवाद पत्रों का तुरंत निष्पादन किया जाए। और विभागीय कार्रवाईयों का तुरंत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

## अंकोरहा, डिहरी ऑन-सोन और बड़की सलैया में चार ट्रेनों के ठहराव को मंजूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** भारतीय रेल मंत्रालय ने चार ट्रेनों के नए ठहराव की मंजूरी दे दी है। इस निर्णय के तहत नई दिल्ली-हमसफर एक्सप्रेस को डिहरी ऑन सोन स्टेशन पर रुकने की अनुमति दी गई है। इसके अलावा रांची-वाराणसी एक्सप्रेस और सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस को प्रायोगिक तौर पर अंकुरहा स्टेशन पर ठहराव मिलेगा। वहीं रांची-वाराणसी एक्सप्रेस को बड़की सलैया रेलवे स्टेशन पर रुकने की अनुमति दी गई है। रेलवे बोर्ड के संयुक्त निदेशक राजेश कुमार ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि यह ठहराव प्रायोगिक तौर पर लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि परीक्षण सफल होने पर इसे स्थायी रूप से लागू किया जाएगा। इस कदम से यात्रियों को स्थानीय रेलवे स्टेशनों पर सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिलेगा और यात्रीगण अपनी यात्रा के दौरान कम समय में ट्रेन पकड़ सकेंगे।

## सहकारिता विभाग आयोजित करेगा कार्यपालक सहायकों के लिए सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार के सहकारिता विभाग की ओर से प्रखंड स्तर पर पदस्थापित कार्यपालक सहायकों के लिए तीन दिवसीय ईआरपी (उद्यम संसाधन नियोजन) सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 2 सितम्बर 2025 से 27 सितम्बर 2025 तक सात चरणों में पटना स्थित दीप नारायण सिंह क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान में होगा। सूत्रों के अनुसार प्रशिक्षण का संचालन च्वाइस कंसल्टेंसी प्रा. लि.द्वारा किया जाएगा। पहले चरण का प्रशिक्षण 2 से 4 सितम्बर तक होगा। प्रत्येक चरण में औसतन 30 कार्यपालक सहायक भाग लेंगे। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को ईआरपी सॉफ्टवेयर की कार्यप्रणाली, आंकड़ा प्रबंधन, पारदर्शिता और जवाबदेही से जुड़े पहलुओं पर विशेष जानकारी दी जाएगी। सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार में पैक्स कम्प्यूटरीकरण योजना को दक्षता और पारदर्शिता के साथ लागू करना विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण से कार्यपालक सहायकों को तकनीकी रूप से और अधिक सक्षम बनाया जाएगा जिससे किसानों और ग्रामीण समाज को बेहतर सेवाएं मिल सकें। हमें विश्वास है कि पैक्स प्रणाली और अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनेगी। इस प्रशिक्षण सत्र का उद्देश्य कार्यपालक सहायकों को कम्प्यूटरीकरण संबंधी तकनीकी दक्षता प्रदान करना है। ताकि वे अपने-अपने प्रखंडों में पैक्स कम्प्यूटरीकरण योजना को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू कर सकें।

## विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर वृद्धजनों के लिए निःशुल्क जांच शिविर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर नारायण इंस्टिट्यूट ऑफ एलाइड हेल्थ साइंसेज के फिजियोथेरेपी विभाग द्वारा नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सहयोग से वृद्ध मरीजों के लिए एक निःशुल्क फिजियोथेरेपी जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर पहली सितम्बर से तीन सितम्बर 2025 तक प्रतिदिन प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक फिजियोथेरेपी विभाग, नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में आयोजित होगा। इस विशेष अवसर पर आयोजित शिविर का मुख्य उद्देश्य वृद्धजनों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें सही दिशा में फिजियोथेरेपी परामर्श प्रदान करना है। बढ़ती उम्र के साथ लोगों में जोड़ों का दर्द, गठिया, हड्डियों की कमजोरी, हड्डी टूटने के बाद की समस्याएं, नसों की बीमारियां, स्ट्रोक के बाद की जटिलताएं, चलने-फिरने में कठिनाई तथा रीढ़ से संबंधित समस्याएं आम होती जा रही हैं। ऐसे में समय रहते उचित फिजियोथेरेपी उपचार से न केवल इन रोगों में राहत मिलती है, बल्कि जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार होता है। फिजियोथेरेपी विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सकों व अनुभवी शिक्षकों की टीम इस शिविर में उपस्थित रहेगी। यहां आने वाले वृद्धजन निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, व्यक्तिगत परामर्श एवं आवश्यकतानुसार एक्सरसाइज, जीवनशैली संबंधी सुझाव और उपचार संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। यह शिविर उन सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होगा जो नियमित उपचार के अभाव में अपने स्वास्थ्य संबंधी कष्ट झेल रहे हैं। वृद्धावस्था में अच्छी जीवनशैली और नियमित फिजियोथेरेपी से जीवन को अधिक सक्रिय और स्वस्थ बनाया जा सकता है।

हमारा प्रयास है कि इस शिविर के माध्यम से अधिक से अधिक बुजुर्गों को लाभान्वित किया जाए और उन्हें स्वास्थ्य सुधार के लिए सही मार्गदर्शन दिया जा सके। नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल प्रबंधन ने सभी वृद्ध मरीजों एवं उनके परिजनों से अपील की है कि वे इस निःशुल्क शिविर का लाभ उठाएं और अपने स्वास्थ्य की जांच अवश्य कराएं।

# 'वोटर अधिकार यात्रा' में अखिलेश यादव की एंट्री

### बिहार से शुरू हुई 'वोटर अधिकार यात्रा' की क्रांति पूरे देश में फैलेगी : राहुल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने 'वोट चोरी' को देशवासियों के अधिकार और भविष्य की भी चोरी बताते हुए कहा कि बिहार से शुरू हुई 'वोटर अधिकार यात्रा' की क्रांति अब पूरे देश में फैलने जा रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी 'वोटर अधिकार यात्रा' के 14वें दिन शनिवार को बिहार के आरा में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, राजद नेता तेजस्वी यादव, कांग्रेस के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल, सीपीआई (एमएल) महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, वीआईपी संस्थापक मुकेश सहनी



और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के साथ विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व यात्रा के दौरान खुली जीप में सवार राहुल गांधी को देखने के लिए हर जगह हजारों लोग घंटों सड़कों पर इंतजार करते रहे। स्थानीय लोगों ने गर्मजोशी दिखाते हुए फूलों की वर्षा के साथ यात्रा का स्वागत किया। नजारा ऐसा था कि सड़कों पर पैर रखने तक की जगह नहीं थी। छोटे-छोटे बच्चे भी 'वोट चोर, गद्दी छोड़' के नारे लगा रहे थे। राहुल गांधी ने वोट चोरी के जरिए संविधान पर किए जा रहे आक्रमण को लेकर भाजपा और चुनाव आयोग को पूरजोर तरीके से घेरा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव के साथ-साथ महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव भी चोरी किए। उन्होंने एसआईआर का जिक्र करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन बिहार में वोट चोरी नहीं होने देगा।

यात्रा को मिल रहे भारी जनसमर्थन से उत्साहित वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि बिहार से क्रांति शुरू होती है और जनता ने दिखाया कि इस बार भी बिहार से ही 'वोटर अधिकार यात्रा' की क्रांति शुरू हुई और अब यह पूरे देश में फैलने जा रही है। लोगों के भारी हुजूम के बीच राहुल गांधी ने कहा कि यह सरकार पब्लिक सेक्टर का निजीकरण करके और अग्निवीर जैसी योजनाएं लाकर युवाओं से अवसर छीन रही है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार अडानी-अंबानी की सरकार है। इसीलिए वह चाहती है कि गरीबों की आवाज देश में न सुनी जाए। लेकिन इंडिया गठबंधन ऐसा नहीं होने देगा। पूरे देश में गरीबों की आवाज गूंजेगी और सुनी जाएगी।

## भ्रष्टाचार के मामले में बीमा कर्मियों को सश्रम कारावास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** केंद्रीय जांच ब्यूरो पटना की एक विशेष अदालत ने धोखाधड़ी, जालसाजी एवं भ्रष्टाचार के मामले में आज एक बीमा कंपनी के सहायक लेखाकार और एक सर्वेयर को एक-एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा के साथ 22500 रूपए तक का जुर्माना भी किया। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश अविनाश कुमार ने मामले में सुनवाई के बाद ओरिएंटल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड सहरसा के तत्कालीन सहायक लेखाकार अशोक कुमार और सर्वेयर राजीव कुमार को भारतीय दंड विधान और भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की विभिन्न धाराओं में दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। अदालत ने सहायक लेखाकार अशोक कुमार को एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा के साथ 22500 रुपए का जुर्माना किया है। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर दोषी को एक माह के कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी। दूसरी ओर अदालत ने सर्वेयर राजीव कुमार को एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा के साथ 17500 रुपए का जुर्माना किया है। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर इस दोषी को भी एक माह के कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी। मामला वर्ष 2006 का था। आरोप के अनुसार दोषियों ने धोखाधड़ी, जालसाजी एवं भ्रष्टाचार पूर्वक अपने पद का दुरुपयोग करते हुए बीमा की राशि निर्गत कर बीमा कंपनी को नुकसान पहुंचाया था।

## देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में आज बी.एड. एवं डी.एल.एड. सत्र (2023-25) के प्रशिक्षुओं के सम्मान में भव्य विदाई समारोह एवं फेयरवेल पार्टी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर सत्र (2024-26) के प्रशिक्षुओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और विविध रोचक खेलों के माध्यम से अपने वरिष्ठ साथियों को विदाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन और पुष्पार्पण से हुआ। बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि सहगामी गतिविधियां व्यक्तित्व को निखारती हैं, इसलिए इस संस्थान में इन्हें विशेष महत्व



दिया जाता है। आप सभी जीवनभर इस संस्था से जुड़े रहें। समारोह में मिस्टर फेयरवेल एवं मिस फेयरवेल के रूप में क्रमशः बी.एड. के राजबिहारी सिंह एवं निशु कुमारी तथा डी.एल.एड. के रौशन कुमार एवं खुशी कुमारी को सम्मानित किया गया। प्रथम रनर-अप (बी.एड.) – दिनेश कुमार एवं प्रिया कुमारी, प्रथम रनर-अप (डी.एल.एड.) – अमरजीत कुमार एवं स्वाति कुमारी, द्वितीय रनर-अप (बी.एड.) – आशीष कुमार एवं बेबी कुमारी, द्वितीय रनर-अप (डी.एल.एड.) – हरिकिशोर एवं ईशिका, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. मृदुला प्रकाश (निदेशक-शिक्षा, संस्कृति एवं संग्रहालय), नीरज सिन्हा (वित्त मंत्री), महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पूनम वर्मा, संयुक्त सचिव अवधेश के. नारायण, ए.आई.सी. के सी.ओ.ओ. प्रमोद कर्ण सहित सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे। फन गेम का संचालन पुष्पांजलि एवं काजल ने किया जबकि रेहाना एवं टिवंकल ने पूरे समारोह का प्रभावी मंच संचालन किया। कार्यक्रम के अंत में सहायक प्रोफेसर डॉ. चंद्रकांत आर्य ने सभी आगत अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## मिजोरम की समृद्धि, समावेशन और अवसर का प्रतीक बनी बैराबी-सैरांग रेल लाइन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोलकाता/नयी दिल्ली।** मिजोरम के लिए ऐतिहासिक क्षण आया है। 8,000 करोड़ की लागत से तैयार 51.38 किमी लंबी बैराबी-सैरांग रेल लाइन ने राज्य को राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क से जोड़ दिया है। 45 सुरंगों और 153 पुलों से गुजरती यह लाइन देश के दूसरे सबसे ऊंचे पियर ब्रिज (114 मीटर, कुतुब मीनार से ऊंचा) को भी समेटे हुए है। अब सिलचर-आइजोल की यात्रा सात घंटे से घटकर महज़ तीन घंटे में पूरी हो सकेगी। यात्री ट्रेनें 100 किमी प्रतिघंटा की गति से चलेंगी जिससे स्वास्थ्य, शिक्षा और व्यापार तक पहुंच सरल हो जाएगी। अनुमान है कि इस परियोजना से मिजोरम के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में हर साल 2-3% (लगभग 500-700 करोड़) की वृद्धि होगी। कृषि उपज जैसे बांस, मिर्च, अदरक, संतरा और अनानास अब राष्ट्रीय बाजारों तक कम लागत में पहुंच पाएंगे। परिवहन लागत में 30-40% कमी से ईंधन और सीमेंट जैसी वस्तुएं भी 10-20% सस्ती होंगी। पर्यटन को 40-50% बढ़ावा मिलने का अनुमान है जबकि निर्माण काल में हजारों रोजगार और भविष्य में 3,000-5,000 नए अवसर पैदा होंगे। मिजोरम के लिए यह रेल परियोजना केवल आर्थिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी क्रांतिकारी है।

## मनुष्य का सरल एवं सीधा स्वभाव ही आर्जव धर्म

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** दस दिवसीय दसलक्षण पर्व के तीसरे दिन आज पटना के मीठापुर, कदमकुआं, मुरादपुर, कमलदह मंदिर गुलजार बाग, काली बीबी का कटरा, गुरारा मंदिर सहित सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में उत्तम आर्जव धर्म की पूजा की गयी। सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में भगवान का अभिषेक एवं शान्तिधारा की गयी। जैन समाज के मुकेश जैन ने बताया कि गुरारा जैन मंदिर में शांतिधारा तिलक जैन एवं पुनीत जैन द्वारा किया गया। कालीबीबी कटरा मंदिर में शांतिधारा महेश जैन एवं कमल पाटनी ने किया। कमलदह मंदिर में सोनू जैन ने बताया कि सुनील छाबड़ा, सुनील जैन एवं अन्य द्वारा पर्यूषण पर्व की पूजा की जा रही है। मीठापुर जैन मंदिर में मुन्ना पंडित



द्वारा पर्यूषण पर्व की पूजा करवाई जा रही है। कदमकुआं स्थित श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में दसलक्षण पर्व पंडित मनीष जैन शास्त्री के सानिध्य में सम्पन्न हो रहा है। साथ ही इस पूजा को संगीतमय बना रहे हैं फिरोजाबाद से पधारे संगीतकार सेंकी जैन एवं उनका ग्रुप मंत्री ज्ञान पाटनी ने बताया कि कदमकुआं स्थित श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में आज की शांतिधारा राजेन्द्र पाटनी एवं कमलेश छाबड़ा द्वारा किया गया। ब्रह्मचारी पंडित मनीष जैन शास्त्री ने श्रावकों को बताया कि पर्यूषण पर्व में आत्मा के दस स्वभाव पर कैसे विजय पाया जाए इसी को बताया जाता है। पर्युषण पर्व का तृतीय दिवस 'उत्तम आर्जव' नामक दिवस है जो अहंकार पर विजय प्राप्त करने की कला को समझने एवं सीखने का दिन होता है जो खुद को सरल रहने को कहता है।

## एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने पांच हजार व्यक्तियों को किया प्रभावित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** हॉकी के दिग्गज मेजर ध्यानचंद के सम्मान में मनाए जाने वाले राष्ट्रीय खेल दिवस पर, एचडीएफसी बैंक परिवर्तन प्रेरणा और उत्थान के लिए खेल की शक्ति का जश्न मना रहा है। बैंक की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल 38 महिला एथलीटों को उनके सपनों को साकार करने में मदद के साथ-साथ स्थानीय खेल सुविधाओं में सुधार और अधिक युवाओं को खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। बैंक अब तक खेलों के माध्यम से 5000 से अधिक व्यक्तियों को प्रभावित कर चुका है। एचडीएफसी बैंक ने गोस्पोर्ट्स फाउंडेशन के साथ अपनी साझेदारी के माध्यम से महिला एथलीटों को सशक्त बनाने के लिए 2022 में अनस्टॉपेबल - करके दिखाऊंगी (यूकेडी) कार्यक्रम शुरू किया। यूकेडी कार्यक्रम ने 2022 में अपनी शुरुआत के बाद से छह खेलों में 38 महिला एथलीटों को सहायता प्रदान की है- भारोत्तोलन, एथलेटिक्स, तैराकी, बैडमिंटन, तीरंदाजी और टेबल टेनिस। इन एथलीटों ने सामूहिक रूप से उल्लेखनीय सफलता हासिल की है और 97 स्वर्ण, 56 रजत और 51 कांस्य सहित कुल 204 पदक जीते हैं। इनमें से 36 पदक अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अर्जित किए गए जिससे उनकी वैश्विक क्षमता का प्रदर्शन हुआ। प्रशिक्षण, खेल विज्ञान शिक्षा, प्रतियोगिता अनुभव और वित्तीय सहायता जैसे समग्र समर्थन प्रदान करके, यह कार्यक्रम बाधाओं को तोड़ने और भारतीय खेलों में महिला रोल मॉडल की एक नई पीढ़ी का निर्माण करने का प्रयास कर रहा है।

## जन वितरण प्रणाली को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने के लिए राज्यव्यापी निरीक्षण अभियान प्रारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने जन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्यव्यापी निरीक्षण अभियान की शुरूआत की है। इस संदर्भ में प्रधान सचिव पंकज कुमार ने सभी जिला पदाधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि राज्य के प्रत्येक जन वितरण प्रणाली दुकान का अनिवार्य रूप से निरीक्षण किया जाए ताकि पात्र लाभुकों को निर्धारित मात्रा एवं गुणवत्तायुक्त खाद्यान्न ससमय मिलना सुनिश्चित हो सके। आपूर्ति से जुड़े सभी पदाधिकारी-उप निदेशक (खाद्य), अपर जिला दंडाधिकारी (आपूर्ति), जिला आपूर्ति पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी, पणन पदाधिकारी एवं आपूर्ति निरीक्षक अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर लगभग 3617 जन वितरण दुकानों की मोबाइल ऐप के माध्यम से विशेष सघन निरीक्षण किया गया। इसके बाद 2 सितम्बर से 9 सितम्बर 2025 तक राज्य के प्रत्येक जिले की अब शेष सभी जन वितरण प्रणाली दुकानों का क्रमवार और नियमित निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित बनाने के लिए राज्य के सभी जिलों के जिला आपूर्ति पदाधिकारियों को अपने संबंधित उप निदेशक (खाद्य) से समन्वय स्थापित कर जिले के सभी जन वितरण प्रणाली दुकानों का पंचायतवार रोस्टर तैयार करने का निर्देश दिया गया है। इसके अंतर्गत सभी पदाधिकारियों को प्रतिदिन कम से कम दो पंचायतों की सभी दुकानों का निरीक्षण अनिवार्य होगा। निरीक्षण के दौरान विशेष रूप से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि लाभुकों को सरकार द्वारा निर्धारित खाद्यान्न की मात्रा और गुणवत्ता पूरी तरह उपलब्ध हो रही है या नहीं, की जानकारी उपलब्ध हो सके।

# डीएम-एसपी ने की राजनीतिक दलों के साथ बैठक

## राजनीतिक दलों ने निर्वाचक सूची के गहन पुनरीक्षण में किए जा रहे कार्यों के प्रति संतोष व्यक्त किया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेश के आलोक में संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत किये जाने वाले कार्यों के संबंध में सभी राजनैतिक दलों से फिडबैक प्राप्त करने हेतु विशेष प्रेक्षक निर्वाचक सूची नजमुल होदा, भा0पु0से0 की अध्यक्षता में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, रोहतास एवं पुलिस अधीक्षक रोहतास की उपस्थिति में सभी राजनैतिक दलों के साथ बैठक डीआरडीए सभागार, सासाराम में आयोजित की गयी। विशेष प्रेक्षक द्वारा सभी उपस्थित राजनैतिक दलों से कहा गया कि भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में कृत कार्यों की गुणवत्ता जानने तथा आपकी बातों को निर्वाचन आयोग तक पहुंचाने हेतु उन्हें भेजा गया है। निर्वाचन मशीनरी में आपकी समस्याओं को स्थानीय स्तर पर निष्पादित कर दिया है। लगभग सभी निर्वाचकों का दस्तावेज जमा कर दिया गया है। उसके बाद भी कोई समस्या हो तो अपने विचार रख सकते है। सभी राजनीतिक दलों ने निर्वाचक सूची के गहन पुनरीक्षण में किए जा रहे कार्यों के प्रति संतोष व्यक्त किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गयी कि प्रारूप प्रकाशन सूची में दर्ज 2140273 निर्वाचकों में से 2139325 निर्वाचकों अर्थात 99.96 प्रतिशत निर्वाचकों का दस्तावेज अपलोड कर दिया गया है। शेष निर्वाचकों को नोटिस निर्गत किया गया है। जांच कराकर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। उनके द्वारा कहा गया कि प्रत्येक सप्ताह प्राप्त होने वाले दावा/आपत्ति के संबंध में सभी राजनीतिक दलों को सूचना दी जाती है। इस क्रम में 23.08.2025 से 29.08.2025 तक प्रात प्रपत्र 6-15875, प्रपत्र 7-375 एवं प्रपत्र 8-165 की सूची राजनीतिक दलों को उपलब्ध करायी गयी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण में लिंगानुपात तथा निर्वाचक जनसंख्या अनुपात में कमी आयी है। परंतु पुनरीक्षण कार्यक्रम के पूर्व एवं कार्यक्रम के पश्चात अभी तक लगभग 37000 प्रपत्र 6 प्राप्त हुए है जिनका निष्पादन किया जाना है। निष्पादन के पश्चात निर्वाचक लिंगानुपात एवं इपी रेशियो में अपेक्षित सुधार संभावित है। इसके अतिरिक्त 4273 प्रपत्र - 7 तथा 18584 प्रपत्र - 8 प्राप्त हुए है। विशेष प्रेक्षक ने उपस्थित सभी राजनैतिक दलों से जानकारी प्राप्त करनी चाहिए कि क्या इलेक्शन मशीनरी द्वारा किसी समुदाय, वर्ग, जाति, धर्म को टारगेट करके उनका नाम काटा गया है। स्थानीय स्तर पर कोई कमी रह गयी जिसका निदान नहीं हुआ। इस संबंध में सभी राजनैतिक दलों ने स्पष्टतः कहा कि इस तरह की कोई शिकायत किसी भी राजनीतिक दल को नहीं है। सभी की समस्याओं सुनी गई है एवं उन पर कार्रवाई भी की गयी है। बैठक में राष्ट्रीय जनता दल के जिलाध्यक्ष रामचन्द्र ठाकुर, बहुजन समाज पार्टी के विजय भारती, भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष प्रिन्स राज आम आदमी पार्टी के अरूण काशी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इण्डिया (मार्क्सिसिस्ट) के मो. सतार अंसारी, जनता दल (यूनाइटेड) के अलख निरंजन, राष्ट्रीय लोकसमता पार्टी के मनोज कुमार पासवान एवं कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इण्डिया के नंदकिशोर पासवान उपस्थित रहे।

# बिहार ग्रामीण बैंक ने शिविर लगा योजनाओं की दी जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**अकोढ़ीगोला।** डिहरी प्रखंड के पंचायत भवन दरिहट के प्रांगण में शनिवार को बिहार ग्रामीण बैंक दरिहट ने शिविर लगाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी। बैंक के शाखा प्रबंधक शरद कुमार मिश्रा ने बताया कि 31 दिसंबर 2016 तक के सभी खाता जिसमें केवाईसी नहीं दिया गया है। उसका केवाईसी कराना अनिवार्य है। अन्यथा उसके खाते से लेनदेन में परेशानी होगी।

वित्तीय समावेशक अधिकारी पप्पू कुमार ने बिहार ग्रामीण बैंक के जमा व बीमा योजना के बारे में लोगों को बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना के लाभ के बारे में विस्तार से बताया। लोगों को योजनाओं का लाभ उठाने की सलाह दी। वही सी एफ एल ट्रेनर गिरजा शंकर दुबे ने कहा कि जीविका समूह की महिलाएं बैंक योजनाओं के लाभ लेकर कई प्रकार के रोजगार कर रही है। वह अपने और परिवार के लोगों को स्वालंबी बना रही है। कहा कि जीविका समूह के महिलाओं को इसके लिए ट्रेनिंग दिया जाता है। मौके पर पूर्व मुखिया प्रमोद कुमार गुप्ता उर्फ कुंडल, सामाजिक कार्यकर्ता संजीव कुमार उर्फ गुड्डु, बहादुर चौधरी, सतार अंसारी, सुमित कुमार आदि मौजूद थे।

# बिजली कटौती से परेशान जनता ने कार्यपालक अभियंता को दिया ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डालमिया नगर के लोगों ने लगातार बिजली कटौती से त्रस्त होकर डालमियानगर के विद्युत कार्यालय में कार्यपालक अभियंता को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञात हो कि ऐसे तो डालमियानगर में आये दिन बिजली की समस्या बनी रहती है, पर पिछले कुछ दिनों से लगातार बिना कोई सूचना के बिजली की कटौती की जा रही है और कट गयी तो कब आये इसकी कोई जवाबदेही बिजलीकर्मियों की नहीं रहती। आप 24घंटे सेवा वाले नम्बर पर कॉल कर-कर के थक जायेंगे पर कोई बात नहीं करता, यहां तक कि जे. ई. साहब भी अपना फोन नहीं उठाते। इन सब समस्याओं को डालमियानगर की जनता ने एक सुर में अपनी बातों को कार्यपालक अभियंता के सामने रखी और मांग किया गया।

# भीम आर्मी सह आजाद समाज पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मिल मांग पत्र सौंपा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** भीम आर्मी सह आजाद समाज पार्टी कांशीराम का प्रतिनिधिमंडल किसानों के साथ चेनारी विधानसभा के प्रभारी अमित पासवान के नेतृत्व में जिलाधिकारी से मिल मांग पत्र सौंपा। अमित पासवान ने बताया कि चेनारी प्रखंड के वार्तालि, लांझी एवं चोरही के किसानों के साथ विस्तार से हर मुद्दे पर चर्चा हुई। जिसमें निम्नलिखित मांग पत्र है -भारतमाला एक्सप्रेसवे में जिन किसान भाइयों का जमीन का अधिग्रहण किया गया है उन्हें उस मौजा के अनुसार वाजिब मुआवजा नहीं मिल रहा है। बिना कोई सूचनार्थ किए किसानों के खेत में लगे धान के फसल बुलडोजर से रौंदा जाना बेहद दुःखद और निंदनीय है। चेनारी प्रखंड के ग्राम चोरहीं, सहसी एवं वार्तालि में कुछ किसान को छोड़कर अब तक बहुत किसानों को मुआवजा नहीं दिया गया है। प्रशासनिक स्तर पर कैंप लगाकर किसान भाइयों की जमीन अधिग्रहण के सारे कागजात की प्रक्रिया में तेजी लाकर मुआवजा प्रदान करने के बाद ही कंस्ट्रक्शन का कार्य सुनिश्चित होनी चाहिए। वर्तालि गांव में शांतिपूर्ण तरीके से संबंधित पदाधिकारियों के समक्ष अपनी मांग रख रहे किसानों के साथ शिवसागर अंचलाधिकारी का रवैया बेहद शर्मनाक एवं तानाशाही वाला रहा जो प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह उठा रही है। चेनारी प्रखंड के वार्तालि में कंपनी एवं स्थानीय अंचलाधिकारी के द्वारा किसानों के ऊपर फर्जी एवं बेबुनियाद मुकदमें कर उनकी आवाज को कुचलना असंवैधानिक है।

# विशेष निर्वाचक सूची प्रेक्षक ने सियासी दलों के प्रतिनिधियों संग की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**भभुआ।** नजमुल होदा (भा.पु.से.), विशेष निर्वाचक सूची प्रेक्षक, भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा कैमूर जिला के सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय राजनैतिक दलों के जिलाध्यक्ष, सचिव, प्रतिनिधि के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 के संबंध में बैठक किया। विशेष निर्वाचक सूची प्रेक्षक द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण, 2025 के तहत विधान सभावार दस्तावेजों की अपलोडिंग के संबंध में जानकारी प्राप्त की गयी। साथ ही 01 से 28 अगस्त तक प्राप्त दावा/आपत्तियों की विवरणी से अवगत कराया गया। विशेष निर्वाचक सूची प्रेक्षक द्वारा बैठक में उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से शिकायत के बारे ने पृच्छा की गयी। तो राजद के प्रतिनिधि भोला सिंह यादव ने 206-चैनपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत के मतदान केन्द्र सं. 380 के टोला दिधार के लगभग 22 मतदाता के बाहर में रहने के कारण उनका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं होने के संबंध में बताया गया। विशेष निर्वाचक सूची प्रेक्षक द्वारा निदेशित किया गया कि संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-भूमि सुधार उप समाहर्ता, भभुआ से जांच कराकर विशेष निर्वाचक सूची प्रेक्षक द्वारा उपस्थित राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों (यथा-भाजपा, बसपा, कांग्रेस, जनता दल (यू), राजद, लोजपा, भाकपा (माले), भाकपा (मा.) से पूछा गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण में आपके मतदान केन्द्र स्तरीय एजेंट की सक्रियता की स्थिति क्या रही है। बैठक में जद (यू) के प्रखण्ड अध्यक्ष मनीष कुमार पटेल, राष्ट्रीय जनता दल के महासचिव भोलानाथ सिंह, बसपा के प्रतिनिधि संतोष कुमार, बीजेपी के प्रतिनिधि संतोष खरवार, लोक जन शक्ति पार्टी (रा.) के प्रतिनिधि गजेन्द्र गुप्ता, सीपीआई (एम) के प्रतिनिधि भीम सिंह, सीपीआई (एमएल) के प्रतिनिधि मोरध्वज सिंह, कांग्रेस के प्रतिनिधि इरशाद अहमद, राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के जिलाध्यक्ष हरि चौधरी, राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के प्रतिनिधि अजीत चौरसिया उपस्थित हुये।

# जदयू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष वर्मा का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर (कैमूर)।** कैमूर पहुंचे जदयू के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व आइएएस मनीष कुमार वर्मा का सर्किट हाउस में जिला जदयू अध्यक्ष अजय कुमार पटेल एवं मुख्य प्रवक्ता अतुल पटेल द्वारा पुष्प, गुच्छ, फोटो एवं बुके देकर सम्मानित किया। साथ ही जदयू कार्यकर्ता ने उनका स्वागत करते हुए उन्हें फूल माला से लाद दिया। पार्टी कार्यकर्ताओं का स्नेह पाकर गदगद हो गये। वर्मा ने उनके प्रति आभार जताते हुए कहा कि पिछली बार की तुलना में इस बार युवा कार्यकर्ता जोश से भरे हुए हैं जो मुझे काफी अच्छा लगा और आगे कहा कि पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव में जिले की सभी चार सीट पर जीत के लिए अभी से ही कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कड़ी मेहनत कर बिहार को विकसित बिहार बनाया है। मुख्यमंत्री का विकास हर क्षेत्र में दिखता है। एक आम आदमी को जो भी चाहिए चाहे वह सड़क हो, बिजली हो, पानी हो या फिर रहने के लिए पक्का मकान हो मुख्यमंत्री ने इन सब का ख्याल रखा है। हम लोगों के पास ऐसे नेता है जो सिर्फ विकास की बात करते हैं। उनके किए गए कार्यों के बदौलत इस बार 2025 के विधानसभा चुनाव में बिहार की जनता और तेज विकास के लिए डबल इंजन की सरकार को पुनः सत्ता में लायेगी और बिहार का मुख्यमंत्री फिर नीतीश कुमार को बनायेगी। इस दौरान जेडीयू मुख्य प्रवक्ता सुशील जायसवाल, भभुआ प्रखंड अध्यक्ष मनीष पटेल, मीडिया सेल राकेश पटेल, शिवशंकर शर्मा इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# शिक्षक अभिभावक गोष्ठी आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोचस।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी व खेल खेल में सीखना व सिखाना कार्यक्रम आयोजित की गयी जिसमें मध्य विद्यालय सरेंया, कोचस, नरवर भगीरथा, परसथुआ, सारोसेर, रेड़िया, कपसिया, शेख बहुआरा, अन्हारी समेत सभी विद्यालय में खेल-खेल में सीखना बच्चों को खेल के माध्यम से विभिन्न कौशल, ज्ञान और भावनात्मक समझ विकसित करने का एक प्रभावी तरीका है जहां बच्चे गतिविधियों का आनंद लेते हुए अनजाने में सीखते हैं। यह दृष्टिकोण शारीरिक, सामाजिक, भावनात्मक और संज्ञानात्मक विकास को बढ़ावा देता है जिससे बच्चे आलोचनात्मक सोच, सहयोग और समस्या-समाधान जैसे जीवन के लिए आवश्यक कौशल सीखते हैं। खेल से लाभ पर चर्चा की गयी जिसमें प्रमुख रूप से यह बच्चों के शारीरिक, सामाजिक-भावनात्मक, संज्ञानात्मक और भाषा कौशल के विकास में मदद करता है। खेल-आधारित गतिविधियां बच्चों को सीखने के लिए प्रेरित करती है और संलग्न रखती है जिससे उनकी रुचि बढ़ती है। समूह में खेलने से बच्चे अपनी जरूरतों को साझा करना, बारी-बारी से काम करना और विवादों को सुलझाना सीखाते हैं। मौके पर प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार तिवारी, विनोद सिंह, शेषनाथ कुमार, वीरेंद्र सिंह, निर्भय राय, श्रीराम जलज, वेंकटेश पाण्डेय, ओमप्रकाश गुप्ता, कृष्ण बिहारी सिंह, घूरफेकन चौधरी, दिनेश प्रसाद, जयराम पाल, राधेश्याम पाल, भरत सिंह, जयप्रकाश सिंह, अमित कुमार, कुमारी प्रियंका तिवारी, अमिता कुमारी आदि मौजूद थे।

# पेड़ पौधे पर ही मनुष्य और जीवों का जीवन आश्रित : आनंद सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** आर एस के पब्लिक स्कूल बस्तीपुर डिहरी के तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह के द्वारा मां के नाम वृक्ष लगाकर किया गया। भारत के राष्ट्रपति के द्वारा इस मुहिम को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह ने विद्यालय के सभी बच्चों को स्वच्छ पर्यावरण में वृक्षों के योगदान का महत्व बताते हुए कहा कि सभी बच्चे अपनी मां के नाम एक-एक वृक्ष लगाएं एवं अपनी मां की तरह उसे वृक्ष का मान-सम्मान तथा देखरेख करें। उन्होंने कहा कि वृक्ष ही जीवनदाता है। पेड़ पौधे पर ही मनुष्य और जीवों का जीवन चलता है। प्रकृति ने जो हमें ऑक्सीजन दिया वह कभी भेदभाव नहीं करता वहीं पेड़ पौधे भेदभाव नहीं करते सबको एक समान फल देते हैं। उन्होंने कहा कि एक पेड़ हर साल करीब 700 किलोग्राम ऑक्सीजन उत्सर्जन करता है। उन्होंने कहा कि एक सामान्य पेड़ साल भर में करीब 20 किलो धूल सोखता है तथा प्रति वर्ष 20 टन कार्बन डाइऑक्साइड को सोखता है। एक पेड़ हर साल करीब एक लाख वर्ग मीटर दूषित हवा फिल्टर करता है। उन्होंने कहा कि गर्मियों में एक बड़े पेड़ के नीचे औसतन चार डिग्री तक तापमान कम रहता है। आज जो तापमान तीव्र गति से वृद्धि हो रही है इसका कारण है पेड़ की कटाई होना। हर साल लाखों पेड़ कट रहे हैं। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप लोग भी एक पेड़ अवश्य लगाएं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, राज नारायण सिंह, शिक्षक एवं सभी विद्यार्थियों ने उत्साहित होकर भागीदारी दी और सबने निश्चय किया कि अपनी मां के नाम एक वृक्ष लगाकर प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों को पूरा करेंगे।

# किशोर न्याय के सदस्य बने अधिवक्ता भानु प्रकाश शुक्ला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भभुआ।** किशोर न्याय परिषद के न्यायालय में किशोर न्याय परिषद के सदस्य भानु प्रकाश शुक्ला ने शनिवार को प्रभार ग्रहण कर कामकाज चालू किया। किशोर न्याय परिषद में बोर्ड प्रधान मजिस्ट्रेट और दो सदस्य होते हैं जिसमें एक सदस्य का पद करीब डेढ़ साल से खाली चल रहा था। वर्तमान में प्रधान मजिस्ट्रेट सुनील दत्त, सदस्य साधना गुप्ता और भानु प्रकाश शुक्ला हैं। भानु प्रकाश शुक्ला अधिवक्ता के किशोर न्याय परिषद में सदस्य बनने पर जिला अधिवक्ता संघ भभुआ कैमूर के महासचिव मंटू पाण्डेय, सुनील कुमार तिवारी, जितेंद्र उपाध्याय, कमलेश पाण्डेय, पूर्व महासचिव गिरीश कुमार श्रीवास्तव, विद्या कुमार पाण्डेय, मुन्नन तिवारी, रजनीकांत शुक्ला, मंसूर खान, ऋषभ कुमार मौर्य, निसार अंसारी सहित काफी संख्या में अधिवक्ताओं ने बधाई दिया। भानु प्रकाश शुक्ला का किशोर न्यास परिषद कैमूर भभुआ में सदस्य के पद पर 29 अगस्त 2025 को पत्र जारी हुआ था।

# फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के बेलाव पुलिस ने फरार अभियुक्त के घर इश्तेहार चिपकाया। उपरोक्त प्रकरण के लिए बेलाव थाना के एस आई आकांक्षा कुमारी द्वारा गंगापुर गांव निवासी राहुल कुमार पिता शंकर राम के घर इश्तेहार चिपकाया। बेलाव थाना कांड संख्या 32/25 दिनांक 04/05/25 धारा(8सी)/21(ए) एनडीपीएस एक्ट 1985 के तहत आपराधिक मामला में भी नामजद अभियुक्त है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार दबिश दी जा रही है पर पुलिस की गिरफ्त में नहीं आने पर न्यायालय के निर्देश पर उक्त अभियुक्त के घर पर इश्तेहार चिपकाने की कार्रवाई की गई। निर्धारित समय सीमा के अंदर आरोपी पुलिस या न्यायालय के समक्ष पेश नहीं होता है तो अभियुक्त के खिलाफ कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जायेगी।

# 15 आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 15 आरोपितों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में लूट, हत्या के प्रयास, वारंटी, शराब तस्कर शामिल है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से 116 लीटर देशी बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में दो लाख दो हजार 500रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।

# टारगेटबॉल चैंपियनशिप में अमलतास निकेतन का शानदार प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी/ तिलौथू ।** रोहतास जिला टारगेटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में 30 अगस्त को शांति प्रसाद जैन महाविद्यालय, सासाराम (रोहतास) में प्रथम रोहतास जिला टारगेटबॉल चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया गया।

**सब जूनियर इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता**

इस वर्ग में अमलतास निकेतन तिलौथू के खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर ट्रॉफी अपने नाम की। खिलाड़ियों में अंशुमान, हिमांशु, सचिन, आकाश, शौर्य, विशाल और रजत ने शानदार खेल दिखाते हुए रोहतास टीम को 2-0 से हराया।

**जूनियर टारगेटबॉल प्रतियोगिता**

जूनियर वर्ग में अमलतास निकेतन की टीम ने सिवान के साथ कड़ा मुकाबला किया और 2-1 के अंतर से पराजित होकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस टीम में अभिषेक, अविनाश, अतीत, सत्यम, उज्ज्वल, रोहित और सनी ने उम्दा प्रदर्शन किया।

**प्रशिक्षकों का सराहनीय योगदान**

खेल प्रशिक्षक सुधाकर मिश्रा एवं त्रिलोक का पूरे आयोजन में सराहनीय सहयोग रहा।


**MAGADH DUGDH UTPADAK SAHKARI SANGH LIMITED**
**KATARI HILL ROAD, GAYA-823001**
**PHONE No.- +91 6287892663, Website- http://magadhmilkunion.in/**
FAX - 0631-2226379, E-Mail - gayadairygaya@yahoo.com/magadh.milkunion@gmail.com

## निविदा सूचना

मगध दुग्ध संघ, गया द्वारा बिहार राज्य अन्तर्गत गया-दाउदनगर, गया-औरंगाबाद, गया (बाईपास), जहानाबाद (मखदुमपुर-राजाबाजार), गया (स्टेशन एरिया), गया (चौक एरिया) राज्य अन्तर्गत सहित आसपास के क्षेत्रों के लिए वितरक सह परिवहन संवेदक की नियुक्ति हेतु निविदा सूचना।
मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, गया डेयरी द्वारा उत्पादित सुधा ब्रांड दूध, दूध उत्पाद एवं मिठाईयां को बिहार राज्य के अन्तर्गत उल्लेखित क्षेत्रों के लिए विपणन हेतु वितरण के लिए योग्य, सक्षम, अनुभवी वितरक सह परिवहन संवेदक की निम्नरूपेण आवयकता है।

| पथ का नाम | विपणन क्षेत्र | वर्तमान अनुमानित बिक्री | दुग्ध उत्पाद की बिक्री अनुमानित (रु.) | प्रति ट्रिप आना-जाना तय की गई अनुमानित दूरी (लगभग) | जमानत राशि | परिवहन हेतु गाड़ी की क्षमता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. दाउदनगर (गोह-जम्होर) | कोंच, गोह, हसपुरा, दाउदनगर, रफीगंज, ओबरा, जम्होर | 1500 ली0 (लगभग) | 30000/- | 280 कि.मी. | 250000/- | 3000 ली0 01 गाड़ी (Tata 407, 01 गाड़ी शहरी क्षेत्र में वितरण हेतु Ape, Piaggio या समकक्ष | सुबह आपूर्ति |
| 2. औरंगाबाद (चन्डी स्थान- नबीनगर) | चन्डी स्थान, आमस, बुधौल, मदनपुर, देव, शिवगंज, अम्बा, कुटुम्बा, नबीनगर, औरंगाबाद नगर परिषद, बारून | 3000 ली0 (लगभग) | 20000/- | 300 कि0मी0 | 300000/- | 4500 ली0 01 गाड़ी (Tata 407, 01 गाड़ी शहरी क्षेत्र में वितरण हेतु Ape, Piaggio या समकक्ष | सुबह आपूर्ति |
| 3. गया (बाईपास एयरपोर्ट) | केन्दुई, पंतनगर, घुघरीटांड, दण्डीबाग, बिपार्ड, सिकरीयामोड़, चापरदह, एयरपोर्ट एरिया, जेल प्रेस, शास्त्रीनगर, ए0पी0 कॉलोनी, मगध कॉलोनी | 2500 ली0 (लगभग) | 55000/- | 35 कि0मी0 | 350000/- | दो गाड़ी 1800 ली0 Tata Ace, Piaggio, या समकक्ष | सुबह और संध्या आपूर्ति |
| 4. जहानाबाद (मखदुमपुर-राजाबाजार) | मखदुमपुर, पाई बीघा, रतनी फरीदपुर, नेहालपुर, बबना, राजाबाजार | 1200 ली0 (लगभग) | 15000/- | 200 कि0मी0 | 150000/- | 01 गाड़ी 1800 ली0 (Tata Ace, Magic, 01 गाड़ी शहरी क्षेत्र में वितरण हेतु Ape, Piaggio या समकक्ष | सुबह और संध्या आपूर्ति |
| 5. गया (स्टेशन एरिया) | गांधी मैदान, फायर ब्रिगेड, बैरागी, रामधनपुर सब्जी मंडी, पिलग्रिम, बाटा मोड़, 01 नं. गुमटी | 3500 ली0 (लगभग) | 50000/- | 20 कि0मी0 | 400000/- | 01 गाड़ी 1800 ली0 (Tata Ace, Magic या समकक्ष | सुबह और संध्या आपूर्ति |
| 6.गया (चौक एरिया) | (दिग्घी तलाब, जिला स्कूल, केदारनाथ, एम0आई0 हॉल, टावर चौक, कोतवाली, किरानी घाट, पंचायती अखाड़ा, तुतवारी, रामशिला मोड़) | 3500 ली. (लगभग) | 50000/- | 20 कि0मी0 | 400000/- | 01 गाड़ी 1800 ली0 (Tata Ace, Magic या समकक्ष | सुबह और संध्या आपूर्ति |

इस कार्य हेतु जी0एस0टी0 पंजीकृत व्यक्ति या पार्टी जो आर्थिक रूप से सक्षम हो तथा आयकर पैन नं0 प्राप्त हो विहित प्रपत्र में निविदा दे सकते हैं। निविदा प्रपत्र रू. 1000.00 (एक हजार रुपया) मात्र नगद भुगतान पर मगध दुग्ध संघ, गया के कार्यालय से दिनांक-30.08.2025 से दिनांक-15.09.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है अथवा मगध दुग्ध संघ के वेबसाइट (magadhmilkunion.in) से दिनांक-30.08.2025 से दिनांक-15.09.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है। वेबसाइट से डाउनलोड किये जाने की स्थिति में संघ कार्यालय में निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 1000.00 ( एक हजार रुपये) मात्र संघ कार्यालय में नगद अथवा बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से प्री-क्वालिफिकेशन बीड के साथ जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा वैसी बिड को अस्वीकृत कर दिया जायेगा। निविदा के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश, प्री-क्वालिफिकेशन बीड एवं वित्तीय/प्राइस बीड के लिए आवेदन पत्र उपलब्ध होगा। पूर्णरूपेण भरे हुए निविदा को विहित आवेदन पत्र में गया डेयरी में दिनांक-17.09.2025 के अपराह्न 04:00 बजे तक हाथों हाथ/स्पीड पोस्ट/कूरियर द्वारा दो अलग-अलग मुहरबन्द लिफाफा में जिस पर प्री-क्वालिफिकेशन बिड एवं वित्तीय/प्राइस बिड अंकित होगा, को एक बड़े लिफाफे में भरकर वितरक सह परिवहन संवेदक चयन हेतु निविदा कार्य करने हेतु क्षेत्र का नाम एवं अंतिम तिथि का बड़े लिफाफे पर उल्लेख करते हुए भेजना होगा। निविदा दिनांक-19.09.2025 को प्रातः 11:00 बजे मगध दुग्ध संघ, गया के कार्यालय में खोला जायेगा जिसमें निविदादाता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।
अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये प्राप्त निविदाओं को पूर्ण या आंशिक रूप से रदद्/स्वीकार/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
विस्तृत जानकारी के लिए मगध दुग्ध संघ, गया डेयरी के पते और वेबसाइट पर एवं मोबाइल सं. 9264443658/9264430932 (10:00AM से 04:00 PM बजे तक) पर संपर्क किया जा सकता है।

प्रबंध निदेशक

# नवादा में विस आम निर्वाचन को लेकर सेक्टर पदाधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित



**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार नवादा में सेक्टर पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि यह लोकतंत्र का महापर्व है। इसे स्वच्छ, निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराना जिला प्रशासन की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनरों के द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में मतदान केंद्र प्रबंधन, निर्वाचन कार्यों के प्रति सतर्कता, आचार संहिता का पालन एवं निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव कराने की आवश्यक दिशा-निदेर्शों पर जोर दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन कार्य लोकतंत्र का सबसे बड़ा दायित्व है, जिसे पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ निर्वहन करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी अधिकारियों को समय पर चुनाव संबंधी कार्यो को पूर्ण तत्परता और जिम्मेदारी के साथ संपन्न करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के पश्चात उसकी प्रभावी निगरानी एवं अनुपालन सुनिश्चित करना सेक्टर पदाधिकारियों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्हें अपने आवंटित क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहकर राजनीतिक गतिविधियों पर पैनी नजर रखनी होगी। उन्होंने निर्देश दिया कि आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित प्रत्येक शिकायत का तत्काल सत्यापन एवं रिपोर्टिंग अनिवार्य है। अवैध पोस्टर, बैनर, होर्डिंग, प्रचार-प्रसार सामग्री, धनबल एवं बाहुबल का दुरुपयोग, मतदाताओं को प्रलोभन अथवा दबाव डालने जैसी गतिविधियों पर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। जिलाधिकारी ने लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि न्यूनतम वोटिंग वाले स्थलों की पहचान कर वहां विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाए। विशेषकर महादलित टोले एवं वंचित समुदायों में स्वीप गतिविधियों को तेज करने तथा अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सेक्टर पदाधिकारी का कार्य केवल मतदान केन्द्रों के भ्रमण तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें उन गांवों, टोलों, हैमलेट एवं सेगमेंट की पहचान भी करनी है जहां मतदाताओं को मतदान से रोकने, डराने, धमकाने अथवा प्रलोभन देने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने निर्देश दिया कि ऐसे संवेदनशील स्थलों की जानकारी तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएं ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने सभी सेक्टर पदाधिकारी को निर्देशित किया कि ईवीएम एवं वीवीपैट का मूवमेंट सदैव मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अभिरक्षा में ही किया जाएगा। सुरक्षित भंडारण हेतु स्ट्रॉन्ग रूम की व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी और त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था पर भी विशेष बल दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन कार्यों में तकनीकी दक्षता और पारदर्शिता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि औसतन 1200 मतदाताओं पर एक मतदान केंद्र (बूथ) निर्धारित किया गया है। प्रत्येक बूथ पर शुद्ध पेयजल, शौचालय, रैंप, बिजली आदि सभी आवश्यक आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी है। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया, मतदान सामग्री प्रबंधन, आचार संहिता पालन, मतदाता सहायता केंद्र की भूमिका तथा अन्य आवश्यक तकनीकी बिंदुओं पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। आज दिनांक 29.08.2025 को 235-रजौली, 236-हिसुआ तथा 237-नवादा विधान सभा क्षेत्रों के सेक्टर पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया तथा दिनांक 30.08.2025 को 238-गोविंदपुर एवं 239-वारिसलीगंज विधान सभा क्षेत्रों के सेक्टर पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर अपर समाहर्ता नवादा डॉ. अनिल कुमार तिवारी, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शंभु शरण पांडेय, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी वारिसलीगंज गौरव शंकर, नोडल पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग डॉ. राजकुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी महेश कुमार पासवान, मास्टर ट्रेनर संजय कुमार एवं बिरेन्द्र कुमार घोष आदि उपस्थित थे।

# दिन में बेचते थे खिलौने और रात में करते थे चोरी



**पकरीबरावां/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस ने अंतरजिला चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। गुरुवार की रात को आयोजित पीसी में पकरीबरावां के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राकेश कुमार भास्कर ने बताया कि पकरीबरावां, धमौल, हिसुआ, नेमदारगंज, रजौली थाना क्षेत्र में चोरी की लगातार बढ़ रही घटनाओं को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल ने सूचना संग्रह के आधार पर बुधवार रात को धमौल थाना के लक्ष्मीपुर एवं पकरीबरावां थाना के कचना मोड़ के पास से 15 लोगों को गिरफ्तार किया, जिसमें चार नाबालिग है। सभी ने चोरी की घटना में संलिप्तता स्वीकार की। गिरफ्तार लोगों के बताए गए स्थल से 56 अदद गहने एवं पेचकस, हथौड़ा आदि बरामद किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि यह गिरोह अंतरजिला चोर गिरोह है। शेखपुरा एवं जमुई में भी इनलोगों ने चोरी की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। एसडीपीओ ने बताया कि दिन में ये लोग खिलौने आदि बेचने के लिए गांव जाते थे और सुनसान घर को चिन्हित करते थे। रात को उसी घर को निशाना बनाते थे। इसके अलावा चोरी के लिए अन्य कई तरकीब अपनाते थे। इनलोगों ने कसार, शेखोपुरसराय, अरियरी आदि थाना क्षेत्र के गांवों में चोरी की घटना को अंजाम दिए हैं। पीसी में पुलिस निरीक्षक प्रशांत कुमार, पकरीबरावां थानाध्यक्ष रंजीत कुमार, धमौल थानाध्यक्ष हिमांशु पप्पू आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्यालयों में खेल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**पकरीबरावां/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** खेल दिवस के अवसर पर पकरीबरावां प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालयों में खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय अंजुनार में प्रधानाध्यापक डॉ. राजेश कुमार प्रभाकर की अध्यक्षता में विभिन्न प्रकार के खेल कार्यक्रम आयोजित की गई। खेल कार्यक्रम के आयोजन को ले छात्र- छात्राओं में काफी खुशी देखी गई। प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कचना, मध्य विद्यालय पकरीबरावां, मध्य विद्यालय पकरीबरावां, उत्क्रमित मध्य विद्यालय लीलो सहित अन्य विद्यालयों में खेल का आयोजन किया गया। प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी राहुल रंजन ने पूर्व में ही सभी प्रधानों को खेल गतिविधियों का आयोजन करते हुए ग्रुप में फोटो शेयर करने को कहा था। उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय अंजुनार में इस अवसर पर शिक्षक घनश्याम सिंह, सफदर हैदर, सुजीत कुमार, संजय पांडेय, सचिन कुमार, कपिलदेव कुमार, किरण यादव, पुतुल कुमारी, अर्चना कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।



### छात्र- छात्राओं की नाव दुर्घटना बचाव की मॉक ड्रिल

**पकरीबरावां/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पकरीबरावां प्रखण्ड के महंत रामधनपुरी इंटर विद्यालय बुधौली में सुरक्षित शनिवार के तहत बच्चों को विद्यालय के नोडल शिक्षक डॉ. रंजन आर्य के नेतृत्व में पानी में डूबने से बचाव एवं नाव दुर्घटना का पूर्वाभ्यास करा कर जानकारी दी। बताया गया कि नाव में चढ़ने से पहले निश्चित संख्या से अधिक भरी हुई नाव पर ना बैठे। जब बारिश हो रही हो तो नाव की यात्रा न करें। छोटे बच्चों को अकेले नाव की यात्रा न करने दे। जिस नाव पर जानवर ले जाये जा रहे हो, उसमें यात्रा न करें। टूटी-फूटी नाव पर सावरी ना करें, यह जानलेवा हो सकता है। जिस नाव पर जीवन रक्षा के लिए लाइफ जैकेट के साथ प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स आदि ठीक-ठाक से रखे हो उस नाव से यात्रा करें। नाव यात्रा के दौरान किसी तरह की जल्दबाजी न दिखाएं और नाविक के ऊपर किसी तरह का दबाव न डालें। सुरक्षित शनिवार में नाव दुर्घटना से संबंधित मॉक ड्रिल में दशम वर्ग की छात्रा अंजली कुमारी, सोनाली कुमारी, नेहा कुमारी, सलोनी कुमारी, कंचन कुमारी, प्रीति कुमारी, सिद्धार्थ कुमार शामिल हुए। मौके पर विद्यालय के शिक्षक अरविंद कुमार, अजीत कुमार, श्वेता कुमारी, डॉ विजय दास धीरज कुमार विश्वकर्मा विद्यानंद चौरसिया सहित अन्य उपस्थित थे।



### कांग्रेसियों ने फूंका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सतीश कुमार उर्फ मंटन सिंह की अध्यक्षता में नगर थाना के समीप देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला कांग्रेस जनों के द्वारा फूंका गया। इस मौके पर प्रभारी दिनेश गुर्जर भी शामिल हुए। कार्यक्रम के उपरांत प्रभारी दिनेश गुर्जर एवं जिला अध्यक्ष सतीश कुमार उर्फ मंटन सिंह ने बताया कि भाजपा के गुंडो द्वारा पटना स्थित सदाकत आश्रम में घुसकर तोड़फोड़ किया गया, हमारे नेता राहुल गांधी के पोस्टर फाड़े गए एवं पोस्टर जलाए भी गया। उन्होंने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गलत नीतियों का विरोध करते हुए जनता को अवगत कराने निकले हैं। इसी बात से बौखलाई भाजपा कार्यकताओं द्वारा इस तरह की घटना का अंजाम दिया गया, जो की पूरी तरह निंदनीय है। पुतला दहन कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राम नरेश सिंह, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष उपेंद्र सिंह, एजाज अली मुन्ना, अंजनी कुमार पप्पू, गोरेलाल सिंह, मनीष सिंह, सकलदेव सिंह, गायत्री देवी, मुखिया जी, अखिलेश सिंह, नवीन पासवान, जितेंद्र सिंह जीतू, अरविंद वारसी, मनोज यादव, अजीत, धनंजय, रंजीत एवं कृष्ण कुमार प्रभाकर भी शामिल हुए।



### सरपंच प्रवेश रविदास ने बीडीओ को आवेदन पत्र देकर की कचरे हटाकर सोलिंग करने की मांग

**नारदीगंज/नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजकीय बुनियादी विद्यालय नारदीगंज के समीप कचरे पसरा हुआ है। इस सम्बंध में सरपंच प्रवेश रविदास ने बीडीओ को आवेदन पत्र देकर उक्त स्थल पर से कचरे हटाकर सोलिंग करने की मांग किया है। कहा कि आये दिन उक्त स्थल पर लोग कचरे फेंकते हैं, मल मूत्र त्याग करते हैं। वातावरण प्रदूषित हो रहा है। बच्चे विद्यालय में पढ़ते हैं। इससे परेशानी बढ़ी हुई है। तत्कालीन बीडीओ ने उक्त स्थल पर से कचरे को हटाने में सकारात्मक पहल की थी, उन्होंने कहा चेतावनी भी दिये थे कि कचरे फेंकने वाले लोगों पर जुर्माना किया जाएगा। बावजूद हालत जस की तस बनी हुई है। ऐसे में उक्त स्थल पर से कचरे हटाकर सोलिंग कर वातावरण को प्रदूषित होने से बचाया जाय।

### मतदाताओं को दी गई ईवीएम की ट्रेनिंग

**पकरीबरावां/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पकरीबरावां प्रखण्ड के कई मतदान केंद्रों पर शनिवार को मतदाताओं को ईवीएम की ट्रेनिंग दी गई। इसी क्रम में पकरीबरावां प्रखण्ड की उत्तरी ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय सुदनपुर उर्दू मतदान केंद्र पर मतदाताओं को कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट एवं वीवीपैट की जानकारी दी गई। मतदाताओं को बताया गया कि मतदान करते समय वे देख सकते हैं कि जिनको वे मत दिए हैं, उन्हें मत पड़ा है या नहीं। मतदाताओं को ईवीएम से मतदान कराने का अभ्यास भी कराया गया। ईवीएम से मतदान का अभयास कर लोग काफी खुश दिखें। लोगों ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय सुदनपुर उर्दू में तीन मतदान केंद्र है।



# भाजपा कार्यकर्ताओं ने काली पट्टी लगाकर दर्ज किया विरोध

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।**

**देश की मांओं का अपमान- नहीं सहेगा हिन्दुस्तान।**

**किसी भी मां का हो अपमान- नहीं सहेगा हिन्दुस्तान।**



भारतीय जनता पार्टी के द्वारा नवादा नगर भवन में प्रतिकार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे सभी कार्यकर्ताओं ने काली पट्टी बांध कर विरोध दर्ज कराया। जिसकी अध्यक्षता निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजय कुमार मुन्ना, संचालन जिला के महामंत्री शैलेन्द्र शर्मा ने किया। प्रतिकार कार्यक्रम के संयोजक जिला के महामंत्री गौरव शांडिल्य गगन उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे बक्सर जिला प्रभारी अनिल स्वामी, जिला प्रभारी राजेश कुमार सिंह, हिसुआ के पूर्व विधायक अनिल सिंह, रजौली के पूर्व विधायक कन्हैया रजवार शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पीत कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजय कुमार मुन्ना ने अध्यक्षीय संबोधन से प्रतिकार कार्यक्रम का विषय प्रवेश किया। अनिल स्वामी ने कहा की देश के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिवंगत माताजी के प्रति दरभंगा में इनडी गठबंधन के कार्यक्रम में मंचासीन देश के युवराज राहुल गांधी एवं बिहार के युवराज तेजस्वी यादव के उपस्थिति में मंच से घृणित टिप्पणी किया है। इसकी जितनी निंदा की जाय कम है। महागठबंधन के नेताओं की घृणित मानसिकता से समस्त देश के माताओं का अपमान हुआ है। एक गरीब घर का बेटा, चाय बेचकर अपना जीवन बसर करने वाले ऐसा व्यक्ति भारतवासियों के आशीर्वाद से देश का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बना है। इन शहजादे को ये पच नहीं पा रहा है। पूर्व विधायक अनिल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्यो से ये लोग मुकाबला कर ही नहीं सकते तो गाली गलौज के भाषा पर आतुर हो गये है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 140 करोड़ देशवासियों के दिल में बसते है। यह अपमान जो महागठबंधन के नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के माता जी का किया है यह समस्त भारत के माताओं का अपमान है। आने वाले समय में बिहार की जनता, देश की जनता वोट के माध्यम से यह दोनों शहजादे को जवाब देने का काम करेगी। राजेश कुमार सिंह ने कहा की अब तेजस्वी यादव और राहुल गांधी की राजनीति तुष्टीकरण से गाली -गलौज और अपमान तक पहुँच गई है। असल में यही महाठगबंधन और इंडी अलायंस का असली चरित्र है,यही उनकी राजनीति क ट्रेनिंग है। कार्यक्रम के संयोजक गौरव शांडिल्य गगन ने कहा की राजद का चरित्र हमेशा से समाज में नफरत फैलाने वाला रहा है और कांग्रेस आज भी उसी रास्ते पर आँख मूँद कर चल पड़ी है।कांग्रेस यह भूल रही है कि यह लोकतंत्र है,ह्राजतंत्रह्व नहीं , जहां परिवारवाद के नाम पर जनता की आवाज दबाई जाए। इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेश वर्मा, विजय पांडेय, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष माधुरी वर्णवाल, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अफरोजा खातून, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अजीत शंकर, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मनोज सिंह, अतिपिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष सतीश चौहान, जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार भोली, प्रमोद चंद्रवंशी, तेजस सिन्हा, मुकेश कुमार, जिला कोषाध्यक्ष विश्वास कुमार बीसू, विधानसभा संयोजक कुंदन कुमार प्रभाकर, बिगन सिंह, बमबम सिंह, ज्योति सिंह, गौरी रानी, विमल राजवंशी, सरोज राजवंशी, सुरेश राजवंशी, उपेन्द्र राजवंशी, भोला राजवंशी, राहुल सिन्हा, मिडिया प्रभारी गुलशन कुमार, विकास सोलंकी, तपेश्वर सिंह, संतोष कुमार वर्मा, अवधेश कुशवाहा, राजेश शर्मा, रामबिलास वर्मा, सुजीत कुमार, भोला राजवंशी, शिवरानी केसरी सैकड़ों नवादा भाजपा परिवार उपस्थित थे।

## जैन धर्मावलंबियों ने लिया सरलता को आत्मसात करने का संकल्प

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पर्वराज पर्युषण के तीसरे दिन शनिवार को जैन धर्मावलंबियों ने श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ दशलक्षण धर्म के तृतीय स्वरूप उत्तम आर्जव धर्म की विशेष पूजा अर्चना की। प्रातःकालीन बेला में स्थानीय जैन श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर के मुख्य शिष्य श्री गौतम गणधर स्वामी की मोक्ष स्थली श्री गुणावां जी दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र पर सर्वप्रथम जिनेंद्र प्रभु का अभिषेक एवं शांति धारा कर विश्वशांति एवं प्राणिमात्र के कल्याण की मंगलकामना की। इसके पश्चात जैन धर्मावलंबियों ने पूरे विधि-विधान के साथ अष्टद्रव्य से देव शास्त्र गुरू पूजन, चौबीसी पूजन, षोडशकारण पूजन, पंचमेरू पूजन, दशलक्षण धर्म पूजन किया।



# तृतीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के बच्चों को एमएलसी ने किया पुरस्कृत

**रजौली के महादेव मोड़ में आयोजित शिक्षा उत्सव में क्विज प्रतियोगिता के मेधावी छात्रों को लैपटॉप, साइकिल और स्कूल बैग देकर किया गया सम्मानित**



**रजौली/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के रजौली पूर्वी पंचायत के मुखिया संजय यादव की पहल पर तृतीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। रजौली के महादेव मोड में आयोजित शिक्षा उत्सव कार्यक्रम में रजौली पूर्वी क्विज प्रतियोगिता में सफल पंचायत के मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के आधार पर लैपटॉप, साइकिल और स्कूल बैग देकर सम्मानित किया गया। मुखिया की इस शानदार पहल से पूरे क्षेत्र में शिक्षा के प्रति उत्साह और सकारात्मक माहौल देखने को मिला। सप्तर्षि डिग्री कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य दिनेश कुमार ने अंग वस्त्र व भाजपा के युवा प्रत्याशी अधिवक्ता दीपक रजक ने डॉ अंबेडकर का मोमेंटो देकर एमएलसी प्रोफेसर नवल किशोर यादव को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि एमएलसी प्रोफेसर नवल किशोर यादव व अजय कुमार सिंह ने क्विज प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र को लैपटॉप प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। इसके अलावा द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को 29 साइकिल प्रदान किया गया। वहीं क्विज प्रतियोगिता में तृतीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को 200 स्कूल बैग प्रदान किया गया। शिक्षा उत्सव कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों व लोगों को संबोधित करते हुए एमएलसी प्रो. नवल किशोर यादव ने कहा कि गांव की प्रतिभा ही देश की सच्ची शक्ति है। ग्रामीण अंचल के बच्चों में अपार क्षमता है। यदि इन्हें सही दिशा और संसाधन मिलें, तो वे न केवल गांव का बल्कि पूरे देश का नाम रोशन कर सकते है। प्रतियोगिता के आयोजक मुखिया संजय यादव ने कहा कि यह प्रतियोगिता केवल पुरस्कार देने का माध्यम नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के अंदर प्रतिस्पर्धा की भावना और नई ऊर्जा जगाने का प्रयास है। आने वाले समय में भी ऐसे आयोजन लगातार होते रहेंगे, ताकि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को उचित मंच मिल सके। वहीं मंच पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित बीडीओ संजीव कुमार झा, मनरेगा पीओ नीरज त्रिवेदी, राजद जिलाध्यक्ष उदय यादव, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रेणु सिंह, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी श्रवण कुमार, पूर्व जिला परिषद सदस्य पिंकी भारती, प्रेमा चौधरी, नीलम देवी, रजौली प्रमुख प्रतिनिधि बबलू यादव आदि लोगों ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए उपस्थित लोगों के बीच अपने विचार रखें। मंच संचालन सुमित सिंह व विकास सोलंकी ने किया। मौके पर व्यास यादव, राजद के प्रखंड अध्यक्ष कारू राम, प्रो सुरेंद्र कांत, नागेश्वर कुमार, रामजतन यादव, बालकृष्ण यादव और समाजसेवी रुद्र प्रताप सिंह समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# विशेष शिविर लगाकर महादलितों को सहयोग करने का दिया निर्देश

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** श्री राज कृष्णा एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के 50 फिल्ड वर्करों ने एक बार फिर से महादलित टोलों का रुख किया है। शनिवार को नवादा नगर स्थित ट्रस्ट कार्यालय में ट्रस्ट के वरिष्ठ अधिकारीयों ने सभी फिल्ड वर्करों को निर्देश दिया है कि बिहार सरकार के महत्वकांक्षी योजना डॉ अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के महादलित बस्तियों से हजारो आवेदन प्राप्त किये गए हैं किन्तु अभी तक उसके निष्पादन में गतिशीलता नहीं देखी जा रही है। नवादा विधायक विभा देवी ने इस संदर्भ में ट्रस्ट के कार्यकताओं को निर्देशित करते हुए कहा है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, नल जल, आवास, नाली-गली, मुफ़्त गैस कनेक्शन जैसी



तहत नवादा एवं रजौली विधान सभा क्षेत्र में जिन जिन गाँवों या महादलित टोलों में विशेष शिविर लगाकर 22 योजनाओं का लाभ देने हेतु आवेदन लिया गया था उन टोलों में जा जा कर सभी आवेदन के त्वरित निष्पादन करवाने का विशेष अभियान चलाया जाय। इस संदर्भ में विकास मित्र, टोला सेवक समेत अन्य जिम्मेदार अधिकारियो से डेटा कलेक्ट कर उसके निष्पादन करवाने की दिशा में त्वरित कार्रवाई की जाय। नवादा एवं नारदीगंज प्रखण्ड के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित सभी आवेदनों के निपटारे के लिए लाभुक परिवार की मदद करें। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर मैं स्वंय संबंधित अधिकारियो से बात करुँगी और महादलित परिवार के हक हकूक के लिए अनवरत कोशिश करते रहूंगी। मौके पर अरुण कुमार सिन्हा, सुरेन्द्र यादव, रामप्रवेश कुमार, ज्योति कुमार, नजरूल इस्लाम, वकार युनुस, प्रिन्स कुमार, विकास कुमार, मुन्ना चौधरी, शैलेन्द्र यादव समेत दर्जनों नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# हिलसा अधिवक्ता संघ के चुनाव में 388 वोटरों में 373 ने किया अपने मत का प्रयोग



**हिलसा (नालंदा)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हिलसा अधिवक्ता संघ का वर्ष 2025- 2027 का चुनाव चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच शनिवार को वोट डाले गये। मतदान को लेकर चुनाव प्रभारी एवं त्रिस्तरीय सहायक के द्वारा सारे के देखरेख में 388 वोटरों में 373 वोटरो ने अपना मत का प्रयोग किया, वरीय अधिवक्ता सह चुनाव प्रभारी अरविन्द कुमार ने बताया कि अधिवक्ता संघ में विभिन्न पद के लिए कुल 35 प्रत्याशी मैदान में हैं। पुस्तकालय समिति से दो लोग जिसमें अधिवक्ता रामानुज प्रसाद व सतनारायण सिंह एवं निगरानी समिति से तीन सदस्य अधिवक्ता इंद्रजीत चक्रवर्ती, जयप्रकाश नारायण सिंह,व हर्षित प्रसाद को निर्विरोध निर्वाचित कर दिया गया है। सिर्फ सर्टिफिकेट मिलना बाकी है। चौक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गई है जो की देर रात तक चलेगी और विजय प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी जाएगी। वही 3 सितंबर को विजय प्रत्याशीयो का शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## पड़रिया गांव के 75 लोगों का रक्त संग्रह

**नारदीगंज/नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** फाइलेरिया रोग की पहचान के लिए आयोजित चार दिवसीय रात्रि रक्त पट संग्रह कार्यक्रम चल रहा है। आयोजित कार्यक्रम में दूसरी रात शुक्रवार को फाइलेरिया रोग की पहचान हेतु पडरिया और सहजपुरा गांव में लोगों को रक्त संग्रह हुआ। इस कार्यक्रम में पड़रिया गांव में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. नवीन कुमार के अलावा लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार, आशुतोष कुमार, सहजपुरा गांव में एलटी मुकुंद कुमार,एएनएम सुनीता कुमारी समेत अन्य की मौजदगी में हुआ।

# मध्यस्थता एवं लोक अदालत के महत्व पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आसुतोष कुमार झा के निर्देश के आलोक में शनिवार को अपराह्न 01:30 बजे मेसकौर प्रखंड के अकरी ग्राम पंचायत भवन, जिला नवादा में 'वाणिज्यिक विवादों में पूर्व-संस्था मध्यस्थता और निपटान' विषय पर कानूनी जागरूकता कार्यक्रम, मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम एवं एडीआर तंत्र के रूप में मध्यस्थता की प्रक्रिया पर जागरूकता कार्यक्रम तथा राष्ट्रीय लोक अदालत एवं स्थायी लोक अदालत का प्रचार-प्रसार हेतु विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री उमेश्वर प्रसाद सिंह, डिफेंस अधिवक्ता लीगल एड डिफेंस काउंसिल ने बताया कि मध्यस्थता विवादों को निपटाने की सरल एवं निष्पक्ष आधुनिक प्रक्रिया है। इसके द्वारा मध्यस्थ अधिकारी दबाव रहित वातावरण में विभिन्न पक्षों के विवादों का निपटारा करते हैं। सभी पक्ष अपनी इच्छा से सद्भावना पूर्ण वातावरण में विवाद का समाधान निकालते हैं तथा उसे सभी पक्ष अपने विवाद को सही दृष्टिकोण से मापते हैं और वह समझौता सभी पक्षों को मान्य होता है। इस पद्धति द्वारा विवादों का जल्द से जल्द निपटारा होता है, जो बिना खर्च के मुकदमों के झंझट से मुक्त है। साथ ही न्यायालय पर बढ़ते मुकदमों का बोझ भी कम होता है। मध्यस्थता अधिकारी निष्पक्ष मध्यस्थता के लिए पूर्णतः प्रशिक्षित होता है और सभी पक्षों को उनके विवादों का हल निकालने में मदद करता है। मध्यस्थता एक ढाँचागत प्रक्रिया है, जिसकी अपनी कार्यप्रणाली है। इसके अनुसार मध्यस्थ अधिकारी मध्यस्थता की प्रक्रिया से सभी पक्षों को अवगत कराते हैं, उन्हें प्रक्रिया के नियम एवं गोपनीयता के बारे में भी बताते हैं। अधिकारी पक्षों से उनके विवाद के प्रति जानकारी प्राप्त करते हैं तथा विवाद के निपटारे के अनुकूल वातावरण तैयार करते हैं। इस प्रक्रिया में संयुक्त सत्र एवं पृथक सत्र द्वारा हर पक्ष से बातचीत कर दोनों पक्षों को साथ बैठाकर विवाद निपटाया जाता है। उक्त सत्र में दोनों पक्ष अपने मुद्दों को मध्यस्थ अधिकारी के समक्ष रखते हैं, जिसे गोपनीय रखा जाता है। इन सत्रों के माध्यम से मध्यस्थ अधिकारी विवाद की जड़ तक पहुँचकर पक्षों को राजी-खुशी से सुलह हेतु तैयार करवाते हैं और विवाद का निवारण करवाते हैं। इस समझौते को लिखित रूप में अंकित कर सभी पक्षों से हस्ताक्षर करवाए जाते हैं। मध्यस्थता न होने से पक्षकारों को समय की बबार्दी, मानसिक एवं शारीरिक शांति भंग, धन की हानि, आपसी घृणा, झूठे अहम का बढ़ावा एवं असंतोष जैसी हानियाँ होती हैं। रिटेनर अधिवक्ता ने मध्यस्थता प्रक्रिया के लाभ पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस आधुनिक प्रक्रिया द्वारा विवाद का शीघ्र समाधान, समय एवं खर्च की बचत, न्यायालयों के चक्कर से मुक्ति, अत्यधिक सरल एवं सुविधाजनक समाधान, विवाद का हमेशा के लिए प्रभावी एवं सर्वमान्य निपटारा, पक्षों की सहमति को महत्व, अनौपचारिक, निजी एवं पूर्णतः गोपनीय प्रक्रिया तथा सामाजिक सद्भाव कायम करने में सहायता जैसे लाभ प्राप्त होते हैं। व्यावसायिक विवादों में कोर्ट जाने के पहले 'वाणिज्यिक विवादों में पूर्व-संस्था मध्यस्थता और निपटान' के तहत पक्षकार लाभ उठा सकते हैं। व्यवहार न्यायालय, नवादा में तीन व्यावसायिक न्यायालय कार्यरत हैं। सब-जज प्रथम एवं जिला जज का न्यायालय व्यवसायिक न्यायालय है तथा जिला जज न्यायालय अपीलीय न्यायालय के रूप में भी कार्य करता है। उमेश्वर प्रसाद सिंह ने ADR Mechanism के बारे में बताते हुए कहा कि यह एक आधुनिक प्रक्रिया है जिसके माध्यम से वादों का निपटारा सुलह के आधार पर किया जाता है। इसके अंतर्गत मध्यस्थता एवं लोक अदालत आदि आते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 13.09.2025 को सभी सुलहनीय वादों का निपटारा आपसी समझौते के आधार पर किया जाएगा। स्थायी लोक अदालत के सदस्य संजय कुमार भारद्वाज ने बताया कि जन उपयोगी सेवा से संबंधित वादों के निपटारे हेतु नवादा जिला में स्थायी लोक अदालत का गठन हो चुका है। इसमें निम्नलिखित विषयों से संबंधित पूर्व विवादित वादों का निपटारा किया जाता है।

CMYK

# स्वर्णिम अतीत को पुनः प्राप्त करेगा मगध विश्वविद्यालय : शशि प्रताप शाही

## मगध विश्वविद्यालय में 'उरुवेला, सुजाता एवं बुद्ध' पर विशेष व्याख्यान



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के प्राचीन भारतीय एवं एशियाई अध्ययन विभाग के जीर्णोद्धार के उपलक्ष्य में शनिवार को 'उरुवेला, सुजाता एवं बुद्ध' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही ने फीता काटकर जीर्णोद्धारित भवन का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के संकायाध्यक्ष, प्राध्यापक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए। कुलपति प्रो. शाही ने विभागीय भवन के नवनिर्मित स्वरूप पर सभी को बधाई दी और कहा कि प्राचीन भारतीय एवं एशियाई अध्ययन विभाग निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह विभाग अपने स्वर्णिम अतीत को पुनः प्राप्त करेगा। साथ ही विभाग को आधुनिक तकनीकी सुविधाओं से लैस करने और शोध-आधारित गतिविधियों को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार मंगलम ने अपने संबोधन में सुजाता के गौतम बुद्ध के जीवन में योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सुजाता की भूमिका गौतम से बुद्ध बनने की प्रक्रिया में ऐतिहासिक रूप से अविस्मरणीय है। विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार यादवेंदु ने अतिथियों का स्वागत करते हुए भवन के जीर्णोद्धार में कुलपति के सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। व्याख्यान सत्र में पालि विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार, अंग्रेजी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. संजय कुमार और भंते सिंघल देव ने अपने विचार रखे। वक्ताओं ने बुद्धत्व की प्राप्ति में सुजाता की भूमिका को विस्तार से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में विभागाध्यक्ष डॉ. यादवेंदु को बुद्ध का प्रतीक चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. सचिन कुमार मंदिलवार और महासचिव डॉ. हरिबाबू ने उन्हें प्रशस्ति-पत्र भी प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ. अल्का मिश्रा, डॉ. विजय कंात यादव, डॉ. चंद्र प्रकाश, डॉ. जन्मेजय सिंह, डॉ. अनूप कुमार भारद्वाज, आलोक रंजन और विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से किया। यह आयोजन विभाग की ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ-साथ प्राचीन भारतीय संस्कृति और बौद्ध दर्शन के अध्ययन को नई दिशा देने वाला साबित हुआ।

## 187 लीटर विदेशी शराब बरामद, वाहन जब्त

नवबिहार संवाददाता

**डोभी/गया जी।** गयाजी जिले के डोभी थाना क्षेत्र में पुलिस ने शराब माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। कंजियार के पास सड़क किनारे एक गड्ढे में पलटी हुई मारुति ब्रेजा से 360 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई है। जब्त शराब की कुल मात्रा लगभग 187.125 लीटर बताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार वाहन अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गया था। स्थानीय ग्रामीणों ने गाड़ी को देख तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची डोभी थाना पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर शराब की खेप को जब्त कर लिया।

## लम्पी बीमारी से पशुपालक परेशान, चिकित्सक गायब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरारू।** गुरारू बाजार के बहबलपुर मोहल्ला में कहने को तो पशु अस्पताल है और डॉक्टर एवं सहायक भी पदस्थापित है, परन्तु महीनों में कभी कभार ही अस्पताल खुलता है। न डॉक्टर आते हैं न ही इनके मातहत। इन दिनों पशुओं में लम्पी बीमारी काफी जोर-शोर से फैला हुआ है और डॉ. के नहीं रहने से प्राइवेट झोला छाप पशु-चिकित्सकों का पौ बारह हो रहा है।

## दुष्कर्म व हत्याकांड में आरोपित गिरफ्तार, दो फरार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** गया जिले अंतर्गत आंती थाना क्षेत्र के बरई गांव में हुई महिला के साथ दुष्कर्म व हत्या मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शनिवार को एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने बरई गांव के समीप सूर्य मंदिर के पास से आरोपी लखन देव चौधरी को धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपी को थाने लाकर पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में दोपहर दो बजे जेल भेज दिया गया है। इस मामले में अन्य दो नामजद आरोपी संजय चौधरी उर्फ टेनी एवं मनोज चौधरी अब भी फरार हैं। पुलिस दोनों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। आंती थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि आंती थाना कांड संख्या 95/25 में फरार आरोपियों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा और पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। घटना के बाद गांव में अब भी दहशत और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने कहा कि जिस तरह की घटना हुई है, वह समाज के लिए कलंक है। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। गौरतलब है कि गत दिनों बरई गांव में महिला के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई थी।

# मगध विश्वविद्यालय में संस्कार सृजन मंच का प्रथम कार्यक्रम

## तीन प्रतियोगिताओं में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के शिक्षा विभाग अंतर्गत राधाकृष्णन सभागार में शनिवार को संस्कार सृजन मंच के तत्वावधान में प्रथम कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर तीन प्रतियोगिताओं – सुगम संगीत गायन एकल, वाद्य संगीत तथा ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता – का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही, कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार मंगलम एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। निर्णायक मंडल में सुगम संगीत प्रतियोगिता के लिए प्रो. के.के. नारायण और प्रो. नूतन कुमारी, ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता के लिए डॉ. अस्मिता खलखो, डॉ. तरन्नुम जहां एवं डॉ. ओमप्रकाश शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ममता मेहरा, डॉ. एकता वर्मा और डॉ. सचिन मंदिलवार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. कविता कुमारी ने प्रस्तुत किया। प्रतियोगिताओं में विजेताओं ने शानदार प्रदर्शन किया। सुगम संगीत गायन प्रतियोगिता में चांदनी ने प्रथम, सौरव कुमार ने द्वितीय और प्रिया सलोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही तीन प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार भी दिए गए। ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में अनुपमा कुमारी प्रथम, सोगरा परवीन द्वितीय और अरुणा सिंह तृतीय स्थान पर रहीं। वाद्य संगीत प्रतियोगिता में अमर कुमार को प्रथम, इशांत को द्वितीय और सौरभ कुमार को तृतीय पुरस्कार मिला। सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में कुलपति प्रो. शाही ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि संस्कार सृजन मंच विद्यार्थियों को कला, साहित्य और संगीत में अपनी प्रतिभा दिखाने का एक सशक्त अवसर प्रदान करता है। उन्होंने विश्वास जताया कि शीघ्र ही विश्वविद्यालय अपनी पुरातन गरिमा पुनः प्राप्त करेगा। कुलसचिव डॉ. मंगलम ने कहा कि शिक्षा के साथ कला-संस्कृति का संतुलित विकास विद्यार्थियों को पूर्णता प्रदान करता है और इस प्रकार के आयोजनों में विश्वविद्यालय सदैव सहयोग देगा। कार्यक्रम का आरंभ वैदिक मंगलाचरण से हुआ और समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# एनबी वारंटी दो अभियुक्त गिरफ्तार




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/गयाजी।** गया जिले के बहेरा थाना पुलिस ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए एनबी डब्लू वारंटी के दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान इस प्रकार हुई है। अभियुक्त वीरेंद्र सिंह (उम्र करीब 55 वर्ष) पिता स्व. रामस्वरुप सिंह उर्फ मुन्नी सिंह, निवासी सुगासोत। दूसरा अभियुक्त गांधी महतो उर्फ अरविन्द महतो (उम्र करीब 48 वर्ष) पिता स्व. कारु महतो, निवासी घोड़ाघाट। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों अभियुक्तों के खिलाफ कोर्ट से एनबी डब्लू जारी था और लगातार पुलिस उनकी तलाश में थी। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी कर दोनों अभियुक्तों को न्यायालय, चतरा में उपस्थापन हेतु भेजा गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी ताकि फरार अभियुक्तों पर नकेल कसी जा सके।

# महिलाओं के रोजगार को लेकर राज्य सरकार का ऐतिहासिक कदम : आर्यन सिंह पटेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** जदयू के व्यवसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ के जिला सचिव आर्यन सिंह पटेल उर्फ आर्यन कुमार राव ने राज्य सरकार द्वारा शुरू की जा रही मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का स्वागत करते हुए शुक्रवार को कहा कि यह योजना बिहार की महिलाओं के लिए एक नई उम्मीद और स्वावलंबन की दिशा में बड़ा कदम है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी का यह निर्णय महिलाओं को आर्थिक मजबूती देने के साथ-साथ पूरे परिवार की आय और जीवन स्तर में सुधार करेगा। सरकार द्वारा महिलाओं को 10 हज़ार रुपये से लेकर 2 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना निश्चित ही उन्हें आत्मनिर्भर बनाएगा। आर्यन सिंह पटेल ने कहा कि यह योजना न सिर्फ़ महिलाओं को स्वरोज़गार दिलाएगी बल्कि गाँव से लेकर शहर तक उनके उत्पादों के लिए बाज़ार भी उपलब्ध कराएगी।इसका सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि बिहार की बहनों-बेटियों को अब रोज़गार की तलाश में राज्य से बाहर नहीं जाना पड़ेगा।उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नीतीश कुमार का सशक्त महिला सशक्त बिहार का सपना इस योजना से साकार होगा।

## वियतनाम में होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. सुबोध को मिला होमियो लीजेंड अवॉर्ड

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज(गयाजी)।** प्रखंड क्षेत्र के सुप्रसिद्ध किसान हेमियो क्लिनिक के होमियोपैथिक चिकित्सक डॉ. सुबोध कुमार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होमियो लीजेंड अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें 22 अगस्त 2025 को वियतनाम इंटरनेशनल होम्योपैथिक समिट में प्रदान किया गया। यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन वेल्सन होम्योपैथी प्राइवेट लिमिटेड के तत्वावधान में आयोजित किया गया था, जिसमें कई देशों के सुप्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक, शोधकर्ता शामिल हुए थे। बताते चले कि डॉ.सुबोध कुमार को यह सम्मान उनके दीर्घकालिक समर्पण, चिकित्सा के प्रति प्रतिबद्धता और गंभीर रोगों के प्रभावशाली होम्योपैथिक उपचार में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए दिया गया है।

## बच्चों को अच्छी गुणवत्ता की पढ़ाई, संस्कार शिक्षा पर बल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** एकल अभियान टिकारी संच की मासिक अभ्यास वर्ग टिकारी स्थित विश्व हिंदू परिषद प्रांगण में हर माह की भांति आहूत किया गया। अभ्यास वर्ग की आगाज माता सरस्वती व भारत माता के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इस बीच मास भर का रिपोर्ट आचार्य आचार्या से ली गई और मानधन पंजी पर बच्चों की उपस्थिति सहित आचार्य गण की कुल उपस्थिति को देखते हुए मानधन पंजी पर हस्ताक्षर करवाया गया। आचार्य आचार्या गण को बच्चों को अच्छी गुणवत्ता की पढ़ाई, संस्कार शिक्षा हो पर बल दिया गया। एक पेड़ मां के नाम पर लगाई गई पौधा का देख रेख हो की बात कही गई। आचार्य आचार्या गण को केंद्र पर कुल नामांकित बालक-बालिका को देखते हुए कही 36, कही 30, तो कही 32 कापी, कलम सहित चौक, पढ़ाई वाला कैलेंडर भिन्न-भिन्न तरह का वितरण किया गया। आचार्य आचार्या सहित छात्र की उपस्थिति पंजी व आचार्य गण का आचार्य डायरी का भी वितरण किया गया। वितरण की गई पाठ्य सामग्री को ग्राम प्रमुख सहित समिति के देख रेख वितरण बच्चों के बीच आचार्य गण करेंगे की बात संच सचिव शिव बल्लभ मिश्र ने कही जिसका फोटो शीर्ष पदाधिकारी को भेजी जाएगी। मौके पर संच के अधिकारी में संच सचिव शिव बल्लभ मिश्र, संच उपाध्यक्ष शशि प्रियदर्शी संच प्रमुख महेश कुमार संच ब्यास आशुतोष कुमार सहित आचार्य आचार्या में कुसुम कुमारी, अनिता देवी, अंजू देवी, ज्ञानति देवी, रंजू देवी, रजनी देवी, ज्योति पाठक, तन्नू कुमार, राजभूषण कुमार, मंटू कुमार, सत्यम कुमार, पवन कुमार सहित सभी केंद्र के आचार्य आचार्या गण की उपस्थिति पाई गई। समापन मंत्र के साथ अभ्यास वर्ग संपन्न किया गया।

## आंती थानाध्यक्ष का नवादा तबादला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** गया जिले के आंती थाना के थानाध्यक्ष रंजीत कुमार का तबादला नवादा जिला में कर दिया गया है। रंजीत कुमार ने शनिवार दोपहर 12 बजे यह जानकारी दी। वे आंती थाना में एक वर्ष से अधिक समय तक पदस्थापित रहे। गया जिला में पांच वर्ष की सेवा अवधि पूरी होने के बाद उनका तबादला किया गया है। रंजीत कुमार के कार्यकाल में आंती थाना क्षेत्र में कई आपराधिक मामलों का सफल उद्भेदन हुआ। उन्होंने शराबबंदी के उल्लंघन, चोरी और भूमि विवाद से जुड़े मामलों में प्रभावी कार्रवाई की। थानाध्यक्ष ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही पुलिस-जन सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में भी उल्लेखनीय कार्य किया। तबादले की खबर पर स्थानीय लोगों में मिश्रित प्रतिक्रिया देखने को मिली। कुछ लोगों ने कहा कि उनके कार्यकाल में थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण में रहा और वे आम लोगों की समस्याओं को सुनने के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। वहीं कुछ लोगों ने आशा व्यक्त की कि नए थानाध्यक्ष भी इसी तरह जनता की सुरक्षा और न्याय के लिए काम करेंगे। आंती थाना में नए थानाध्यक्ष की नियुक्ति शीघ्र की जाएगी।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**ई–निविदा नोटिस सं०– 26 ऑफ 2025–26/ खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है। **निविदा सं०–03–डीडीयू–अधिशासी अभियन्ता–सेतु–25–26, (i) कार्य का नाम एवं लोकेशन :** पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू डिवीजन के जीसी सेक्शन में डी०एफ०सी०सी०आई०एल० द्वारा एलसी नंबर–एलसी नंबर–32, एलसी–35, एलसी–37, एलसी–@45&44@एलसी–39, एलसी–40, एलसी–41, एलसी–45, एलसी–46, एलसी–48, एलसी–49, एलसी–50, एलसी–72 बी० (बो स्ट्रिंग गर्डर) पर नवनिर्मित आर०ओ०बी के स्वास्थ्य मूल्यांकन संरचनात्मक अपर्याप्तता के लिए तृतीय पक्ष ऑडिट सहित आर०ओ०बी के सुपरस्ट्रक्चर को सौंपने और संभालने के संबंध में संतुलन कार्य।। **(ii) कार्य का अनुमानित लागत :** ₹67557360.00, **(iii) धरोहर राशि :** ₹487800.00, **(iv) ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 18.09.2025 को 12:00 बजे तक, **(v) वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in**

**नोट–** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

**मंडल रेल प्रबंधक**

**पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय**

**पीआर/0865/डीडीयू/इंजी०/टी/25–26/40**



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**

**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गढ़वा**

जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT)

अल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या – 1/2025-26/NREP/GARHWA दिनांक – 29.08.2025

1.कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में (लाख में) | अक्षर में | | | |
| 1 | गढ़वा | ग्राम–सुखवाना, आदर्श नगर रेलवे लाईन से तीनमुहान तक पक्की नाली निर्माण कार्य। (लं0–0.503 कि0मी0) | 27,22,200 | सताईस लाख बाईस हजार दो सौ रू0। | 5000 | 55000 | 03 (तीन) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 01.09.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 09.09.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 12.09.2025 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 9955921643

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता

राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गढ़वा

PR 360790 Rural Development(25-26).D


# कल्याणपुर–अचुकी गांव में 5 माह में टूटा पीसीसी पथ

## मरम्मत नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र में कल्याणपुर-अचुकी गांव के पास बना पीसीसी पथ मात्र पांच माह में ही क्षतिग्रस्त हो गया है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खटनही से विश्वनाथपुर जाने वाले इस मुख्य मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों लोग गुजरते हैं। टूटी सड़क के कारण कई लोग गिरकर घायल भी हो चुके हैं। अचुकी ग्राम के रमेश यादव, मुकेश कुमार और रूबी कुमारी ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया और धन का दुरुपयोग भी हुआ है। कल्याणपुर के संजय यादव और ऑटो चालक राहुल चंद्रवंशी ने बताया कि महमूदपुर से विश्वनाथपुर तक का मार्ग भी जर्जर हालत में है। बड़े गड्ढों के कारण दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल मरम्मत की मांग की है। चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।


बिहार सरकार

**समाहरणालय, औरंगाबाद**

**(जिला निबंधन कार्यालय)**

email:-dsr.aurangabad@yahoo.com

**अत्यावश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बिहार स्टाम्प (लिखत का न्यून मूल्यांकन निवारण) (संशोधन) नियमावली, 2013 के नियम–6 (2) (छ) ,समाहर्त्ता–सह–अध्यक्ष जिला मूल्यांकन समिति, औरंगाबाद की अध्यक्षता में दिनांक– 22.08.2025 को जिला मूल्यांकन समिति, औरंगाबाद की बैठक की कार्यवाही के आलोक में औरंगाबाद जिलान्तर्गत औद्योगिक क्षेत्र के स्थापना परियोजना से संबंधित कुटुम्बा अंचलान्तर्गत कुल–07 मौजों में 03 मौजा (महसु–515, जौड़ा (जिवा)–575, करमडीह (करमुनडीह)–576) वर्ष–2023 में एवं शेष 04 मौजा (ईरियप–514, कझपा–495, निरंजनपुर–494, सहदेई परसावाँ–430) वर्ष–2014 में एम0भी0आर0 पुनरीक्षित की गई है।

उपरोक्त वर्णित मौजों में एम0भी0आर0 पुनरीक्षण वर्ष–2023 वाले मौजे में 10% एवं एम0भी0आर0 पुनरीक्षण वर्ष–2014 वाले मौजे में 60% की वृद्धि करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है, का ड्राफ्ट न्यूनतम निर्धारित मूल्य जिला के वेबसाईट https://Aurangabad.bih.nic.in पर प्रकाशित किया गया है एवं इसकी आपत्ति विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर जिला अवर निबंधक, औरंगाबद के समक्ष की जा सकेगी।

PR- 013075 ( Registration ) 2025-26

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

समाहर्त्ता–सह–अध्यक्ष,

जिला मूल्यांकन समिति, औरंगाबाद।



**कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)।**

**Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132**

Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

पत्रांक 1180 न0प0 / दिनांक – 30 / 08 / 2025

4th Call

**आम–सूचना**

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 328 (AMD) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में पलामू जिले के नगर परिषद्, बिश्रामपुर शहरी क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य) के तहत् संचालित अर्बन आयुश्मान आरोग्य मंदिर के संचालन हेतु चिकित्सक का सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सक के चयन हेतु दिनांक 10.09.2025 को नगर परिशद्, बिश्रामपुर को पूर्वाह्ण 11:30 AM बजे को Walk in interview निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकित्सकों से निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र०सं० | विवरणी | आवश्यक शर्ते |
|---|---|---|
| 01. | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 02. | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री |
| 03. | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा।) |
| 04. | मानदेय | रू० 63000/– (तिरसठ हजार रूपए मात्र) |
| 05. | कुल रिक्तियां | 01 (एक पद) |
| 06. | चयनित चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 07 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जाएगी। | |
| 08 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 09 | कार्य दिवस सोमवार से शनिवार (कार्य अवधि 08 घण्टा) | |

दिनांक 10.09.2025 को नगर परिषद्, बिश्रामपुर को पूर्वाह्ण 11:30 AM बजे को Walk in interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ नगर परिषद्, बिश्रामपुर कार्यालय में उपस्थित होना होगा।

प्रशासक

नगर परिषद्, बिश्रामपुर

PR 360838 District(25-26)D

संपादकीय

# थियेटर कमान पर रार क्यों?

लगता है कि भारतीय सेना और सक्षम तथा आधुनिक बनाने के लिए थिएटर कमान प्रणाली लागू करने को लेकर सेना के तीनों अंगों के शीर्ष अधिकारियों में 6 साल बाद भी सहमति नहीं बन पा रही है। यही कारण है कि सीडीए अनिल चौहान को कहना पड़ा कि राष्ट्रहित को ध्यान में रखकर थिएटर कमान पर असहमति दूर की जाएगी। मुख्य विरोध वायु सेना की ओर से किया जा रहा है। हाल में मध्यप्रदेश के महू स्थित 'आर्मी वॉर कॉलेज' में आयोजित दो दिवसीय सैन्य सम्मेलन में प्रस्तावित थिएटर कमानों पर अलग-अलग राय स्पष्ट रूप से दिखाई दी। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने योजना को जल्दबाजी में लागू करने के प्रति आगाह किया जबकि नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने कहा, उनका बल इसके लिए प्रतिबद्ध है। दरअसल वायु सेना इस बात पर सहमत नहीं है कि उसे सिर्फ सहायक सेना की तरह से देखा जाए। हाल के युद्धों में वायु सेना के एक स्वतंत्र आक्रमणकारी यूनिट की तरह काम कर रही है, खासकर ड्रोन टेक्नोलॉजी आने के बाद तो वायु सेना का दुश्मन पर हमले के मामले में महत्व और बढ़ गया है। 'ऑपरेशन सिंदूर' में भी हमने यह देखा। इसलिए एयर चीफ मार्शल ए.पी.सिंह को यह कहना पड़ा कि थियेटर कमान योजना जल्दबाजी में न लागू की जाए। इस पर गंभीर विचार-विमर्श के बाद ही लागू किया जाना चाहिए। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने योजना को जल्दबाजी में लागू करने के प्रति आगाह किया। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि सशस्त्र बलों को थिएटर कमान स्थापित करने के लिए किसी दबाव में नहीं आना चाहिए। उन्होंने तीनों सेनाओं के बीच तालमेल सुनिश्चित करने के लिए शीर्ष सैन्य अधिकारियों को शामिल करते हुए दिल्ली में एक संयुक्त योजना एवं समन्वय केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव रखा। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने कहा कि उनका बल इसके लिए प्रतिबद्ध है। जबकि थल सेना और नौसेना को इसे लागू करने में दिक्कत नहीं है। इसी संदर्भ में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि तीनों सेनाओं को मिलाकर बनने वाले प्रस्तावित थिएटर कमान पर असहमति को राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर दूर किया जाएगा। जाहिर है कि थियेटर कमान के मुद्दे पर तीनों सेनाओं में सहमति नहीं है। गौरतलब है कि सरकार ने तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित करने के लिए 2019 में थिएटरीकरण योजना की घोषणा की थी। हालांकि, इसे लागू करने की दिशा में ठोस प्रगति नहीं हुई है। थिएटराइज़ेशन का मूल पहले विश्व युद्ध में है। शब्दकोष में थिएटर ऑफ वॉर के मायने हैं 'तमाम ज़मीनी, समुद्री, और हवाई क्षेत्र जो सीधे तौर पर, युद्ध संचालन में शामिल हैं या हो सकते हैं। जिसमें 5 एकीकृत या थिएटर कमांड्स होंगी, जो बेहतर प्लानिंग और सैन्य रेस्पॉन्स में सहायक होंगी और जिनका भविष्य के युद्ध लड़ने के लिए एकीकृत दृष्टिकोण होगा। सीडीएस का कार्य तीनों सेनाओं के बीच तालमेल सुनिश्चित करना है। सरकार थिएटरीकरण मॉडल के तहत थलसेना, वायुसेना और नौसेना की क्षमताओं को एकीकृत करने और युद्धों एवं अभियानों के लिए उनके संसाधनों का इष्टतम उपयोग करने का प्रयास करती है। थिएटरीकरण योजना के अनुसार, हर थिएटर कमांड में थलसेना, नौसेना और वायुसेना की इकाइयां होंगी। ये सभी एक विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र में सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए एक इकाई के रूप में काम करेंगी। वर्तमान में थलसेना, नौसेना और वायुसेना की अलग-अलग कमान हैं। चिंता की बात यह है कि चीन काफी पहले थियेटर कमान पर काम शुरू कर चुका है, जबकि हमारे यहां चर्चा ही चल रही है। राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से यह स्थिति ठीक नहीं है।

# पोषण भी पढ़ाई भी- भारत के भविष्य के लिए खेल-आधारित शिक्षा

**आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पहली बार स्थानीय और स्वदेशी सामग्रियों का उपयोग कर गतिविधि-आधारित और खेल-उन्मुख दृष्टिकोणों पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यवस्थित रूप से ईसीसीई में प्रशिक्षित किया जा रहा है। शिक्षण-अधिगम सामग्री के लिए बजट आवंटन में भी पर्याप्त वृद्धि की गई है, और मासिक ईसीसीई दिवसों को संस्थागत रूप दिया गया है। आज, आंगनवाड़ी केंद्र केवल पोषण का स्थान नहीं है—यह प्रत्येक बच्चे की पहली पाठशाला है, जो जीवन के सबसे महत्वपूर्ण वर्षों में जिज्ञासा, रचनात्मकता और समग्र विकास का पोषण करती है। मंत्रालय ने इस परिवर्तन को दिशा देने के लिए 3-6 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा हेतु राष्ट्रीय पाठ्यक्रम-आधारशिला, की शुरुआत की है।**



**श्रीमती अन्नपूर्णा देवी**

यदि हमें विकसित भारत का निर्माण करना है, तो हमें शुरुआत –अपने सबसे छोटे नागरिकों की क्षमता के विकास से करनी होगी, जहाँ से जीवन का आगाज़ होता है। आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों की खिलखिलाती हँसी में, उनके द्वारा गायी जाने वाली कविताओं में और उनके द्वारा बनाए जाने वाले ब्लॉक में हमारे राष्ट के भविष्य का सामर्थ्य आकार लेता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत ने अपने सबसे छोटे नागरिकों को अपनी विकास यात्रा के केंद्र में रखा है। प्रधानमंत्री ने–न केवल विश्वविद्यालयों और डिजिटल बुनियादी ढाँचे में निवेश करके, अपितु बच्चे के जीवन की पहली कक्षा- आंगनवाड़ी के अतिशय महत्व को पहचानते हुए हमारी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को नए सिरे से परिभाषित किया है। आज के भारत में, खेल अब सिर्फ़ मनोरंजन भर नहीं, अपितु –नीति है। और इसके परिणाम बिल्कुल स्पष्ट और विश्वसनीय हैं। पिछले एक दशक में, मोदी सरकार ने प्रारंभिक बाल्यावस्था के विकास के प्रति अपने दृष्टिकोण को मूलभूत रूप से पुनर्परिभाषित किया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 निर्णायक मोड़ साबित हुई, जिसमें यह स्वीकार किया गया कि मस्तिष्क का 85 प्रतिशत विकास छह साल की उम्र से पहले ही हो जाता है। यदि हम स्मार्ट, स्वस्थ और अधिक उपयोगी आबादी चाहते हैं, तो हमें वहाँ निवेश करना होगा जहाँ इसकी सबसे ज़्यादा ज़रूरत है–जीवन के शुरुआती छह वर्षों में। वैज्ञानिक प्रमाण इस बदलाव का समर्थन करते हैं। सीएमसी वेल्लोर के क्लिनिकल महामारी विज्ञान विभाग द्वारा किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि जिन बच्चों को 18 से 24 महीने तक व्यवस्थित प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) मिली, उनके आईक्यू में–पाँच साल की उम्र तक 19 अंक तक, और नौ साल की उम्र तक तो 5 से 9 अंक तक की उल्लेखनीय और स्थायी वृद्धि देखी गई। विकासशील भारत के लिए ये वृद्धि बेहद महत्वपूर्ण है। भारत के ये निष्कर्ष वैश्विक शोध के अनुरूप हैं। अंतर्राष्ट्रीय अध्ययनों से पता चलता है कि पाँच साल की उम्र से पहले गुणवत्तापूर्ण ईसीसीई कार्यक्रमों में भाग लेने वाले बच्चों में उच्च आईक्यू, बेहतर सामाजिक कौशल और बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन की संभावना 67 प्रतिशत अधिक होती है। जैसा कि नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. जेम्स हेकमैन की प्रसिद्ध उक्ति है,जितनी जल्दी शुरुआत,उतने बेहतर परिणाम–और उतने ही कुशल रिटर्न उनके शोध में अनुमान व्यक्त किया गया है कि प्रारंभिक बाल्यावस्था में निवेश से 13-18 प्रतिशत तक रिटर्न मिलता है–जो शिक्षा या नौकरी के प्रशिक्षण के किसी भी अन्य चरण से अधिक है।

ईसीसीई के आर्थिक और सामाजिक दोनों ही प्रकार के महत्व को समझते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने पोषण भी पढ़ाई भी नामक एक पहल शुरू की है, जिसने आंगनवाड़ी केंद्रों को जीवंत प्रारंभिक शिक्षा केंद्रों में तब्दील कर दिया है।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पहली बार स्थानीय और स्वदेशी सामग्रियों का उपयोग कर गतिविधि-आधारित और खेल-उन्मुख दृष्टिकोणों पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यवस्थित रूप से ईसीसीई में प्रशिक्षित किया जा रहा है। शिक्षण-अधिगम सामग्री के लिए बजट आवंटन में भी पर्याप्त वृद्धि की गई है, और मासिक ईसीसीई दिवसों को संस्थागत रूप दिया गया है। आज, आंगनवाड़ी केंद्र केवल पोषण का स्थान नहीं है–यह प्रत्येक बच्चे की पहली पाठशाला है, जो जीवन के सबसे महत्वपूर्ण वर्षों में जिज्ञासा, रचनात्मकता और समग्र विकास का पोषण करती है। मंत्रालय ने इस परिवर्तन को दिशा देने के लिए 3-6 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा हेतु राष्ट्रीय पाठ्यक्रम-आधारशिला, की शुरुआत की है। आधारशिला बच्चों के केवल बौद्धिक विकास पर ही नहीं, बल्कि भावनात्मक, शारीरिक और सामाजिक कल्याण पर भी ज़ोर देते हुए समग्र विकास पर केंद्रित है। यह खेल के माध्यम से सीखने की व्यवस्थित प्रक्रिया को आगे बढ़ाता है, जिससे बच्चों को सहयोगपूर्ण वातावरण में बढ़ने और फलने-फूलने का अवसर मिलता है। बच्चे खेलने के प्रति सहज रूप से आकर्षित होते हैं - अपनी दुनिया के कोने-कोने को खोज और आनंद के स्थान में तब्दील कर देते हैं। सही वातावरण के साथ यह प्रवृत्ति आजीवन सीखने की नींव बन जाती है। पोषण भी पढाई भी सुरक्षित, व्यवस्थित और प्रेरक वातावरण प्रदान करके इस भावना को पोषित करती है जहाँ बच्चे निर्देशित खेल और शिक्षा के माध्यम से फल-फूल सकते हैं। प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) हमारे देश के भविष्य को आकार देने में बुनियादी भूमिका निभाती है। पोषण भी पढाई भी पहल के तहत, देश भर के आंगनवाड़ी केंद्रों को समग्र प्रारंभिक शिक्षा के लिए पोषण स्थलों में बदला जा रहा है। व्यवस्थित आधारशिला की 5+1 साप्ताहिक योजना यह सुनिश्चित करती है कि दिन की शुरुआत 30 मिनट के उन्मुक्त खेल से हो, उसके बाद भाषा, रचनात्मकता, मोटर स्किल और सामाजिक संपर्क को बढ़ाने वाली व्यवस्थित गतिविधियाँ हों। दोपहर के पौष्टिक भोजन और आराम के बाद, दिन का समापन बाहरी खेल और बातचीत के साथ होता है, जो मूल्यों को सुदृढ़ करता है और भावनात्मक संबंध बनाता है। व्यवस्थित और निर्बाध खेल के प्रति यह संतुलित दृष्टिकोण अत्यंत महत्वपूर्ण है, खासकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के आलोक में, जिसने औपचारिक स्कूल प्रवेश की आयु को छह वर्ष कर दिया है। व्यवस्थित ईसीसीई यह सुनिश्चित करती है कि बच्चे भावनात्मक, सामाजिक और संज्ञानात्मक रूप से स्कूल के लिए तैयार हों। देश भर के अभिभावकों का बढ़ता विश्वास वास्तव में उत्साहजनक है। जो परिवार पहले कभी आंगनवाड़ियों को केवल पोषण केंद्र मानते थे, अब उन्हें अपने बच्चे की शिक्षा की यात्रा में पहला कदम मानते हैं। भारत में हर बच्चा जन्म से ही मज़बूत शुरुआत का हक़दार है। जन्म से तीन साल तक की आयु वर्ग के बुनियादी महत्व को समझते हुए मंत्रालय ने प्रारंभिक बाल्यावस्था प्रोत्साहन के लिए राष्ट्रीय ढाँचा- नवचेतना की भी शुरूआत की है। यह पहल माता-पिता और देखरेखकर्ताओं को बच्चों के विकास के लिए घर पर ही सरल, खेल-आधारित, आयु के -उपयुक्त गतिविधियों के माध्यम से सशक्त बनाती है।

माता-पिता की भागीदारी बच्चे के विकास की कुंजी है। जहाँ एक ओर उच्च आय वाले परिवार खिलौनों और किताबों में निवेश कर सकते हैं, वहीं सरकार की भूमिका कम आय वाले परिवारों के लिए समान अवसर प्रदान करने की है। नवचेतना और पोषण भी पढ़ाई भी के माध्यम से, हम भारत के कोने- कोने में हर बच्चे को शुरू से ही आवश्यक प्रोत्साहन, देखभाल और पोषण मिलना सुनिश्चित करते हुए इस अंतर को पाट रहे हैं। यदि भारत को सही मायनों में विकसित बनना है, तो हमारी युवा पीढ़ी को जीवन की सही शुरुआत के साथ सशक्त बनाना होगा। खेल कोई विलासिता नहीं है–यह सीखने का आधार है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि भारत के प्रत्येक बच्चे को सीखने, बढ़ने और फलने-फूलने का अवसर मिले–क्योंकि राष्ट्र निर्माण की शुरुआत उसके सबसे छोटे नागरिकों के पोषण से होती है।

**( लेखिका केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री हैं )**

अध्यात्म

## आप अपनी लड़ाई से घबराएं नहीं...

एक चिड़िया का एक दाना पेड़ के कंदरे में कहीं फंस गया था। चिड़िया ने पेड़ से बहुत अनुरोध किया उस दाने को दे देने के लिए लेकिन पेड़ उस छोटी सी चिड़िया की बात भला कहां सुनने वाला था... हार कर चिड़िया बढ़ई के पास गई और उसने उससे अनुरोध किया कि तुम उस पेड़ को काट दो, क्योंकि वो उसका दाना नहीं दे रहा... भला एक दाने के लिए बढ़ई पेड़ कहां काटने वाला था..फिर चिड़िया राजा के पास गई और उसने राजा से कहा कि तुम बढ़ई को सजा दो क्योंकि बढ़ई पेड़ नहीं काट रहा और पेड़ दाना नहीं दे रहा... राजा ने उस नन्हीं चिड़िया को डांट कर भगा दिया कि कहां एक दाने के लिए वो उस तक पहुंच गई है। चिड़िया हार नहीं मानने वाली थी... वो महावत के पास गई कि अगली बार राजा जब हाथी की पीठ पर बैठेगा तो तुम उसे गिरा देना,क्योंकि राजा बढ़ई को सजा नहीं देता..बढ़ई पेड़ नहीं काटता...पेड़ उसका दाना नहीं देता..महावत ने भी चिड़िया को डपट कर भगा दिया... चिड़िया फिर हाथी के पास गई और उसने अपने अनुरोध को दुहराया कि अगली बार जब महावत तुम्हारी पीठ पर बैठे तो तुम उसे गिरा देना क्योंकि वो राजा को गिराने को तैयार नहीं... राजा बढ़ई को सजा देने को तैयार नहीं...बढ़ई पेड़ काटने को तैयार नहीं...पेड़ दाना देने को राजी नहीं...हाथी बिगड़ गया...उसने कहा, ऐ छोटी चिड़िया..तू इतनी सी बात के लिए मुझे महावत और राजा को गिराने की बात सोच भी कैसे रही है? चिड़िया आखिर में चींटी के पास गई और वही अनुरोध दोहराकर कहा कि तुम हाथी की सूंढ़ में घुस जाओ...चींटी ने चिड़िया से कहा, ÷चल भाग यहां से...बड़ी आई हाथी की सूंढ़ में घुसने को बोलने वाली अब तक अनुरोध की मुद्रा में रही चिड़िया ने रौद्र रूप धारण कर लिया...उसने कहा कि ÷मैं चाहे पेड़, बढ़ई, राजा, महावत, और हाथी का कुछ न बिगाड़ पाऊं...पर तुझे तो अपनी चोंच में डाल कर खा ही सकती हूँ... चींटी डर गई...भाग कर वो हाथी के पास गई...हाथी भागता हुआ महावत के पास पहुंचा...महावत राजा के पास कि महाराज चिड़िया का काम कर दीजिए नहीं तो मैं आपको गिरा दूंगा....राजा ने फौरन बढ़ई को बुलाया उससे कहा कि पेड़ काट दो नहीं तो सजा दूंगा...बढ़ई पेड़ के पास पहुंचा...बढ़ई को देखते ही पेड़ बिलबिला उठा कि मुझे मत काटो.मैं चिड़िया को दाना लौटा दूंगा...!!अंत मे चिड़िया ने अपना दाना पेड़ से प्राप्त कर लिया और वो खुशी खुशी अपने घोंसले में चली गयी।

फ़िल्म समीक्षा

# फ़फ़्फे कुटनियां- गॉसिप, ग्लैमर और ट्विस्ट से भरपूर पंजाबी कॉमेडी-ड्रामा

### दमदार अभिनय से अन्नु प्रिया ने जीता दिल

पंजाबी संस्कृति में फ़फ़्फे कुटनियां एक ऐसा शब्द है, जो गॉसिप करने वाली और झगड़ा खड़ा करने वाली महिलाओं के लिए प्रयोग होता है। इसी शब्द से प्रेरित फ़िल्म ÷फ़फ़्फे कुटनियां दर्शकों को एक मज़ेदार लेकिन सोचने पर मजबूर करने वाली कहानी पेश करती है, जिसमें गॉसिप, रहस्य और हास्य का अनोखा संगम है। फ़िल्म की कहानी पंजाब की किटी पार्टी कल्चर के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां दो आम दिखने वाली महिलाएं, अपनी किस्मत और चालाक दिमाग के दम पर, ऊँचे तबके की पार्टियों में राज करने लगती हैं। पर उनकी यह ग्लैमरस ज़िंदगी तब हिलने लगती है, जब पुलिस जांच से एक बड़े खेल, धोखे और हताशा की परतें खुलने लगती हैं।

कहानी में तब और दिलचस्पी बढ़ जाती है, जब उनका यह छोटा-सा क़ाफ़िला बढ़कर छह लोगों का गिरोह बन जाता है, और फिर शुरू होती है एक रोमांचक सफ़र, जिसमें हर मोड़ पर नया ट्विस्ट देखने को मिलता है। फ़िल्म का निर्देशन प्रेम सिद्धू ने किया है, जबकि कहानी जगदीप सिद्धू ने लिखी है। बेहतरीन सिनेमेटोग्राफी का श्रेय संदीप पाटिल को जाता है, जिन्होंने पंजाब की गलियों, हवेलियों और शानदार पार्टी सीन्स को बड़े ही खूबसूरत अंदाज़ में परदे पर उतारा है। स्टारकास्ट की बात करें तो नीरू बाजवा और तान्या अपनी दमदार एक्टिंग से एक बार फिर दर्शकों का दिल जीतने में कामयाब रही हैं। इनके साथ गुरबाज़ सिंह, निशा बानो और अमृत अंबी ने भी अपने किरदार में जान डाल दी है। लेकिन जो चेहरा सबसे ज़्यादा चर्चा में है, वह है अंजू का किरदार निभाने वाली बिहार की उभरती अभिनेत्री अन्नु प्रिया।





### अन्नु प्रिया की सफलता की कहानी

समस्तीपुर, बिहार की रहने वाली अन्नु प्रिया ने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (बैच 2023) से अभिनय की औपचारिक ट्रेनिंग ली है। यह उनकी दूसरी फ़िल्म है, जबकि उनकी पहली फ़िल्म "Kariyatthi भारत सरकार के OTT प्लेटफॉर्म Waves पर निशुल्क उपलब्ध है। हाल ही में उन्होंने ज्ञड्ड्स्न के लिए भी काम किया है, जो जल्द ही Amazon Prime पर रिलीज़ होने वाली है। अभिनय के साथ-साथ अन्नु प्रिया को गायन में भी गहरी रुचि है, और वह अलग-अलग भाषाओं में काम करने की इच्छा रखती हैं। दर्शक सोशल मीडिया पर अंजू के किरदार को खूब सराह रहे हैं और कई समीक्षक इसे फ़िल्म की खास ताक़त बता रहे हैं। 22 अगस्त को दुनियाभर में रिलीज़ हुई "Phaphey Kuttniyan" न सिर्फ एक मनोरंजक फिल्म है, बल्कि यह समाज के उस पहलू को भी दर्शाती है, जहां गॉसिप और दिखावे की दुनिया के पीछे छिपी हकीकत कई बार चौंका देती है।

रेटिंग- 4/5 हंसी, रहस्य और बेहतरीन अभिनय के लिए एक बार ज़रूर देखें!

# ट्रंप के टैरिफ को लेकर सवाल ही सवाल

**पवन उप्रेती**




अमेरिका ने भारत पर 50प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। इस टैरिफ को लेकर तमाम तरह के सवाल खड़े हुए हैं। आइए, ये क्या सवाल हैं और इनके जवाब खोजने की कोशिश करते हैं।

पहला सवाल यह कि टैरिफ लगाने के हालात कैसे बने? डोनाल्ड ट्रंप का मानना है कि अमेरिका अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का शिकार है और छोटे-छोटे देशों की अर्थव्यवस्थाओं ने अमेरिका के साथ धोखाधड़ी की है। इसके लिए वे ना सिर्फ टैरिफ लगाते हैं बल्कि पारस्परिक शुल्क भी लगा देते हैं। जबकि अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और यह जर्मनी, जापान और भारत से 7-8 गुना बड़ी है।

दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और एक छोटे से अफ्रीकी देश की अर्थव्यवस्था को बराबरी पर मानना कहीं से भी सही नहीं है लेकिन ट्रंप की नज़र में Reciprocal Tariffs का मतलब यह नहीं है कि दोनों देश एक-दूसरे पर बराबर टैरिफ लगाएं। ट्रंप का मानना है कि Reciprocal Tariffs का मतलब वह दर है, जिस पर पहुंचने के बाद अमेरिका का उस देश के साथ व्यापार घाटा बंद हो जाए।

दूसरा सवाल- क्या ट्रंप जो कदम उठा रहे हैं, वह कानूनी हैं। इसका जवाब यह है कि टैरिफ लगाना अमेरिकी संसद का काम है लेकिन डोनाल्ड ट्रंप ने इमरजेंसी का ऐलान करते हुए अपने हाथ में असीमित ताकत ले ली है। अभी उनके इन आदेशों को चुनौती दी जाएगी और कानूनी जांच भी होगी, उसके बाद चीजें साफ हो पाएंगी। तीसरा सवाल यह कि दूसरे देश अमेरिका पर टैरिफ क्यों नहीं लगा रहे हैं? इसका जवाब यह है कि अमेरिका के द्वारा लगाए गए टैरिफ से हर देश के एक्सपोर्टर्स के लिए हालात मुश्किल हो रहे हैं लेकिन अगर वह जिन अमेरिकी सामान का आयात कर रहे हैं उन पर टैरिफ लगा देंगे तो इससे उनके कंज्यूमर्स के लिए हालात मुश्किल हो जाएंगे। चौथा सवाल यह कि क्या अमेरिका इस टैरिफ वॉर को जीत रहा है? ट्रंप का कहना है कि वह इस लड़ाई को जीत रहे हैं लेकिन ट्रंप को दूसरी बार राष्ट्रपति बने 7 महीने से ज्यादा का वक्त हो गया है और उन्होंने अब तक आए सभी नकारात्मक आंकड़ों को लेकर पुरानी जो बाइडेन सरकार को जिम्मेदार ठहराया है और जब भी पॉजिटिव आंकड़े आते हैं तो वह उन्हें अपनी सरकार के आंकड़े बताते हैं। ट्रंप ने इसके लिए अपने प्रमुख अफसरों पर निशाना साधा और एक सीनियर अफसर को बर्खास्त कर दिया। इस सबका अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर खराब असर दिखाई दे रहा है। टैरिफ की वजह से सबसे ज्यादा नुकसान अमेरिका के छोटे कारोबार को हो रहा है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
व्यवसाय में कठिन निर्णय लेंगे। जिस कार्य से परिणाम न मिल रहे हों उसे कुछ समय के लिये टालना हितकर होगा। रिश्तों को लेकर समस्या का समाधान होगा।

**वृषभ**
बच्चों को लेकर आप थोड़े परेशान हो सकते हैं। बुजुर्ग जातकों को सन्तान के करियर की चिन्ता रहेगी। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण लक्ष्य प्राप्त कर लेंगे।

**मिथुन**
जीवनशैली में सुधार कर सकते हैं। आदर्शवादी विचारों से आपको बचना चाहिये। सुख के संसाधनों में वृद्धि होगी। बच्चों की सफलता से गर्व का अनुभव करेंगे।

**कर्क**
आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में नये सहयोगी जुड़ सकते हैं। अधिकारी आपको कुछ उपहार देने की योजना बना सकते हैं।

**सिंह**
व्यापार में विस्तार के लिये आप योजना बना सकते हैं। जिसमें आपको सफलता भी मिलेगी। आपके मुख पर प्रसन्नता के भाव रहेंगे।

**कन्या**
गूढ़ विद्याओं की ओर आपका रूझान बढ़ेगा। लोग आपसे प्रेरणा लेंगे। आज गलत अफवाहों की चपेट में आ सकते हैं। गृहस्थ जीवन में शान्ति रहेगी।

**तुला**
दाम्पत्य सुख में कमी देखने को मिल सकती है। नया काम शुरू करने के लिये दिन शुभ नहीं है। आपके व्यवहार में शालीनता रहेगी।

**वृश्चिक**
परिवार के लोगों के साथ आपके सम्बन्ध मधुर होंगे। आपकी प्रगति से जीवनसाथी बहुत प्रसन्न होगा। नौकरी में आपको कुछ नये काम करने पड़ सकते हैं।

**धनु**
आज प्रेमीजन से अपनी भावनाओं की अभिव्यक्ति कर सकते हैं। अपने खर्चों पर नियन्त्रण बनाकर रखें। परिवार और काम के बीच सन्तुलन बनाने में सफल रहेंगे। घर में खुशियों का माहौल रहेगा।

**मकर**
कार्यक्षेत्र में अधिकारियों से सहयोग नहीं प्राप्त होगा। गृहस्थ जीवन में शान्ति का वातावरण रहेगा। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। पुराने निवेश से आपको धन लाभ मिलेगा।

**कुंभ**
आज नये कार्यों की शुरुआत न करें। ऑनलाइन कारोबारियों को लेकर थोड़ा सावधान रहना चाहिये। आपके निजी सम्बन्ध प्रभावित हो सकते हैं।

**मीन**
पारिवारिक जीवन में सुखद अनुभव होंगे। प्रेमीजन अपने परिवार से विवाह को लेकर सहमति लेना चाहते हैं तो दिन शुभ है। आत्मविश्वास में कमी आ सकती है।

# राहुल और तेजस्वी की 'वोटर अधिकार यात्रा' पहुंची आरा

## महागठबंधन के नेताओं ने किया यात्रा में शामिल लोगों का स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** बिहार में 'वोटर अधिकार यात्रा' का आखिरी दिन था जो छपरा से आरा पहुंचा। कंग्रेस नेता राहुल गांधी और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव की 16 दिन लंबी इस यात्रा में शामिल होने के लिए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी पहुंचे थे। शनिवार को यात्रा की शुरुआत सारण से हुई है और अंतिम पड़ाव आरा भोजपुर पहुंची। जहां महागठबंधन के नेताओं ने यात्रा का स्वागत किया। इस यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने एक बच्चे को अपना गोद में उठाकर गाड़ी पर बैठा लिया, जो आरा में सुर्खियों का विषय बना हुआ है। कांग्रेस, राजद समेत अन्य पार्टी के कार्यकर्ता सुबह से ही हाथ में बैनर, झंडा और पोस्टर लिए यात्रा के स्वागत के लिए जुटे हुए थे। पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि यह बिहार है, इस बिहार को कोई




चुनाव नहीं लग सकता है, क्योंकि यहां के लोग खैनी में डालकर चुना रगड़ देते हैं, वहीं यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि इस बार बिहार से भाजपा को उखाड़ फेंकना है। कंग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा लगाते हुए कहा कि इस बार आरएसएस और भाजपा के मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करना है। वही कार्यकर्ताओं ने कहा कि तेजस्वी यादव के स्वागत के लिए यहां विशेष उत्साह है। उन्होंने कहा कि वोट चोरी हुई है। वोटर अधिकार यात्रा में जुट रही भीड़ को देखकर विरोधी पक्ष हताश है। उन्होंने कहा कि अगली बार युवा नेता तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनेंगे। बड़हरा विधानसभा क्षेत्र के बबुरा पुल के पास कंग्रेस नेत्री रीता सिंह, राजद नेता बीडी सिंह, युवा नेता रामबाबु सिंह समेत अन्य नेता के स्वागत के बाद कोल्हरामपुर, जमालपुर, राजापुर, सकड्डी, गिधा, क़ायमनगर, धरहरा, सपना सिनेमा, शिवगंज, मठिया, महावीर टोला, शहीद भवन, सुभाष चौक, अम्बेडकर प्रतिमा होते हुए वीर कुंवर सिंह स्टेडियम पहुंची। जहां जगह-जगह राहुल-तेजस्वी का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। वही आरा वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में यात्रा, सभा में तब्दील हो गई। देश के नेता प्रतिपक्ष, युवा दिलों की धड़कन, राहुल गांधी के ऐतिहासिक आरा आगमन पर कंग्रेस कार्यकर्ताओं एवं इंडिया गठबंधन के समर्थकों ने जगह-जगह भव्य एवं उत्साहपूर्ण स्वागत किया। जननायक राहुल गांधी ने लाखों की विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार चुनाव आयोग की निष्पक्षता को बाधित कर लोकतंत्र पर निरंतर आघात कर रही है। लेकिन अब जनता सरकार की मंशा को भली-भांति समझ चुकी है। उन्होंने दृढ़ता के साथ कहा कि अब किसी भी परिस्थिति में वोट चोरी कर सरकार बनाना संभव नहीं होगा। सभा को संबोधित करते हुए बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, वीआईपी पार्टी के नेता मुकेश साहनी, सीपीआई के वरिष्ठ नेता दीपांकर भट्टाचार्य ने संबोधित किया। भाकपा (माले) महासचिव का. दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि यह वोटर अधिकार यात्रा एसआइआर के खिलाफ आंदोलन का झंझावात बन चुकी है। कहा कि भारत के चुनाव आयोग ने बिहार में एसआइआर के जरिये 20 प्रतिशत मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाने की जो साजिश रची थी। उसे इंडिया गठबंधन ने विफल कर दिया है। कहा कि चुनाव आयोग ने जीवित लोगों को मृत और प्रवासी मजदूरों को बाहरी घोषित कर दिया है तथा भारी तादाद में महिलाओं का नाम भी मतदाता सूची से हटा दिया है। केंद्र की मोदी सरकार और बिहार में नीतीश कुमार की डबल इंजन सरकारों से हमें इसका बदला लेना है। वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में दिग्विजय सिंह, पवन खेड़ा, रागिनी नायक, कन्हैया कुमार, सांसद सुदामा प्रसाद, अलका लम्बा, डॉ अजय कुमार सिंह, त्रिवेणी सिंह, डॉ अमित कुमार द्विवेदी, डॉ शशि कुमार सिंह, डॉ श्रीधर तिवारी, मालती पांडेय, बीरेंद्र मिश्र समेत अन्य थे। पूरा बबुरा फोरलेन बैनर पोस्टर से पटा रहा। कंग्रेस नेता रीता सिंह द्वारा भव्य नाटक की प्रस्तुती, राजद नेता रामबाबु सिंह ने ठोल नगाड़ारो से अपने नेता का स्वागत किया। वही बीडी सिंह का काफिला अपने चहेते नेता का नारों से स्वागत की। यह सिलसिला आरा पहुचने तक होता रहा।

# लाल झंडों और नारों से गूंजा जगदीशपुर

## वोटर अधिकार यात्रा में शामिल होने निकला वाहनों का जत्था

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगदीशपुर/भोजपुर।** जगदीशपुर नगर स्थित सवारथ साहू उच्च विद्यालय के खेल मैदान से शनिवार को आरा में आयोजित वोटर अधिकार यात्रा और सभा में शामिल होने के लिए हजारों बाइक और 400 से अधिक छोटे-बड़े वाहनों का विशाल जत्था रवाना हुआ। यह जत्था जुलूस के रूप में निकला, जिसे स्थानीय विधायक रामबिशुन सिंह लोहिया ने राजद का ध्वज दिखाकर रवाना किया। यात्रा का नेतृत्व राजद युवा नेता किशोर कुणाल उर्फ राजू यादव ने किया। जत्था की शुरुआत दर्जनों घोड़ों से हुई। उसके बाद पार्टी का झंडा लहराते हुए बाइक पर सवार कार्यकर्ता और आम जनता शामिल हुए। इनके पीछे चार पहिया वाहन और बसों में बैठे लोग यात्रा में जुड़े। इस यात्रा में महिलाओं की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही। उक्त यात्रा में जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी 36 पंचायतों और नगर पंचायत क्षेत्र से लोग इस जुलूस में शामिल हुए। रवाना होते समय कार्यकर्ता और समर्थक उत्साह से भरे नजर आए। जगह-जगह नारे गूंजते रहे। इस मौके पर विधायक रने कहा कि जगदीशपुर की जनता और कार्यकर्ताओं ने अपनी ताकत दिखा दी है। उन्होंने कहा कि जनता पूरी तरह से तेजस्वी प्रसाद यादव को 2025 में मुख्यमंत्री बनाने को उत्साहित है और इंडिया गठबंधन के साथ खड़ी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं और जनता को आभार जताते हुए कहा कि आपकी ताकत से ही हमारे नेता बिहार का नेतृत्व करेंगे और सीएम बनकर बिहार की प्रगति की राह पर आगे बढ़ेगा। युवा नेता किशोर कुणाल ने कहा कि यह जत्था जनता और कार्यकर्ताओं के उत्साह का नतीजा है।

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी कौशल कुमार ने कहा कि आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के तैयारी के क्रम में जिलान्तर्गत सभी दसों (10) विधानसभा क्षेत्रों के लिए अलग-अलग दस मोबाईल डेमोंस्ट्रेशन वान से मतदाताओं को ई.वी.एम. इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के माध्यम से मतदान करने की प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि उक्त कार्य का पर्यवेक्षण करने के लिए सभी विधान सभावार मोबाइल डेमोंसट्रेशन वैन के साथ अगल-अलग दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। उल्लेखनीय है कि मोबाईल डेमोंस्ट्रेशन वान को प्रतिदिन सात (07) आवंटित मतदान केन्द्र लोकेशन पर ई.वी.एम. और वी.वी.पैट के प्रचालन का प्रदर्शन करना है। 28 अगस्त 2025 को जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा समीक्षा के क्रम में पाया गया कि 78-कुशेश्वरस्थान (अ.जा) के लिए प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी-सह-मनरेगा पी.ओ., बिरौल विनित कुमार, 79-गौड़ाबौराम के लिए प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी-सह-मनरेगा पी.ओ., गौड़ाबौराम संजीव कुमार, 81-अलीनगर के लिए प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी-सह-मनरेगा पी.ओ. अलीनगर गोपाल कृष्ण, 82-दरभंगा ग्रामीण के लिए प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी-सह-मनरेगा पी.ओ., मनीगाछी राजेश कुमार, 84-हायाघाट के लिए प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी-सह-प्रखण्ड उद्यान पदाधिकारी, बहेड़ी संजय कुमार, 86-केवटी के लिए प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी-सह-मनरेगा पी.ओ., केवटी अमित कुमार एवं 87-जाले के प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी-सह-मनरेगा पी.ओ., सिंहवाड़ा यशवन्त कुमार द्वारा प्रतिदिन अपेक्षित संख्या में आवंटित मतदान केंद्रों पर प्रदर्शन नहीं किया गया।

# भूमि विवाद से संबंधित जनता दरबार में आए मामले

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न राजस्व ग्रामों में उत्पन्न भूमि विवाद के निबटारे को लेकर शनिवार को थाने में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें एक भूमि विवाद का मामला सुनवाई के लिए दर्ज किया गया है तथा दो पुराने मामले की सुनवाई कर निष्पादित किया गया। समसा पंचायत के विमली देवी व अशोक राय के रैयती भूमि विवाद मामले को सुनवाई के लिए दर्ज किया गया । निष्पादित मामले महेशवाड़ा पंचायत के संजीव कुमार महाराज व कैलाश तांती के मामले को सक्षम न्यायालय में जाने तथा डफरपुर पंचायत के सागर तांती व विजय तांती का है। उपरोक्त मामले में द्वितीय पक्ष को बार बार नोटिस जारी करने के बाद भी दर्ज तिथि के बाद उपस्थित नहीं हुआ था। जनता दरबार में कुल 05 मामले लंबित है। छतौना के रामनारायण महतो व मिथिलेश कुमार, अब्बूपुर के दामोदर महतो व सोनी देवी, रामनारायण महतो व मिथिलेश कुमार, चक्का के नारायण महतो व राजकुमार पोद्दार, शेखपुरा के सुखो ताती व मनोज पासवान, रजाकपुर के अमीर महतो व अमीन महतो, पहसारा के रमेश सहनी व राम उदय सहनी आदि मामले की सुनवाई कर अगली तारीख मुकर्रर की गयी। मौके पर सीओ सूरज कुमार, एसआई विश्वजीत कुमार, अंचल कर्मी गोपाल कुमार अमरजीत कुमार व फरियादी आदि मौजूद थे।

# संगठन और समाज में एकजुटता की भावना मजबूत करता है खेल : जयदीप घोष

## एनटीपीसी में राष्ट्रीय खेल दिवस आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** एनटीपीसी बरौनी टाउनशिप परिसर में शुक्रवार को केन्द्र सरकार के दिशा-निर्देश एवं फिट इंडिया मुहिम को सशक्त बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख जयदीप घोष एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में बच्चों की धीमी साइकिल दौड़ से हुआ। इसके उपरांत श्री घोष ने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को फिट इंडिया शपथ दिलाई। इस अवसर पर वलीबल टूर्नामेंट सहित अन्य खेलों का आयोजन किया गया।



जिसमें कर्मचारियों एवं परिजनों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम के आकर्षणों में बच्चों के लिए धीमी साइकिल दौड़, एनटीपीसी एवं सीआईएसएफ टीम के बीच मैत्रीपूर्ण वॉलीबॉल मैच तथा टाउनशिप की महिलाओं के लिए थ्रोबल प्रतियोगिता शामिल रही। अपने संबोधन में परियोजना प्रमुख श्री घोष ने फिटनेस, टीम भावना और नवोदित खेल प्रतिभाओं के विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खेल न केवल स्वास्थ्य और अनुशासन प्रदान करते हैं बल्कि संगठन और समाज में एकजुटता की भावना भी मजबूत करते हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस महान हकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जी की जयंती पर मनाया जाता है। जिस प्रकार ध्यानचंद जी ने अपने खेल में उत्कृष्टता का परिचय दिया, उसी प्रकार हमें भी अपने कार्य में उत.ष्टता प्राप्त करने, अनुशासन बनाए रखने और संगठन को नई ऊँचाइयों तक ले जाने का प्रयास करना चाहिए।राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में कर्मचारियों, परिवारजनों एवं सीआईएसएफ कर्मियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ऊर्जापूर्ण वातावरण में इस बात का विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के खेल निरंतर आयोजित होते रहेंगे।

# कांग्रेस कार्यालय के समक्ष भाजपा ने किया प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिला कांग्रेस कार्यालय पर शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओ ने जमकर बबाल काटा। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माँ पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय के मुख्य द्वार के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हाथों में पार्टी के झंडे लेकर कांग्रेस नेताओं के खिलाफ नारेबाजी की। आपत्तिजनक बयान के लिए सार्वजनिक माफी की मांग की।प्रदर्शन के दौरान स्थिति और



रोचक हो गई। जब कांग्रेस कार्यालय से बाहर निकलकर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी प्रतिरोध दर्ज कराया। कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में पार्टी का झंडा लेकर भाजपा के नारेबाजी का जवाब दे रहे थे। देखते ही देखते कांग्रेस कार्यालय के बाहर दोनों दलों के कार्यकर्ता आमने-सामने खड़े होकर एक-दूसरे को प्रतिरोध जता रहे थे। भाजपा नेताओं का कहना था कि प्रधानमंत्री और उनके परिवार को लेकर अभद्र टिप्पणी लोकतंत्र की मर्यादाओं के खिलाफ है। कांग्रेस को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। वहीं कांग्रेस नेताओं ने भाजपा के इस प्रदर्शन को राजनीतिक नौटंकी करार देते हुए पलटवार किया। कांग्रेस कार्यालय के बाहर दोनों दलों के कार्यकर्ताओं की आमने-सामने की नारेबाजी को देखते हुए प्रशासन ने मौके पर पुलिस बल की तैनाती कर दी। पुलिस की मौजूद्गी में मामला शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त हुआ।

# सीओ ने किया राजस्व महाअभियान का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** राज्य सरकार के निर्देश पर चलाए जा रहे राजस्व महाअभियान के तहत शिवाजीनगर प्रखंड क्षेत्र में किसानों व आम लोगों को भूमि संबंधी समस्याओं के समाधान का सुनहरा अवसर दिया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को प्रखंड के रहियार दक्षिण स्थित पंचायत सरकार भवन पर राजस्व महाअभियान के तहत चल रहे कार्यों का निरीक्षण शिवाजीनगर अंचलाधिकारी वीणा भारती ने किया। निरीक्षण के दौरान सीओ ने किसानों द्वारा दिए गए आवेदन पत्रों की जांच की और मौके पर मौजूद राजस्वकर्मियों एवं




सीएससी ऑपरेटरों को तेजी से काम निपटाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक किसानों की समस्याओं का समय पर समाधान किया जाए, ताकि उन्हें बार-बार अंचल कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े।कार्यक्रम में प्रखंड सुपरवाइजर निरंजन कुमार, सहायक नवीन कुमार सिंह, सीएससी ऑपरेटर रविशंकर झा, विवेकानंद शर्मा, माधव झा, गुलशन कुमार, प्रिंस कुमार एवं संजीत मिश्रा सक्रिय रूप से मौजूद थे और किसानों द्वारा दिए जा रहे आवेदन को ऑनलाइन दर्ज करने का कार्य कर रहे थे। इस दौरान जमाबंदी में सुधार भूमि रजिस्टर में त्रुटियों को ठीक करना, जमाबंदी ऑनलाइन करना, पुराने रिकॉर्ड को डिजिटलीकृत करना, उत्तराधिकारी नामांकन, भूमि स्वामी की मृत्यु के बाद वारिसों के नाम दर्ज करना, बटवारा नामांकन, परिवार के बीच भूमि के हिस्से का नामांतरण आदि कार्य किये जाएंगे। सीओ ने उपस्थित कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि किसानों के आवेदन को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं। साथ ही यह भी कहा कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने किसानों से भी अपील की कि वे इस अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और समय पर अपने भूमि संबंधी दस्तावेजों को सही करवा ले।

# पूर्व मंत्री के पुत्र जन सुराज में शामिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** बिहार के बड़े समाजवादी नेताओं में शुमार रहे रामजीवन सिंह ने शुक्रवार को जन सुराज को अपना समर्थन दिया है। उनके पुत्र ड राजीव नयन अपने आवास पर आयोजित कार्यक्रम में प्रशांत किशोर ने जन सुराज में शामिल कराया। इस मौके पर प्रशांत किशोर ने कहा कि रामजीवन सिंह उन कुछ लोगों में हैं, जिनके बारे में कहा जाता है कि अगर वो सक्रिय होते तो राजनीति की दिशा कुछ और होती। इन्होंने अब जन सुराज को अपना आशीर्वाद दिया है और



अपने पुत्र को पार्टी के कार्यों में शामिल होने की आज्ञा दी है। इसके लिए इनका आभार प्रकट करता हूं।बता दें कि रामजीवन सिंह का करीब 50 साल लंबा राजनीतिक जीवन रहा है। वो पांच बार विधायक और दो बार सांसद रहे हैं। कर्पूरी ठाकुर समेत बिहार की कई सरकारों में मंत्री रहे। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रहे। साल 2009 में उन्होंने सक्रिय राजनीति से संन्यास ले लिया। वहीं उनके पुत्र 59 साल के ड राजीव नयन बेगूसराय के मंझौल स्थित महेंद्र सावित्री कलेज के प्रिंसिपल हैं।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पीएम का फूंका पुतला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** भाजपा कार्यकर्ता द्वारा कांग्रेस कार्यालय पर किये गए प्रदर्शन के विरुद्ध समाहरणालय पर पीएम का पुतला दहन किया। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कथित तौर पर गाली देने से आक्रोशित भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प का मामला सामने आ गया। सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक कुंदन सिंह और ललन कुंवर के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय पर हमला बोल दिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसका



जमकर विरोध किया और मामला गंभीर हो गया। आखिरकार कांग्रेसियों के कड़े प्रतिरोध के बाद भाजपा कार्यकर्ता को पीछे हटना पड़ा। इसी बीच मामले जानकारी पूर्व विधायक अमिता भूषण और अध्यक्ष अभय कुमार को मिली। श्रीमती भूषण अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ कांग्रेस कार्यालय पहुंची। तबतक भाजपा कार्यकर्ता वहाँ से निकल चुके थे। श्रीमती भूषण ने आक्रमक रूख अपनाते हुए सैकड़ो लोगों के साथ कैटीन चौक पर पहुंचकर प्रधानमंत्री का पुतला फूंका। अमिता भूषण के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक से मिला। मामले की जानकारी देते हुए अराजक तत्वों पर सख्त करवाई की माँग की गई। प्रेस से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कथित तौर पर गाली का पूरा मामला प्रायोजित है। वोट अधिकार यात्रा को मिल रहे समर्थन से बौखलाई भाजपा नीचता पर उतर आई है। जिसका करारा जवाब मिलेगा। इस दौरान श्रीमती भूषण के साथ जिलाध्यक्ष अभय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष रामविलास सिंह, युवा अध्यक्ष राहुल सिंह, हारून रशीद, एनएसयूआई के राजा कुमार, कुमार रत्नेश टुल्लू, मुरलीधर मुरारी ब्रजेश कुमार प्रिंस, संजीव सिंह, गोपाल सिंह मोहित सिंह, आलोक कुमार, राजेंद्र पासवान, राहुल कुमार, गुड्डू सिंह, सुबोध सिंह, राजिब कुमार, कौशल किशोर, आर्यन कुमार सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### सेवानिवृत्त लिपिक को दी गई विदाई

**दरभंगा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** संस्कृत विश्वविद्यालय के भूसंपदा विभाग के साथ- साथ ज्योतिष विभाग में कार्यरत उच्चवर्गीय लिपिक चौधरी रामविलास राय को सेवानिवृत्ति पर शनिवार को विदाई दी गयी। उनका कार्यकाल कल 31 अगस्त को पूरा हो रहा है। चूंकि कल रविवार को साप्ताहिक अवकाश रहेगा इसलिए उन्हें आज ही दोनों विभागों से ससम्मान विदा किया गया। इस अवसर पर उन्हें पाग व चादर के साथ अन्य उपहार भेंट कर सम्मानित भी किया गया। उधर, ज्योतिष विभाग के अध्यक्ष व कुलानुशासक डॉ कुणाल कुमार झा ने कहा कि लिपिक श्री राय कार्य के प्रति अतिसंवेदनशील रहे हैं। वे उनके लंबे स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं। विदाई के मौके पर डॉ वरुण कुमार झा, डॉ यदुवीर स्वरूप शास्त्री, डॉ शम्भूनाथ तिवारी, डॉ अवधेश श्रोत्रिय, कर्मचारी नेता डॉ अनिल कुमार झा, डॉ रविन्द्र मिश्र समेत कई कर्मी मौजूद थे।

### डा. विपुल स्नेही बने उप परीक्षा नियंत्रक

**दरभंगा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर गणित विभाग के सहायक प्रोफ़ेसर डॉ विपुल स्नेही को उप- परीक्षा नियंत्रक (सामान्य शिक्षा) का दायित्व सौंपा गया है। कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी के आदेश से शनिवार को इस बाबत कुलसचिव कार्यालय द्वारा अधिसूचना जारी की गई। बता दें, इससे पूर्व डॉ इंसान अली उप- परीक्षा नियंत्रक (सामान्य शिक्षा) के पद पर कार्यरत थे।

### राष्ट्रवादी इतिहास लेखन पर परिचर्चा आयोजित

**दरभंगा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर इतिहास विभाग द्वारा राष्ट्रवादी इतिहास लेखन के विभिन्न पहलुओं विषय पर शनिवार को परिचर्चा का आयोजन हुआ। इस परिचर्चा की अध्यक्षता विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. नैयर आज़म ने की, जिसमें विभागाध्यक्ष प्रो. संजय झा तथा डॉ. अमीर अली ख़ान मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहें। दोनों ही विद्वान वक्ताओं ने राष्ट्रवादी इतिहास - लेखन की परंपरा, उसके विभिन्न आयामों एवं वर्तमान संदर्भ में उसकी प्रासंगिकता पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। परिचर्चा में विचार रखते हुए प्रो झा ने कहा कि राष्ट्रवादी इतिहास लेखन केवल अतीत का पुनर्निर्माण मात्र नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने का भी माध्यम है। विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने विषय पर गंभीरता से विचार करते हुए जिज्ञासा रखी जिनका उत्तर डॉ ख़ान ने तार्किक और सुव्यवस्थित तरीके से रखा। विषय-प्रवेश एवं संचालन का दायित्व डॉ. मनीष कुमार ने निभाया, वहीं शोधार्थी दीपक आनंद झा ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

### शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी आयोजित

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के सभी प्राइमरी एवं मिडिल स्कूल में सुरक्षित शनिवार एवं शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने किया। विद्यालय में पोषण स्वास्थ्य, स्वच्छता, खेल गतिविधि और उपलब्ध खेल सामग्री, शैक्षिक उपलब्धि से अवगत कराया गया। अपग्रेड मिडिल स्कूल सैदपुर विष्णुपुर में प्रभारी प्रधानाध्यापक संजीत महतो, अपग्रेड मिडिल स्कूल चक्का में शंभू महतो ने बच्चों एवं किशोर किशोरियों के व्यक्तिगत स्वच्छता, माहवारी स्वच्छता, घर परिवेश की स्वच्छता, शौचालय, पानी, रसोईघर की स्वच्छता के बारे में जानकारी दी गयी। बच्चों के इधर-उधर मल त्याग तथा खुले में शौच के बाद यत्र तत्र मल को नहीं फेंकना चाहिए। कचरा प्रबंधन के तहत गीले कचरे और सूखे कचरे के निपटान एवं डस्टबीन उपयोग पर जोर दिया। मौके पर सिकंदर सहनी, कुमारी साधना, पंकज कुमार, अभिलाष कुमार, अंकित यादव, मिथिलेश कुमारी, प्रियदर्शन कुमार, जमील अहमद, चित्ररेखा कुमारी, ललन कुमार,मनटुन महतो, अशोक शर्मा, सुमन कुमार आदि मौजूद थे।

### पीएचसी में एएनएम की बैठक

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पीएचसी नावकोठी में एएनएम की बैठक शनिवार को आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ड राजीव रंजन चौधरी ने की। बीएमईए संदीप चंद्र ने बताया कि इनके पोषक क्षेत्र के गर्भवती महिलाओं तथा बच्चों का रजिस्ट्रेशन तथा टीकाकरण अब आरसी एच 2.0 एप से होगा। इस एप पर निबंधित लाभुकों को टीकाकरण हेतु मेसैज भेजकर उन्हें टीकाकरण की तिथि की जानकारी दी जाएगी। इससे ससमय सूचना प्राप्त हो जाएगी। सूचना मिलने के बाद टीकाकरण में सहुलियत होगी। इससे टीकाकरण के लक्ष्य प्राप्त करने में भी आसानी होगी। इस एप में आभा आईडी से वांछित टीकाकरण को लाभुकों की ट्रेकिंग करने में सहुलियत होगी। वहीं 0 डोज, टीकाकरण कार्य हेतु 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों व गर्भवती महिलाओं से संबंधित टीकाकण, सर्वे रजिस्टर एवं ड्यू लिस्ट टीकाकरण की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना से संबंधित बचे हुए सभी बच्चियों का सर्वेक्षण कर रिपोर्ट सौपने, प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित योजना अन्तर्गत होने वाले चार जांच सुनिश्चित कराने, ड्यू लिस्ट सर्वे अद्यतन करने, टेली मेडिसिन, गैर संचारी रोग, डायबिटीज, बीपी, कैंसर, टीबी, कुष्ट, फाइलेरिया, एनीमिया मुक्त भारत आदि की समीक्षा की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### अलग-अलग मामलों में 18 गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विभिन्न थाने की पुलिस शुक्रवार को छापेमारी कर अलग-अलग मामले के 18 आरोपितों को गिरफ्तार की है। पुलिस इंस्पेक्टर विश्व मोहन चौधरी ने बताया कि विभिन्न थाने की पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई में दो वारंटी समेत 18 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें से छह की गिरफ्तारी उत्पाद अधिनियम के तहत की गई है। अजमानतीय आठ वारंट का निष्पादन किया गया है। पुलिस इन सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दी है। विगत 24 घंटे में पुलिस की कार्रवाई में 121 लीटर 860 मिलीलीटर शराब, एक देसी कट्टा व दो कारतूस जब्त किया गया है। अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से चलाए गए वाहन जांच के दौरान पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने और आधे अधूरे कागजात वाले वाहन चालकों से 72 हजार रुपये जुमार्ना वसूल की है।

### इंदिरा आवास बनवाने का झांसा देकर 46 हजार रुपये की धोखाधड़ी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** खुद को इंदिरा आवास सहायक बताकर एक अपराधी ने इंदिरा आवास बनवाने का झांसा देकर नरकटियागंज के वार्ड 11 निवासी सुशील कुमार से 46 हजार रुपये ठग लिया है। घटना तीन जुलाई की है। मामले में सुशील कुमार ने करीब दो माह बाद 27 अगस्त को शिकारपुर थाना में एक मोबाइल फोन धारक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है। शिकारपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच हो रही है। दर्ज प्राथमिकी में सुशील कुमार ने बताया है तीन जुलाई को उसके मोबाइल फोन पर एक कॉल आया। फोन करने वाले ने मुझको इंदिरा आवास सहायक बताया। चार-पांच लोगों का नाम लेकर कहा कि मैं इंदिरा आवास पास करा दूंगा। फिर उसने अपना पे फोन स्कैनर भेजा। कहा की इसपर रुपये डाल दीजिए। सुशील उसकी झांसे में आकर स्कैनर के माध्यम से 46 हजार रुपये भेज दिए। अब वह मोबाइल फोन बंद हो गया है। मोबाइल नंबर जांच कराने पर पता चला कि उसका धारक बलथर थाना क्षेत्र के आर्या नगर निवासी धर्मेंद्र कुमार है।

### देवर ने भाभी को पीटा, प्राथमिकी दर्ज

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के मनवा परसी गांव में देवर व अन्य ने भाभी कि पिटाई किया है। मामले में मनवा परसी गांव निवासी तुलसी महतो की पत्नी रिंकी देवी ने अपने देवर विक्की महतो, प्रदीप कुमार की पत्नी इंद्रकला देवी व प्रदीप कुमार के खिलाफ शिकारपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में रिंकी देवी ने बताया है कि उसके प्रति बाहर रह कर काम करते हैं। 26 अगस्त की रात उसका देवर बिना किसी गलती के मारपीट कर उसे घर से बाहर निकाला। अन्य दोनों आरोपित घर में घुस आभूषण चोरी कर लिए। प्राथमिकी के बाद पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।

### प्रधानमंत्री की माता को लेकर गाली के विरोध में महिला में आक्रोश



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/नबिटा ब्यूरो।** इंडी गठबंधन के मंच से प्रधानमंत्री की माता को लेकर आपतिजनक गाली के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा, मोतिहारी द्वारा बयान के विरोध में मोर्चा की जिलाध्यक्ष नीता शर्मा के नेतृत्व में आक्रोश रैली निकाली गई। यह रैली भाजपा संसदीय कार्यलय, गाँधी कॉम्प्लेक्स से निकल चरखा पार्क पहुंच कर जनसभा में बदल गई। मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार ने उक्त घटना की घोर निंदा करते हुए कहा कि यह घटना भारत की राजनीति में काले अक्षरों में अंकित हो गई। इसका बदला बिहार की जनता अवश्य लेगी। अपने संबोधन में महिला मोर्चा प्रभारी मीना मिश्रा ने कहा यह प्रधानमंत्री की माँ का अपमान नहीं है, पूरे देश की माँ का अपमान है। संगीता चित्रांश ने कहा कि एक माँ के साथ पूरे समाज की महिलाओं का अपमान किया है और इसकी घोर निंदा करती हूँ। इस कुकृत्य के लिए राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को पूरे देश की महिलाओं से माफी माननी चाहिए। कार्यक्रम में प्रभावती देवी, इलायची देवी, चंद्रलता वर्मा, रंजना श्रीवास्तव, गीता सिन्हा, आशा चंद्रा, शोभा गुप्ता, बबिता रानी, सुनिता देवी, पिन्टू सिंह, रिना सिंह, राजदेवी प्रियंका देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

### ट्रक की चपेट में महिला की मौत


**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोपालपुर थाना क्षेत्र के छोटा गोपालपुर गांव स्थित वार्ड 10 में विगत 19 अगस्त को ट्रक की चपेट में आई वृद्ध महिला की निजी अस्पताल में शुक्रवार की देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका छोटा गोपालपुर गांव निवासी सीताराम पासवान की पत्नी रंबा देवी (70) है। मृतका के बड़े पुत्र चुमन पासवान ने बताया कि घटना 19 अगस्त शाम करीब 04 बजे की है। उन्होंने बताया कि मां रंबा देवी घर से उत्तर गोपालपुर चौक से किराना दुकान से समान खरीद लौट रही थी। इस बीच सामने से ट्रक की चपेट में आ गई। जिसमें वे गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया। तथा आनन-फानन में परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए रात्रि करीब 07 बजे जीएमसीएच लाया गया। जहां स्थिति गंभीर होने पर 20 अगस्त को शहर के सुप्रिया रोड़ स्थित एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार की देर रात करीब 12:30 बजे मृत्यु हो गई। घटना की सूचना गोपालपुर थाना की पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच भेज दिया। इस संदर्भ में गोपालपुर थानाध्यक्ष अंकित कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में पहले ही प्राथमिकी दर्ज कर ट्रक को जब्त किया गया है।

### खिलाड़ियों को अंचलधिकारी एवं मुखिया ने किया सम्मानित

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शुक्रवार को श्रीपुर पंचायत के स्थानीय मुखिया उदय सोनम जायसवाल के द्वारा खेल दिवस के मौके पर पंचायत के खिलाड़ियों को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में पंचायत के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया.। उक्त समारोह का आयोजन श्रीपुर स्थित सुधा डेयरी पर किया गया। मुख्य अथिति के रूप में अंचलाधिकारी आंनद कुमार ने सभी खिलाड़ियों को अंगवस्त्र (ड्रेस) देकर सम्मनित किया। अयोजकर्ता द्वारा सभी खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य कामना की गयी। मौके पर उप मुखिया उदेश यादव,बबलू यादव, प्रमोद यादव,मदन शाह,सन्नी कुमार,पंचायत सचिव जय प्रकाश राम आदि गण्यमान लोग उपस्थित रहे।

### ट्रेड लाइसेंस शिविर में 32 व्यवसायियों ने अपना लाइसेंस का नवीनीकरण कराया

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चैंबर ऑफ कॉमर्स के सौजन्य से नगर निगम मोतिहारी के द्वारा स्थानीय मीना बाजार स्थित नवयुवक पुस्तकालय में द्वितीय ट्रेड लाइसेंस शिविर का आयोजन हुआ। इस ट्रेड लाइसेंस शिविर में मोतिहारी के लगभग 32 व्यवसायियों ने अपना लाइसेंस का नवीनीकरण कराया, एवं आवेदन दिया दिया ' जिससे नगर निगम को लगभग 2 लाख 1 हजार 670 रुपया राजस्व की प्राप्ति हुई ' आज के कार्यक्रम में नगर निगम के तरफ से टैक्स दरोगा अरुण मिश्रा, रविरंजन कुमार, गौरव कुमार कर संग्राहक अनूप कुमार और उपस्थित थे ' शिविर मोतिहारी चैंबर के अध्यक्ष अंगद सिंह के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, मोतिहारी चैंबर के पूर्व अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल , राजीव विजडम डॉ. विवेक गौरव महासचिव आलोक कुमार, उपाध्यक्ष सुधीर गुप्त कार्यक्रम प्रभारी रविशेखर सदस्य, पूर्व महासचिव रामभजन श्याम कुमार, केशव कृष्णा उपस्थित थे इसके अलावा सहित शहर के बहुत से व्यापारी उपस्थित हुए। उक्त जानकारी महासचिव सह मीडिया प्रभारी आलोक कुमार ने दिया।



### विवादित सड़क पर ईंट की नींव, ग्रामीणों को कठिनाई

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वर्षों से विवादित सड़क पर एक व्यक्ति के द्वारा आखिर कब्जा कर ही लिया गया, यहां बता दें कि वेलवा गांव निवासी प्रभू गिरी के द्वारा सड़क की जमीन को अपना बताया जा रहा था इस मामले में गांव के कुछ लोगों के द्वारा आरोप लगाया गया है कि यह सड़क की जमीन खतियानी है इसको लेकर पूर्व हरपुर थाना प्रभारी किशन पासवान के पास आवेदन देकर मामला को सुलझाने का प्रयास किया गया था लेकिन मामला अधुरा रहा,इस बावत ग्रामीणों ने मुखिया व अमीन के माध्यम से सुलझाने का प्रयास किया, मामलों के लेकर गांव के जोखन गिरी,सुधीर गिरी ने अनुमंडल पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, अंचलाधिकारी को आवेदन देकर अवगत कराया था लेकिन आज प्रभू गिरी सड़क पर दिवार उठाने में सफल रहे, विवादित सड़क को लेकर गांव में दो पक्षों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है जो किसी अनहोनी की संकेत दिख रही है।

# वोटर अधिकार यात्रा के तहत राहुल गांधी, तेजस्वी यादव व अखिलेश यादव का रोड शो







**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**छपरा/एकमा (सारण)।** शनिवार को वोटर अधिकार यात्रा के तहत कांग्रेस नेता राहुल गांधी, बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता व पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव का काफिला छपराझसीवान नेशनल हाईवे 531 होते हुए एकमा पहुंचा। इस दौरान महागठबंधन के इन शीर्ष नेताओं ने रोड शो किया। रोड शो का रूट कर्णपुरा स्थित लक्ष्मी ब्रह्म बाबा परिसर से शुरू होकर आमडाढ़ी रेलवे ओवरब्रिज, एकमा पुरानी चट्टी, परसागढ़ मोड़, एकमा बस स्टैंड, एकमा हाई स्कूल होते हुए दाउदपुर की ओर बढ़ा और फिर छपरा शहर की तरफ रवाना हो गया। पूरे मार्ग पर सड़क के दोनों किनारों पर स्थानीय जनता, राजद-कांग्रेस-सपा-माकपा सहित महागठबंधन के कार्यकताओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। लोग नेताओं की एक झलक पाने के लिए आतुर दिखे। नेताओं ने किसी भी स्थान पर रुककर संबोधन नहीं किया। बल्कि अपने वाहनों से हाथ हिलाते हुए आम जनता का अभिवादन किया और आगे बढ़ गए। इससे महागठबंधन के स्थानीय नेताओं व कार्यकताओं को कुछ हद तक निराशा भी हुई। एकमा पुरानी चट्टी के समीप स्थानीय स्तर पर एक मंच बनाया गया था। कयास लगाया जा रहा था कि राहुल गांधी यहां संक्षिप्त संबोधन कर सकते हैं। मंच से कांग्रेस के प्रदेश व स्थानीय नेता बार-बार उनके आगमन की घोषणा करते रहे, लेकिन राहुल गांधी मंच पर नहीं पहुंचे और उनका काफिला सीधे छपरा शहर की ओर निकल गया। इस कारण मंच पर मौजूद स्थानीय नेताओं को अपने नेता का संबोधन सुनने एवं उनका स्वागत करने का अवसर भी नहीं मिला। दोपहर से पहले छपरा शहर के निश्चित रूप से होते हुए वोटर अधिकार यात्रा का रोड शो आरा शहर के लिए रवाना हो गया। इस मौके पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। एकमा अंचलाधिकारी राहुल शंकर, एकमा बीडीओ डॉ अरुण कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजकुमार, अंचल पुलिस निरीक्षक वीरेंद्र सिंह, पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार सहित कई पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारी व सुरक्षा व्यवस्था में सशस्त्र पुलिस बल अलग-अलग स्थानों पर तैनात रहे। बीडीओ डॉ अरुण कुमार व सीओ राहुल शंकर समेत प्रशासनिक अधिकारियों ने भी रोड शो पर लगातार निगरानी रखी। कड़ी सुरक्षा घेरे में वोटर अधिकार यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई, जिसके बाद पुलिस-प्रशासन ने राहत की सांस ली।

**एकमा में राहुल, तेजस्वी व अखिलेश का रोड शो, मंच पर नहीं रुके नेता, एकमा में उमड़ा जनसैलाब, मंच सजा रह गया, महागठबंधन के नेतागण सीधे छपरा की ओर हुए रवाना**

**एकमा की रोड शो में यह नेता व कार्यकर्ता रहे शामिल:**

छपरा सिवान नेशनल हाईवे 531 पर शनिवार की सुबह वोटर अधिकार यात्रा के दौरान एकमा विधायक श्रीकांत यादव, राजद नेता सुभाष यादव अवधेश यादव, जितेंद्र यादव, राजेश्वर यादव, वकील यादव, कन्हैया यादव, राजेश प्रसाद, राजद नेता व पूर्व एमएलसी प्रत्याशी सुधांशु रंजन, समाजवादी पार्टी के उत्तर प्रदेश से आए पूर्व विधायक जयप्रकाश अंचल, युवा नेता नीरज यादव, जय सिंह प्रताप यादव, बलिया के सभासद अमित दुबे, राकेश सिंह राजू ओम प्रकाश यादव राकेश यादव, माकपा नेता अरुण कुमार, कांग्रेस के बिहार के पूर्व प्रदेश सचिव एनपी सिंह कुंदन, चंदन यादव, नरेंद्र प्रताप मिश्र, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष किशुन सिंह, अमावस मांझी, प्रो अवध बिहारी मिश्रा, प्रशांत पांडेय आदि के अलावा काफी तादात में महागठबंधन के कार्यकर्ता व आम नागरिक शामिल रहे। इस दौरान महागठबंधन के कार्यकताओं ने अपने-अपने पार्टी के नेताओं के स्वागत व सम्मान में गगन भेदी नारे लगाए।

**सुरक्षा घेरे में रोड शो, कार्यकर्ताओं की उम्मीदें अधूरी, वोटर अधिकार यात्राः रोड शो में जनता संग महागठबंधन के दिग्गज, स्थानीय नेताओं को निराशा**

**वोटर अधिकार यात्रा में उमड़ा जनसैलाब**

### एकमा से कोपा तक राहुल गांधी, अखिलेश यादव व तेजस्वी यादव का हुआ भव्य स्वागत

**एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार की सुबह लगभग 9.00 बजे वोटर अधिकार यात्रा के तहत कांग्रेस नेता राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव तथा बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का काफिला एकमा के कर्णपुरा कैंप से निकला। यात्रा के दौरान जगह-जगह नेताओं का गगन भेदी नारे लगाकर व बैनर, पोस्टर, तोरणद्वार आदि पर जोरदार स्वागत किया गया। काफिले के एकमा, बेलदारी मोड़, दाउदपुर, बनवार व कोपा पहुंचने पर स्थानीय नेताओं ने अपने-अपने क्षेत्र में स्वागत की भव्य तैयारियां की थीं। एकमा में विधायक श्रीकांत यादव, बेलदारी मोड़ व दाउदपुर में राजद नेता सुधांशु रंजन, कांग्रेस नेता नरेन्द्र प्रताप मिश्रा, बनवार में मांझी विधायक डॉ. सत्येन्द्र यादव, कोपा में राजू रुद्र यादव के नेतृत्व में हजारों की भीड़ ने नेताओं का सड़क किनारे खड़े रहकर सम्मान किया। पूरे मार्ग में कांग्रेस, राजद, माकपा व समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं का उत्साह चरम पर रहा। हाथों में पार्टी के झंडे, बैनर व गगनभेदी नारों से इलाका गुंजायमान हो उठा। सड़क के दोनों किनारों पर खड़ी भीड़ नेताओं की एक झलक पाने के लिए बेताब दिखी। इस दौरान महागठबंधन के शीर्ष नेताओं ने रोड शो के जरिए जनता का अभिवादन किया और हाथ हिलाकर समर्थन के लिए आभार जताया। हालांकि कहीं भी रुककर संबोधन नहीं किया गया, लेकिन भीड़ का उत्साह देखने लायक था। सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था के बीच पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

# आज होगा एमजीसीयू में 'दीक्षारंभ' समारोह का आयोजन



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, में विश्वविद्यालय के जनसंपर्क प्रकोष्ठ द्वारा चाणक्य परिसर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने की। उनके साथ समन्वय समिति (दीक्षारंभ झ 2025) के अध्यक्ष प्रो. प्रसून दत्त सिंह, जनसंपर्क प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. श्यामनंदन, तथा विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. शेफालिका मिश्रा उपस्थित रहीं जिन्होंने कार्यक्रम का संचालन किया।प्रेस कॉन्फ्रेंस में जनसंपर्क प्रकोष्ठ के सदस्य डॉ. सुनील घोड़के, डॉ. परमत्मा मिश्रा, डॉ. सपना सुगंधा, डॉ. आशा मीणा, डॉ. गोविंद प्रसाद वर्मा, डॉ. कुंदन किशोर, डॉ. अनुपम वर्मा और डॉ. पंकज कुमार सिंह भी मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त कुलपति के ओएसडी डॉ. पाथलोथ ओमकार ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्य घोषणा : - दीक्षारंभ 2025 प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह घोषणा की गई कि विश्वविद्यालय का नवागंतुक छात्र दीक्षारंभ कार्यक्रम 31 अगस्त 2025 (रविवार) को प्रातः 11:00 बजे महात्मा गांधी सभागार, मोतिहारी में आयोजित होगा।इस अवसर पर संदीप चंद्र दुबे, राज्य मंत्री , कोयला एवं खान मंत्रालय, मुख्य अतिथि के रूप में पधारेंगे । राधा मोहन सिंह, सांसद और पूर्व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री; डॉ. राजभूषण चौधरी, राज्य मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय ; और प्रो. के. एन. सिंह, कुलपति, केंद्रीय विश्वविद्यालय, दक्षिण बिहार कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव करेंगे। दीक्षारंभ कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी छात्रों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परंपरा, भारतीय ज्ञान - परंपरा एवं मूल्यों से जोड़ना है, ताकि वे उच्च शिक्षा की नई यात्रा को आत्मविश्वास और प्रेरणा के साथ आरंभ कर सकें। दिन में आयोजित इस औपचारिक समारोह के अतिरिक्त, संध्या में एक सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें विश्वविद्यालय के छात्र अपनी विविध प्रतिभाओं का प्रदर्शन करेंगे। पिछले दो वर्षों की उपलब्धियां (2023-25) प्रेस कॉन्फ्रेंस में कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने विश्वविद्यालय की उल्लेखनीय उपलब्धियों को साझा किया। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह (अक्टूबर 2023) को भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की गरिमामयी उपस्थिति ने ऐतिहासिक बना दिया, वहीं द्वितीय दीक्षांत समारोह (दिसंबर 2024) उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की उपस्थिति और इंडियन काउंसिल ऑफ वर्ल्ड अफेयर्स से सहयोग की घोषणा के कारण ऐतिहासिक महत्व का बन गया। इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में भी विश्वविद्यालय ने महत्वपूर्ण प्रगति की है। स्थायी परिसर के लिए कुल 261.26 एकड़ भूमि का आवंटन तथा विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन शिक्षा मंत्रालय को प्रस्तुत किया गया है। सीपीडब्ल्यूडी के सहयोग से एक विश्वस्तरीय और सतत परिसर का निर्माण शीघ्र ही प्रारंभ होने वाला है।शैक्षणिक मोर्चे पर छात्रों और संकाय सदस्यों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। पिछले दो वर्षों में 500 से अधिक छात्रों ने UGC-NET और 300 ने GATE उत्तीर्ण किया, जबकि सैकड़ों छात्रों का प्रतिष्ठित संस्थानों और कंपनियों में चयन हुआ। विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र रवि को कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, रिवरसाइड में डीन डिस्टिंग्विश्ड अवॉर्ड के साथ पीएचडी हेतु प्रवेश मिला है। संकाय सदस्यों को आईसीएसएसआर और आईसीएमआर जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं से अनुसंधान परियोजनाएँ प्राप्त हुईं तथा अंतरराष्ट्रीय फैलोशिप एवं उच्च स्तरीय शोध पत्र प्रकाशन हुए। विश्वविद्यालय में समर्थ पोर्टल का सफल क्रियान्वयन, पीएचडी हेतु पारदर्शिता लाने वाले एसओपी, और युवा शिक्षकों को प्रोत्साहित करने हेतु सीड मनी ग्रांट जैसी पहलें लागू की गईं। इसके साथ ही विश्वविद्यालय ने एमबीए (फूड एंड एग्रीबिजनेस) तथा एमबीए (इंटरनेशनल बिजनेस) जैसे उद्योगोन्मुखी नए पाठ्यक्रम शुरू किए हैं, जिनके पाठ्यक्रम को वैश्विक विशेषज्ञों के साथ समन्वयित किया गया है।

# जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री के हाथों सम्मान प्राप्त करने वाले दोनों मुखियों को किया सम्मानित

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चयनित विशेष अतिथि को माननीय प्रधानमंत्री के द्वारा सम्मानित किया गया था। सम्मान पाने वालों में पूर्वी चंपारण जिला के दो मुखिया भी शामिल थे। देशबंधु कुमार सिंह मिश्रौलिया पंचायत, प्रखंड अरेराज एवं जितेंद्र कुमार सिंह, बेलवा पंचायत,आदापुर शामिल थे। जिलाधिकारी मोतिहारी सौरभ जोरवाल ने प्रधानमंत्री के हाथों सम्मान प्राप्त करने वाले दोनों मुखिया गण को अपने कार्यालय कक्ष में बुलाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत राज बेलवा के मुखिया जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि उन्होंने अपने पंचायत के अररा ग्राम में अमृत सरोवर का निर्माण करवाया है। पांच छोटे-छोटे तालाबों का जीर्णोद्धार कराया गया है। कड़िया नदी की सफाई एवं कटाव अवरोधक कार्य, तटबंध मरम्मती, सिल्ट की कटाई कराई गई है जिससे नदी के बहाव की दिशा में परिवर्तन आया है। खेतों के पटवन के लिए छोटे - छोटे पइन की उड़ाही कराकर जल के बहाव का रास्ता बनाया गया है। पंचायत में चार रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण कराया गया है। 70 शॉकपीट बनाया गया है जिस पंचायत में भूमिगत जल के स्तर को बरकरार रखने में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि 50 यूनिट निजी एवं सरकारी भूमि पर वृक्षारोपण करके जल जीवन हरियाली मिशन के लक्ष्य को प्राप्त किया गया है। ग्राम पंचायत बेलवा के भिन्न-भिन्न वार्डों में 25 पुराने वृक्षों को गार्डियन ऑफ बेलवा मानते हुए उनका संरक्षण किया जा रहा है जो कि जल जीवन हरियाली का एक पार्ट है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत राज बेलवा को स्मार्ट और ग्रीन पंचायत बनाने के लिए प्रस्ताव बनाकर भी कार्य किया जा रहे है। अरेराज की मिश्रौलिया पंचायत के मुखिया देशबंधु कुमार सिंह ने बताया कि उनका पंचायत गंडक नदी के तट पर स्थित है और पंचायत का दक्षिण और पश्चिम भाग बाढ़ प्रभावित होता रहता है। इसको लेकर वहां एक बांध का निर्माण कराया गया है जिससे 300 से 400 एकड़ में बाढ़ से होने वाली फसलों की क्षति को रोकने में सफलता मिली है। पंचायत में डेढ़ सौ से अधिक सॉक पीट का निर्माण कराया गया है। 30 निजी तालाब / पोखर का भी निर्माण कराया गया है जहां पर मत्स्य पालन किया जा रहा है। इससे भूमिगत जल के संरक्षण में काफी मदद मिली है। पंचायत में जल-जीवन-हरियाली के उद्देश्य को प्राप्त कर लोगों के जीवन को बेहतर बनाने एवं कृषि उत्पादकता में वृद्धि कर आय के नए स्रोत के निर्माण के लिए कार्य किया गया है। जिलाधिकारी के द्वारा दोनों मुखियागण को शुभकामनाएं दी गई एवं जिला के दूसरे पंचायतों के मुखिया से भी इसी तरह के विकास कार्यों की अपेक्षा की गई।

**देशबंधु कुमार सिंह मिश्रौलिया पंचायत, प्रखंड अरेराज एवं जितेंद्र कुमार सिंह, बेलवा पंचायत, आदापुर को सम्मान**



# प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर हुए पथराव की निंदा



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला कांग्रेस कमिटी, पूर्वी चम्पारण के अध्यक्ष ई० शशिभूषण राय उर्फ गप्पू राय के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं ने मोतिहारी स्थित गांधी चौक पर एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध बिहार प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर भाजपा नेताओं द्वारा किए गए पथराव की निंदा करते हुए आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने भाजपा और केंद्र सरकार की तानाशाही रवैये के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। ई० शशिभूषण राय उर्फ गप्पू राय ने कहा कि भाजपा और आरएसएस लोकतंत्र का गला घोंटने पर उतारू हैं। बिहार प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर किया गया पथराव लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला है। यह घटना साबित करती है कि भाजपा सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए हिंसा का सहारा ले रही है। कांग्रेस पार्टी इस तानाशाही रवैये का पुरजोर विरोध करती है और जनता को चेतावनी देती है कि भाजपा के इन कृत्यों से लोकतंत्र को भारी खतरा है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और किसानों-मजदूरों की बदहाली के मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा हिंसक राजनीति कर रही है। कांग्रेस पार्टी इसके खिलाफ सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करेगी।

# चिरैया में सात दिवसीय गणेश महोत्सव की धूम, मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के चिरैया बाजार में नवयुवक व्यवसायी पूजा समिति के द्वारा सात दिवसीय गणेश महोत्सव का आयोजन किया गया हैं। जो 27 अगस्त से शुरू होकर 2 सितम्बर तक चलेगा। इन सात दिनों में पूरा चिरैया बाजार मेला क्षेत्र में तब्दील हो जाता है। पहले दिन महोत्सव की शुरूआत प्रखंड क्षेत्र के अहिरौलिया गांव निवासी आचार्य शंकर भगवान मिश्रा के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना शुरू हुई। मंदिर में सुबह से ही गणपति बप्पा मोरया... मंगल मूर्ति मोरया की गूंज शुरू हो जाती है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में सुबह से ही गणपति के दर्शन करने पहुंचते है। गणेश महोत्सव मे प्रतिदिन दोनों समय भगवान गणेश की आरती होती है तथा सांय कालीन आरती के पश्चात विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।मूर्ति में साउंड सिस्टम के द्वारा भगवान गणेश द्वारा राक्षसों के वध को दिखाया व सुनाया जाता है। मेले की खास बात यह है कि यहां संध्या में आसपास के क्षेत्रों की महिलाएं, युवक, युवतियां एवं बुजुर्गों की भारी भीड़ उमड़ती है। बता दें कि पिछले 13 वर्षों से उक्त स्थान पर गणेश जी एवं अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा स्थापित कर बड़े ही धूमधाम से गणेश उत्सव मनाया जाता है।

# भारत निर्वाचन आयोग की विशेष प्रेक्षक अराधना पटनायक पहुंचीं मोतिहारी

**30 सितंबर तक स्पेशल रोल ऑब्जर्वर के रूप में अराधना पटनायक (भा.प्र.से.) बिहार के भ्रमण पर रहेंगी**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के अन्तर्गत भारत निर्वाचन आयोग के विशेष प्रेक्षक सुश्री अराधना पटनायक, (भा.प्र.से.)का पूर्वी चंपारण समाहरणालय, मोतिहारी में आगमन हुआ। ज्ञात हो कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा बिहार राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के पर्यवेक्षण हेतु 01.07. 2025 से 30.09.2025 तक स्पेशल रोल ऑब्जर्वर के रूप में श्रीमती अराधना पटनायक (भा.प्र.से.) बिहार के भ्रमण पर रहेगी। इसी क्रम में आज जिला मुख्यालय मोतिहारी पहुँच कर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी, सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला प्रतिनिधिगण के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 संबंधी बैठक की गई तथा विशेष गहन पुनरीक्षण संबंधी किए गए कार्य,अद्यतन प्रगति दावा/आपत्ति, शिविर/कैंप संचालन समेत विभिन्न कार्यो की जानकारी प्राप्त की गई और। बैठक में उपस्थित राजनीतिक दलों के जिला स्तरीय प्रतिनिधिगण से वार्ता की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह - जिलाधिकारी द्वारा निर्वाचकों के दस्तावेजों की अपलोडिंग के संबंध में अद्यतन प्रतिवेदन से सभी को अवगत कराया गया। माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रिट पीटीसन (एस) (सिविल) सं0 - (5) 640/2025 (एसोसियेशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म बनाम भारत निर्वाचन आयोग) में 14.08.2025 को पारित अंतरिम न्यायादेश के आलोक में ऐसे निर्वाचक जिनका नाम वर्ष 2025 (प्रारूप प्रकाशन के पूर्व) की निर्वाचक सूची में शामिल है, परंतु 01.08. 2025 को प्रकाशित प्रारूप सूची में शामिल नहीं है, वैसे सभी निर्वाचकों की सूची, जिलान्तर्गत विधान सभा एवं मतदान केन्द्रवार, कारण सहित (मृत/स्थायी रूप से स्थानांतरित/अनुपस्थित/दोहरी प्रविष्टि) जिला के वेबसाइट पर प्रदर्षित किया गया है। निदेर्शानुसार उक्त सूची का प्रकाशन 18.08.2025 से सभी प्रखंड कार्यालयों, सभी पंचायत कार्यालयों, सभी नगर निकाय कार्यालयों एवं सभी मतदान केन्द्रों पर भी किया गया है। जहां इसका अवलोकन किया जा सकता है एवं आवश्यकतानुसार दावा/आपत्ति की जा सकती है। दावा के रूप में आधार अनुमान्य है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी द्वारा यह बताया गया कि 01.08.2025 को निर्वाचक सूची के प्रारूप प्रकाशन के पश्चात 01.08. 2025 से 29.08.2025 तक प्राप्त दावा/आपत्ति की जानकारी दी गई। एवं बताया गया कि प्राप्त दावा आपत्ति की निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी स्तर से निष्पादन किया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- जिलाधिकारी के द्वारा यह बताया गया कि पूर्वी चंपारण जिला के सभी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में लिंग अनुपात (जेंडर रेश्यो) बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे है एवं वैसी महिलायें जिनके नाम निर्वाचक सूची में नहीं हैं उनके नाम जोड़ने के लिये विषेश अभियान चलाया जा रहा है। निर्वाचक सूची विशेष प्रेक्षक के द्वारा सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से भी इस कार्य में अपने स्तर से सहयोग करने की अपील की गई। मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा यह बताया गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अवधि में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ जिला स्तर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के स्तर पर भी बैठक कर जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे कार्यो की जानकारी दी गयी है। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के द्वारा जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे कार्यों के संबंध में संतोष व्यक्त किया गया।भारत निर्वाचन आयोग के विशेष प्रेक्षक द्वारा इसको लेकर प्रसन्नत व्यक्त किया गया और आशा व्यक्त की गयी कि दावा/आपत्ति प्राप्ति के शेष दिनों में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के स्तर से भी अपने बी0एल0ए0 के माध्यम से निर्वाचकों के नाम जोड़ने आदि हेतु डिक्लेरेशन के साथ आवेदन उपलब्ध कराये जायेंगे तथा सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के सहयोग से निर्वाचक सूची पुनरीक्षण कार्य भलीभाँति सम्पन्न कराया जा सकेगा।

# अनियंत्रित हाइवा की टक्कर से छात्रा की मौत

## आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** अनियंत्रित हाईवा ने एक छात्रा को टक्कर मार दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। यह घटना शनिवार की दोपहर नेशनल हाईवे 139 पर अंबा थाना क्षेत्र के संडा डेहरी मोड़ के समीप की है। मृतका की पहचान थाना क्षेत्र के किशुनपुर गांव निवासी उपेंद्र मेहता की 18 वर्षीय पुत्री चांदनी कुमारी के रूप में हुई है। मृतका के पिता ने बताया कि चांदनी बीएससी पार्ट- टू की छात्रा थी। वह संडा के एक निजी लाइब्रेरी से पढ़ाई घर वापस लौट रही थी। इसी क्रम में औरंगाबाद से हरिहरगंज की तरफ जा रही अनियंत्रित हाईवा ने उसे कुचल दिया। उन्होंने बताया कि उनके दो पुत्र और एक पुत्री थी। इस घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है वहीं गांव एवं आसपास के क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है।

**सड़क जाम के बाद वाहनों की लगी लंबी कतार**

घटना के बाद मांगों को लेकर आक्रोशितों ने दोपहर से देर शाम तक नेशनल हाईवे 139 को जाम कर दिया जिससे सड़क के दोनों तरफ कई किलोमीटर तक गाड़ियों की लंबी कतारें लग गई। लोगों ने कहा कि उक्त मार्ग पर वाहनों की संख्या मानक क्षमता से अधिक होने के बावजूद प्रशासन दुर्घटना नियंत्रण को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। हमारी मांग है कि हरिहरगंज से औरंगाबाद तक वाहनों की स्पीड लिमिट की जाए, सघन आबादी वाले क्षेत्रों एवं बाजार में स्पीड ब्रेकर बनाया जाए और जगह-जगह कैमरे लगाए जाएं। प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ पेट्रोलिंग और हाईवा एवं बड़े वाहन चालक के लाइसेंस की जांच करे। उन्होंने बताया कि हाईवा चालकों को सामान की डिलीवरी करने के लिए प्रति राउंड कुछ पैसे दिए जाते है। पैसे के चक्कर में चालक तेज गति में वाहन चलाते हैं जिसके कारण दुर्घटना होती है।

**हरिहरगंज से औरंगाबाद मार्ग बना दुर्घटना जोन**

नेशनल हाईवे -139 का हरिहरगंज से औरंगाबाद तक का मार्ग दुर्घटना जोन बन चुका है। उक्त मार्ग पर आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटना में अनगिनत लोग अपनी जान गंवा रहे हैं, लेकिन जिला प्रशासन द्वारा न तो दुर्घटनाओं के रोकथाम के उपाय किए जा रहे हैं और न ही सरकार कोई ठोस कदम उठा रही है। विगत एक महीने के अंदर संडा में ही चार लोग सड़क दुर्घटना में अपनी जान गंवा चुके हैं। जिसे लेकर स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश था। इस दुर्घटना ने लोगों के सब्र का बांध तोड़ दिया और वे पीड़िता को मुआवजा दिलाने एवं दुर्घटनाओं के नियंत्रण को लेकर प्रशासन द्वारा ठोस कदम उठाने की मांग पर अड़ गए। आक्रोशित भीड़ ने सड़क को जाम कर दिया और प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंचे अंचल अधिकारी चंद्र प्रकाश, कुटुंबा थानाध्यक्ष इमरान आलम और अंबा थाना के एसआई राजा कुमार को भीड़ का आक्रोश झेलना पड़ा। प्रशासन के लाख समझाने के बावजूद भीड़ डीएम और एसपी को घटनास्थल पर बुलाने की मांग पर अड़ी रही।

# आठ साल से फरार कुख्यात नक्सली गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** एसटीएफ और औरंगाबाद पुलिस के संयुक्त कार्रवाई में बड़ी सफलता मिली है। इस कार्रवाई के फलस्वरूप एक कुख्यात नक्सली को गिरफ्तार किया गया है जो पिछले आठ सालों से फरार चल रहा था। पकड़े गए कुख्यात नक्सली की पहचान अरवल जिले के करपी थाना क्षेत्र के महम्मदपुर निवासी उमेश यादव के रूप में की गई है। प्रेसवार्ता में दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार दास ने बताया कि पकड़े गए नक्सली के विरुद्ध बंदेया थाना में एक नक्सल कांड दर्ज था जिसमें यह वर्ष 2017 से फरार चल रहा था। इसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस इसके संबधित ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी। लेकिन यह हर बार बच निकल रहा था। इसी क्रम में बंदेया थानाध्यक्ष सूरज कुमार को सूचना मिली कि उमेश यादव किसी बड़े घटना को कारित करने की योजना बना रहा है जिसके आलोक में महम्मदपुर पहुंची पुलिस को देख वह भगाने लगा। घेराबंदी करते हुए पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार नक्सली ने अपना अपराध स्वीकार किया। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत कुख्यात नक्सली को जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई से नक्सलियों का मनोबल काफी गिरा हुआ है। नक्सली गतिविधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु लगातार छापेमारी अभियान जारी है।

## एक नजर

### अगलगी में हजारो का नुकसान

**हसपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के पीरू पंचायत अंतर्गत डिहुरी गांव में एक किसान - मजदूर के मवेशी बांधे हुए घर में शुक्रवार की आधी रात साहेब साव के यहां अचानक आग लग गई। बताया जाता है कि आग कि लप्टे व धुंआ उठा तो घर वालो की नींद खुली तो देखा कि आग कि लप्टे बहुत तेज है। शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े तब तक एक जानवर  पूर्ण रूप से आग से झुलस गई थी। जिसका कुछ घंटे बाद मौत हो गई। ग्रामीणों के काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जैसे ही घटना की जानकारी मुखिया गोपाल सिंह को मिली पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए घटना के बारे मे ं पूरी जानकारी ली।

### व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में नामांकन प्रारंभ

**जहानाबाद  (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्थानीय एस. एस. कॉलेज में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में नामांकन प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दीपक कुमार ने बताया कि हमारे यहां व्यवसायिक पाठ्यक्रम में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा स्मतर के कई पाठयक्रम उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में पाँच से अधिक रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं, जिनमें एम.एस.सी. इन कंप्यूटर साइंस, बीसीए, बीबीएम, बी.एससी. आईटी और बी.एससी. बायोटेक प्रमुख हैं।व्यावसायिक शिक्षा प्रभारी एवं महाविद्यालय के वरीय शिक्षक सुबोध कुमार सुमन ने बताया कि ये कोर्स विद्यार्थियों के कैरियर निर्माण के लिए अत्यंत उपयोगी हैं और भविष्य में बेहतर रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि इच्छुक छात्र-छात्राओं को बिना देर किए अपने पसंदीदा पाठ्यक्रम में नामांकन करा लेना चाहिए। इस संबंध में सुबोध कुमार सुमन ने यह भी जानकारी दिया कि टेन प्लस टू विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए एम.एस.सी. (कंप्यूटर साइंस) की डिग्री रखने वाले अभ्यर्थियों को बी.एड. करने की आवश्यकता नहीं होती। उन्होंने बताया कि कॉलेज से इन कोर्सेज को पूरा करने वाले अधिकांश विद्यार्थी सरकारी एवं गैर सरकारी सेवाओं में कार्यरत हैं।

### प्रशिक्षण के लिए दो खिलाड़ी पटना रवाना

**जहानाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शनिवार को जहानाबाद अम्मा क्लब से जहानाबाद तलवारबाजी संघ की दो सदस्यीय टीम पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर शिविर के लिए रवाना हुई। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के द्वारा तलवारबाजी खेल का शिविर का आयोजन किया गया है ताकि खिलाड़ी प्रशिक्षण कर प्रतियोगिता में बिहार के लिए पदक जीत सकें। इसमें वही खिलाड़ी भाग ले सकते है जो राष्ट्रीय स्तर तलवारबाजी प्रतियोगिता में चयन किया गया है। आगामी 8 सितंबर से 13 सितंबर 2025 तक राष्ट्रीय स्तर तलवारबाजी प्रतियोगिता उत्तराखंड के हल्द्वानी में होने वाली है जिसमें जहानाबाद जिले से दो खिलाड़ी कुणाल सिंह आर्य एवं गौरव कुमार वर्मा बिहार राज्य की ओर से प्रतिनिधित्व करेंगे। तलवारबाजी खेल में जहानाबाद जिले का उज्ज्वल भविष्य की बात बताते हुए जहानाबाद तलवारबाजी संघ के सचिव अन्नू शक्ति सिंह ने कहा है कि बिहार सरकार खेल के प्रति बहुत ही जागरूक हो चुकी है अब खिलाड़ियों का भविष्य खेल में बन सकता है। उन्होंने जिले के आम लोगों से अपील किया कि वे अपने बच्चे को पढ़ाई के साथ- साथ खेल का भी समुचित अवसर प्रदान करें। उन्होंने युवाओं को उद्धरित करते हुए कहा कि खेल में शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य के विकास के साथ, ग्लैमर, पैसा और जीवकोपार्जन का अवसर भी शामिल है।

### पूर्व पंचायत समिति सदस्य का निधन

**रफीगंज  (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रफीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत भेटनियां के पूर्व पंचायत समिति 55 वर्षीय रामजी यादव का निधन गया के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया। इसकी सूचना जैसे ही पंचायत में मिली लोगों में शोक की लहर दौड़ गयी। जानकारी मिलते ही पैक्स अध्यक्ष शंभु भारती, मुखिया प्रतिनिधि रामजनम यादव, पूर्व उप प्रमुख सह वरिष्ठ राजद नेता रणविजय यादव, उप प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव, पंचायत समिति बिरेंद्र यादव, उपेंद्र यादव, पूर्व मुखिया विजय विश्वकर्मा,सौरा गांव के डीलर अनिल यादव, शिक्षक रंजीत यादव पहूंचे और उनकी आत्मा की शांति एवं परिजनों को शहनशक्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया।भेटनियां गांव के मदार नदी संगम घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।उनके बड़े पुत्र अजित कुमार ने मुखाग्नि दिया। शंभु भारती ने बताया कि बीमारी अवस्था में गया के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था।शुक्रवार को शाम को देहांत हो गया।वे मृदुभाषी, एवं लोगों के दुःख में  मदद करने वाले व्यक्ति थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गये।उनके निधन से समाज को अपूर्णीय क्षति हुई है।जिसकी भरपाई आने वाले समय में संभव नहीं है।

### पिस्टल के साथ युवक धराया

**औरंगाबाद  (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सशस्त्र सीमा बल की 29वीं वाहिनी ने स्थानीय पुलिस और ट्टक्क के साथ संयुक्त अभियान चलाकर अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। सूत्रों से मिली विश्वसनीय सूचना पर 30 अगस्त 2025 को यह अभियान चलाया गया। कमांडेंट मधुकर अमिताभ के निर्देशन में 'बी' समवाय कालापहाड़ के सहायक कमांडेंट शिवराम कृष्णन के नेतृत्व में एसएसबी, टंडवा और औरंगाबाद जिला पुलिस की टीम ने संयुक्त छापेमारी की। इस दौरान टंडवा थाना क्षेत्र के रामनगर बाज़ार के पास गाँव दुआरी से मिथुन कुमार (20 वर्ष), पिता उपेन्द्र सिंह, निवासी दुआरी, को पकड़ा गया। गिरफ्तार युवक के पास से 7.65 एमएम बोर का देशी निर्मित पिस्टल, एक जीवित कारतूस, एक मैगजीन तथा मोबाइल सिम बरामद किए गए। प्रारंभिक पूछताछ के बाद आरोपी को बरामद असलहे और सामान सहित टंडवा थाने को विधिक कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### स्पिरिट के साथ तीन कारोबारी गिरफ्तार

**रफीगंज  (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रफीगंज प्रखंड के कासमा पुलिस ने शुक्रवार की देर रात्रि में मध निषेध पटना के सूचना के आधार पर 2000 लीटर स्पिरिट के साथ एक ट्रक एवं चार पहिया वाहन को जब्त करते हुए तीन कारोबारी को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष अक्षयबर सिंह ने बताया कि मध निषेध पटना के सूचना के आधार पर छापामारी अभियान चलाया गया, टीम गठित कर छापेमारी की गई जिसमे ट्रक बीआर 06 जीए 6202 से 46 गैलन स्पीड और दूसरा लाइनिंग चार पहिया वाहन का काम कर रहा था, जिसका नंबर जेएच 02 वाई 1836 इयोन हुंडई वाहन से 4 गैलन स्पिरिट कूल 50 गैलन में प्रत्येक गेलन में 40 लीटर स्पिरिट कुल 2000 लीटर स्पिरिट के साथ माली थाना के नारचही गांव निवासी जागेश्वर सिंह के पुत्र छोटू कुमार,  गया जी जिला के शेरघाटी थाना अंतर्गत पठेरकाटी निवासी रामसेवक चौधरी के पुत्र रामकिशोर कुमार एवं झारखंड राज्य के चौपारण थाना के नेवरी कर्मा गांव निवासी खेमाजित यादव के पुत्र पिंटू यादव को हिरासत में लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि ट्रक को जब्त किया गया था, उतने में ट्रक को लाइनिंग दे रहे, ईओंन हुंडई वाहन आया। उसमे भी छापेमारी की गई। तीनो शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया गया। मध निषेध उत्पाद अधिनियम के तहत तीनों को जेल भेज दिया गया।

### लोगों को किया गया जागरूक

**रफीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रफीगंज प्रखंड में शनिवार को सहकारिता विभाग ने किसानों को विभागीय योजनाओं से अवगत कराया। प्रखंड प्रसार पदाधिकारी अरुण कुमार के निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय समाज कल्याण संस्थान पटना के कलाकारों ने नाटक के माध्यम से किसानों को जानकारी दी। मगध सम्राट बिरहा गायक अखिलेश लाल यादव और औरंगाबाद कला जत्था के टीम लीडर अखिलेश यादव ने अपनी टीम के साथ प्रस्तुति दी।

# मोबाइल इवीएम डिमांस्ट्रेशन वैन द्वारा दी जा रही जानकारी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** मोबाइल ईवीएम डेमोस्ट्रेशन वैन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार को बारुण प्रखंड कार्यालय में विभिन्न ग्रामों से आए ग्रामीणों ने प्रत्यक्ष रूप से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) एवं वीवीपैट (वीवीपैट) की कार्यप्रणाली का अनुभव किया। इसका उद्देश्य मतदाताओं के बीच मतदान प्रक्रिया से संबंधित भ्रांतियों को दूर करना तथा उन्हें निर्भीक एवं आत्म विश्वासपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना है। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार औरंगाबाद जिले के प्रत्येक मतदान भवन (मतदान केंद्र स्थान पीएसएल) पर मोबाइल डेमोस्ट्रेशन वैन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने की पहल की जा रही है। जिले के कुल 1405 मतदान भवनों में इन वैनों का परिचालन किया जाएगा और निर्धारित एक माह की अवधि में सभी स्थानों पर डेमोस्ट्रेशन का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। यह व्यापक प्रचार-प्रसार निर्वाचन की घोषणा तक ही संचालित रहेगा। इस विशेष अभियान के अंतर्गत प्रथम बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं, महिला मतदाताओं तथा वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता के आधार पर मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। प्रायः तकनीकी जानकारी के अभाव में मतदाता मतदान केंद्र पर संकोच का अनुभव करते हैं, किंतु मोबाइल डेमोस्ट्रेशन वैन के माध्यम से उन्हें पहले से ही प्रायोगिक अनुभव कराया जा रहा है। इससे निर्वाचन दिवस पर मतदाता पूर्णतः निःसंकोच, निर्भीक और आत्मविश्वास के साथ मतदान कर सकेंगे। इस वैन में प्रतिनियुक्त मास्टर प्रशिक्षक ईवीएम के बटन दबाने से लेकर वीवीपैट स्लिप प्रदर्शित होने तक की संपूर्ण प्रक्रिया का सजीव प्रदर्शन कर रहे हैं। साथ ही मौके पर उपस्थित नागरिकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान भी तत्परता से किया जा रहा है।

# महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार चला रहीं कई योजनाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निदेशानुसार शनिवार को प्रखंड कार्यालय जीविका में मिशन शक्ति योजना अंतर्गत प्रचार प्रसार कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं को सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से संबंधित बिहार सरकार, महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिलाओं को यह बताया गया कि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, बाल विवाह एवं दहेज उन्मूलन से जुड़ी सरकारी पहल, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, परवरिश एवं स्पॉन्सरशिप योजना, मानव व्यापार उन्मूलन कार्यक्रम, वन स्टॉप सेंटर सह महिला हेल्पलाइन 181, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन, सामाजिक पुनर्वास कोष, कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम, लिंग आधारित हिंसा उन्मूलन एवं लैंगिक भेदभाव निवारण जैसे कार्यक्रम किस प्रकार महिलाओं को सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं।



महिलाओं को इन योजनाओं की पात्रता, प्रक्रिया तथा लाभ लेने की विस्तृत जानकारी भी दी गई ताकि वे सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सकें और अपने सामाजिक एवं आर्थिक जीवन स्तर में सुधार कर सकें। कार्यक्रम में विशेष रूप से इस बात पर बल दिया गया कि समाज में जागरूकता के माध्यम से ही दहेज प्रथा, बाल विवाह एवं लैंगिक भेदभाव जैसी कुप्रथाओं का उन्मूलन संभव है तथा महिलाओं को शिक्षा और रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य मिशन शक्ति योजना के माध्यम से पूरा किया जा सकता है। इस अवसर पर जिला हब कार्यालय से जिला मिशन समन्वयक मिथलेश कुमार एवं लैंगिक विशेषज्ञ चंदन कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन के विभिन्न पहलुओं की जानकारी साझा की। साथ ही कार्यालय स्तर पर आंतरिक समिति के गठन करने का अनुरोध भी किया गया जिससे कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा एवं उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# रोगी कल्याण समिति की बैठक में 15 प्रस्तावों पर चर्चा

## पुर्नगठन के बाद पहली बैठक, अस्पताल में विकास कार्यों पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा।** ओबरा प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रोगी कल्याण समिति के पुर्नगठन के बाद पहली बैठक शनिवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) मोहम्मद यूनिस सलीम ने की, जबकि संचालन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विक्रम कुमार सिंह ने किया। बैठक में बताया गया कि राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के निर्देशानुसार रोगी कल्याण समिति के शासकीय निकाय का गठन किया गया है, जिसमें सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को भी शामिल किया गया है। इस अवसर पर अस्पताल की व्यवस्था और विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मरीजों के लिए शौचालय और स्नानागार की मरम्मत, आवश्यक सामग्री की खरीद, अस्पताल भवन की छत के रिसाव को दुरुस्त करने, परिजनों के लिए बैठने की व्यवस्था, विद्युत और पानी की सुविधाओं को सुदृढ़ करने, जाँच केंद्रों की मशीनों की मरम्मत सहित कुल 15 प्रस्ताव पारित किए गए। सदस्य राजश्री शर्मा ने अस्पताल में महिला चिकित्सक की पदस्थापना और महिला मरीजों के लिए अलग विभाग बनाने की मांग रखी। प्रखंड प्रमुख शकुंतला देवी ने दवा वितरण केंद्र पर मरीजों के लिए शेड निर्माण का प्रस्ताव दिया। वहीं, सदस्य रामेश्वर प्रसाद ने महिलाओं के आपरेशन की सुविधा उपलब्ध कराने का सुझाव रखा। इन प्रस्तावों पर समिति ने सकारात्मक विचार किया। बैठक में स्वास्थ्य प्रबंधक विकास शंकर, लेखापाल अखिलेश कुमार, सदस्य शकुंतला देवी, राजश्री शर्मा, उमेश प्रसाद, रामेश्वर प्रसाद, गीता देवी, उमेश राम, सत्येंद्र चौहान समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# ऋण अदायगी नहीं करने पर दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** अकोढ़ीगोला थाना पुलिस ने बैंक ऋण चुकता नहीं करने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 30 अगस्त 2025 को गांव सलेया निवासी अरविंद कुमार सिंह (पिता अयोध्या सिंह) और महेन्द्र राम (पिता रामधारी राम) को गिरफ्तार कर नीलाम शाखा में चालान कर भेजा गया। दोनों अभियुक्तों ने पंजाब नेशनल बैंक, अकोढ़ीगोला शाखा से ऋण लिया था, जिसे समय पर चुकता नहीं किया गया। खाते एनपीए घोषित होने के बाद जिला नीलाम शाखा में सर्टिफिकेट केस दर्ज हुआ और न्यायालय से वारंट निर्गत किया गया। इसी वारंट के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की। थानाध्यक्ष ने बताया कि आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। वहीं, पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारियों ने जानकारी दी कि 13 सितम्बर 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान एनपीए खाता धारकों को अपने खाते को नियमित करने या एकबारगी निपटान (ओटीएस) का अवसर मिलेगा। बैंक ने चेतावनी दी है कि चूककर्ता ऋणधारी अगर समय रहते समझौता नहीं करेंगे, तो गिरफ्तारी की स्थिति में किसी प्रकार की राहत या छूट नहीं दी जाएगी। अधिकारियों ने सभी उधारकर्ताओं से अपील की है कि वे लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने मामले का निपटान करें।

### किया गया पौधारोपण

**जहानाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** घोसी प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श मध्य विद्यालय के प्रांगण में विद्यालय में नव गठित यूथ एवं इको क्लब के छात्र- छात्राओं द्वारा वृहत पैमाने पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।इको क्लब ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत विद्यालय परिसर में पर्यावरण जागरूकता और वृक्षारोपण गतिविधियों का आयोजन किया। इस दौरान क्लब के सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण और अपने समुदाय के सतत विकास के प्रति छात्र- छात्राओं को जागरूक किया।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित हुए कई खेल कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस पर पूरे देश भर में विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जहानाबाद जिले में भी 29 अगस्त से लेकर 31 अगस्त तक खेल दिवस /पखवाड़ा मना रहा है। 29 अगस्त को जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे एवं पुलिस अधीक्षक, विनीत कुमार के द्वारा मेजर ध्यानचंद जी को पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। शनिवार को खेल भवन, गांधी मैदान, एरोड्रम स्टेडियम, कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय, जहानाबाद एवं मध्य विद्यालय बौरी में विभिन्न खेल कार्यक्रम आयोजित हुए। इस अवसर पर खेल भवन-सह-व्यायामशाला, जहानाबाद में योगा एवं म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मनियारी, काको की बालिकाओं ने योग विधा एवं म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं शहर स्थित गाँधी मैदान में वॉलीबॉल, 300 मीटर तेज पैदल वॉक (सिनियर सिटीजन के लिए) आयोजित किया गया। उच्च विद्यालय मुरलीधर जहानाबाद की टीम ने वॉलीबॉल एवं टग आफ वॉर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी खेल का आयोजन हुलासगंज़ प्रखंड के राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय बौरी में किया गया। इसी क्रम में देशी खेल पिट्टो, कस्तुरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय, मल्लहचक, जहानाबाद की छात्राओं के बीच खेली गई। इस अवसर पर क्रिकेट मैच का आयोजन भी किया गया। क्रिकेट खेल का आयोजन क्रिकेट एसोसिएशन जहानाबाद के द्वारा एरोड्रम स्टेडियम में किया गया। इसके साथ ही राजगीर स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे हीरो एशियन मेंस हॉकी चैंपियनशिप का भी सीधा प्रसारण खेल भवन में खिलाड़ियों के बीच किया गया। इस दौरान जिलेवासियों से जिला प्रशासन ने फिट इंडिया मुहिम से जुड़ने का अपील करते हुए कहा कि तहत आप सभी खेल कार्यक्रमों का हिस्सा बने एवं प्रतिदिन कम से कम 1 घंटा खेल के मैदान में बिताएं। इसी कार्यक्रम के तहत 31 अगस्त को जिला पदाधिकारी, जहानाबाद के आवास से लेकर कारगिल चौक तक साइकिल रैली एवं मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा श्रीमती पूनम कुमारी ने जिला वासियों से अनुरोध किया कि  31 अगस्त को साइकिल रैली एवं मैराथन में सहभागिता कर राष्ट्रीय स्तर पर चलने वाले फिट इंडिया मुहिम का हिस्सा बने।

# ई श्रम कार्ड को लेकर मंडल कारा में लगा शिविर


**जहानाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जहानाबाद के काको प्रखंड स्थित मंडल कारा में बंदियों के लिए ई- श्रम कर्ड बनाने के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में श्रम अधीक्षक मृत्युंजय कुमार झा, श्रम निरीक्षक श्री रामबाबू, उनके सहायकगण तथा तीन कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित थे। वहीं, जेल प्रशासन की ओर से जेल अधीक्षक अजीत कुमार, उपाधीक्षक भोला प्रसाद सिंह, सहायक अधीक्षक अख्तर हुसैन एवं सुधीर कुमार सहित अन्य कारा कर्मी भी मौजूद रहे। शिविर के दौरान श्रम अधीक्षक द्वारा बंदियों को सरकार की विभिन्न श्रम-संबंधी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि ई-श्रम कार्ड बनने से श्रमिकों को कई प्रकार के लाभ प्राप्त होते हैं।

# 3325 करोड़ की लागत से बनेगी अरवल-बिहारशरीफ फोर लेन सड़क

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** अरवल-जहानाबाद और बिहारशरीफ जिले में सड़क निर्माण को लेकर बड़ी खुशखबरी सामने आई है। अरवल-बिहार शरीफ दो लेन की सड़क को फोर लेन में तब्दील करने की मंजूरी मिल गई है। 91.60 किलोमीटर लंबी इस सड़क पर कुल 3328.5 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। नई योजना के तहत सड़क में कई जगह बायपास भी बनाए जाएंगे, जिससे यात्रा और अधिक सुविधाजनक हो जाएगी। अरवल से बिहारशरीफ तक की मौजूदा सड़क 89 किमी लंबी है। लेकिन फोर लेन के नए एलाइनमेंट में सड़क की लंबाई बढ़कर 91.60 किमी हो जाएगी। इसका कारण यह है कि रास्ते में जाम और भीड़भाड़ से बचने के लिए 5 जगह बायपास बनाए जाएंगे। अरवल- बिहारशरीफ 4 घंटे की दूरी घटकर 2 घंटे रह

**पांच जगहों पर बनेगा बायपास**



जायेगी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) गया प्रमंडल के सहायक अभियंता के मुताबिक, इस सड़क के फोर लेन बनने से जहानाबाद, अरवल और नालंदा जिलों के लोगों को सीधा फायदा होगा। अभी जहां 91 किमी की दूरी तय करने में 4 घंटे से ज्यादा लगते हैं, वहीं नई सड़क बनने के बाद यह सफर डेढ़ से दो घंटे में पूरा किया जा सकेगा। इससे यात्रियों को तो सुविधा होगी ही, साथ ही उद्योग-धंधों को भी गति मिलेगी। बताया जाता है कि यह सड़क सिर्फ बिहार को ही नहीं, बल्कि झारखंड और पश्चिम बंगाल से जोड़ने का भी मजबूत माध्यम बनेगी।

**जहानाबाद और अरवल में बनेंगे बायपास**

तैयार किए गए डीपीआर के अनुसार, जाम की समस्या को दूर करने के लिए कुल 5 बायपास बनाए जाएंगे– अरवल जिले में होंगी 3 बायपास जिनमें - जलपुरा मोड़- 2.20 किमी, इमामगंज - 3.30 किमी एवं किंजर- 3.15 किमी। वहीं जहानाबाद जिले में भी होगा 2 बायपास जिसमें पहला बायपास - बभना पशु हाट के पास- 6.94 किमी एवं दूसरा कनौदी रेल ओवरब्रिज से धामापुर गांव तक, जो पुनः पुराने एनएच-33 से जुड़ेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सिविल कोर्ट में धमकी मिलने के दूसरे दिन कोर्ट की बढ़ाई गई सुरक्षा, कोर्ट प्रवेश द्वार पर हुई सघन जांच



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना समेत सिविल कोर्ट मसौढी में शुक्रवार की दोपहर ईमेल से कोर्ट में मिली बम की धमकी के बाद हर तरफ हर हडकंप मची रही, दिनभर कोर्ट कैंपस की सघन जांच हुई,दुसरे दिन शनिवार को एहतियात बरतते हुए कोर्ट कैंपस की सुरक्षा बढा दि गई है। मुवक्किलों की सघन जांच की गई, कोर्ट कैंपस के अंदर प्रवेश द्वार पर दिन भर कोर्ट के काम से आने वाले सभी लोगों से सघन तलाशी ली गई, उसके बाद ही कोर्ट कैंपस मे प्रवेश कराई गई। इसके अलावा झोला, बैग आदी लेकर आने वाले मुवक्किलों का सामान बाहर ही रखने के निर्देश दिये गये,कोर्ट की सुरक्षा मे लगे सभी जवान कोर्ट प्रवेश द्वार पर काफी मुस्तैदी के साथ डटे रहे।सुरक्षा मे लगे पुलिस कर्मियों ने बताया की शुक्रवार को हुई घटना के बाद न्यायालय मे कोई हताहत न हो उसको लेकर सभी सुरक्षाकर्मियों को कोर्ट कैंपस के अंदर और बाहरी परीसर मे चौकसी बरती जा रही है।बहरहाल कोर्ट मे बम की धमकी की खबर की घटना के बाद शनिवार से स्थिति समान्य दिखी,दिन भर कोर्ट मे न्यायिक कार्य को लेकर एक बार फिर से चहल पहल दिखी।

### मोरहर नदी में डूबे मजदूर का 13 घंटों बाद शव बरामद



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के भखरा गांव के समीप मोरहर नदी मे शुक्रवार की सुबह डूबे हुए मजदूर का शव शनिवार की सुबह मे पुलिस ने मोहीउद्दीनपुर के समीप जलकुंभी मे फसे हुए शव को बरामद की है,।मृतक की पहचान धनेश्वर चौधरी (50वर्ष) पिता स्व लक्ष्मण चौधरी भखरा निवासी के रूप मे हुई है। हलांकि शुक्रवार को देर शाम तक एसडीआरएफ की टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया था लेकिन शव का कहीं अता पता नही चल पाया था।ऐसे मे 13 घंटे बाद शव मोहीउद्दीनपुर के पास जलकुंभी के उपर देख कर पुलिस को खबर दी गई। गौरतलब है की स्थानीय लोगों ने बताया की मृतक सुबह मे नहाने के लिए गया था,उसी मे पैर फिसलने से गहरे पानी मे चला गया जहाँ डुबने से उसकी मौत हो गई थी, मृतक मजदूरी कर अपना परीवार चलाता था,पिछले पांच दिनो से घर पर ही था मजदूरी करने नही था।बहरहाल पुलिस शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच भेजने की प्रक्रिया मे जुट गई है।शव मिलते ही परिजनों मे चिख पुकार मची रही। मृतक के बेटे मुन्नु कुमार के ब्यान पर यूडी केस दर्ज करते हुए पुलिस अनुसंधान मे जुटी है।

### 42 सेक्टर पदाधिकारी व पुलिस दंडाधिकारी की हुई प्रतिनियुक्ति

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज हो गई है। ऐसे में मसौढी विधानसभा के 394 मतदान केंद्रों के लिए कल 42 सेक्टर पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। हर एक सेक्टर पदाधिकारी को औसतन 10 मतदान केंद्रों की जिम्मेवारी तय की गई है। बहरहाल प्रतिनियुक्त सभी सेक्टर पदाधिकारी का प्रशिक्षण प्रारंभ कर दिया गया है, वही बताया जाता है कि चुनाव में सेक्टर पदाधिकारी की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है। सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को मतदान के पूर्व, मतदान के पूर्व संध्या, मतदान के दिन और मतदान के उपरांत किए जाने वाले कार्य होते है। सेक्टर पदाधिकारी को मतदान की पूर्व संध्या पर सभी मतदान केंद्रों पर समय से ईवीएम व वीवीपैट पहुंचा या नहीं। मतदान केंद्र पर मतदाताओं के लिए मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था है या नहीं। वहीं मतदान के दिन मॉक पोल का रिपोर्ट भेजने के साथ-साथ मतदान के दौरान ईवीएम व वीवीपैट के खराब होने पर उसे समय से बदलने की भी जिम्मेवारी होती है।

### अथमल गोला रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म बना मवेशियों का चरागाह

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अथमल गोला-दानापुर मंडल रेल के बाढ़ और बख्तियारपुर स्टेशन के बीच अथमल गोला रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म संख्या एक और दो मवेशी का चारागाह बन गया है हालत यह है कि प्लेटफार्म पर खुलेआम पशु को खुला छोड़कर पशुपालक यात्री सेड मे चैन की नींद सोते हुए रहते हैं और पशु प्लेटफार्म पर घूमता रहता है। इस दौरान दर्जनों ट्रेन का आवागमन लगा रहता है यदि कोई मवेशी अचानक पटरी पर आ जाए तो बड़ा रेल हादसा को कोई नहीं रोक सकता है। स्टेशन प्रबंधक हो या रेल पुलिस या फिर रेलवे सुरक्षा बल के जवान को इससे कोई लेना-देना नहीं है। स्थानीय यात्रियों ने कई बार इसकी शिकायत रेल प्रबंधन से की है लेकिन आज तक इस गंभीर समस्या पर किसी भी रेल पदाधिकारी का ध्यान नहीं गया है। जिसके चलते हर दिन आपको इस तरह का नजारा देखने को मिल सकता है। मामले पर रेल प्रबंधन के कोई भी अधिकार कुछ भी बोलने से गुरेज कर रहे हैं।

### दोहरे हत्याकांड मामले मे पांच आरोपियों को ठहराया दोषी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सिविल कोर्ट मसौढी में अपर जिला सत्र न्यायाधीश-2, संजीव कुमार की कोर्ट में पुनपुन थाना कांड संख्या 231/22 के तहत दोहरे हत्याकांड में पांच आरोपियों को दोषी ठहराया गया है।जिसकी सजा की सुनवाई आगामी 11 सितबंर को होगी, पीपी शमार्नंद राय ने बताया की इस वाद को स्पीडी ट्रायल के तहत सुनवाई की गई थी, जिसका सत्रवाद संख्या 138/23 है।पांचो आरोपियों को दोषी ठहराया गया है। जिसकी सजा की बिंदु की सुनवाई 11 सितबंर को होगी।बहरहाल यह मामला पुनपुन थाना क्षेत्र के जट डुमरी का है जहां हत्या कर टुकडे टुकडे कर भुसे ढेर मे छुपा दिया गया था।

### कांग्रेसियों ने किया जमकर विरोध प्रदर्शन, पुतला दहन

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना के सदाकत आश्रम में हुई बीजेपी के कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस जनों पर हमला करने की घटना को लेकर मसौढ़ी कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से बिहार प्रदेश ओबीसी कांग्रेस कमेटी महासचिव मोहम्मद अरफराज साहिल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मसौढ़ी के कपुरीं चौक पर विरोध जताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया।यह घटना ने भारतीय लोकतंत्र की नींव को हिला दिया है।भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं ने सुनियोजित तरीके से कांग्रेस के बिहार मुख्यालय पर हमला बोल दिया,जो न केवल एक राजनीतिक दल के कार्यालय पर आक्रमण है, बल्कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार पर सीधा प्रहार है। यह हमला कोई संयोग नहीं है,बल्कि भाजपा की बढ़ती असहिष्णुता का प्रमाण है। इस पुतला दहन कार्यक्रम में पटना जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण वन के कार्यकारी अध्यक्ष उदय चंद्रवंशी,उपाध्यक्ष अनामी शरण सिंह,इंद्रमणि देवी, धनरूआ प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मृत्युंजय पांडेय,राधे यादव,सोहन चंद्रवंशी,टीपू सुल्तान,सुरेंद्र गुप्ता,पूर्व महासचिव रजनीकांत,रिंकू खान मौजूद थे!



### थानों में शस्त्रों का भौतिक सत्यापन अब थानावार 15 सितंबर तक

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी विधानसभा चुनाव से पहले सभी थाना स्तर पर लाइसेंस धारकों का शस्त्र का भौतिक सत्यापन किया जाना है, ऐसे में मसौढी अनुमंडल के सभी थानो मे 27.08.2025 तक पहले से निर्धारित तिथि तक शस्त्रों का सत्यापन किया गया है। हलांकि जिला प्रशासन के द्वारा दिनांक-27.08.2025 को आयोजित बैठक में समीक्षा के क्रम में पाया गया कि सत्यापन की अवधि का विस्तार किया जाना आवश्यक है। अतः शस्त्र सत्यापन की अवधि का दिनांक-15.09.2025 तक विस्तार किया जाना सुनिश्चित किया गया है।ऐसे मे मसौढी थाना मे दंडाधिकारी के रूप मे बीडीओ मसौढी, भगवानगंज थाने मे सीओ मसौढी वहीं धनरूआ थाने मे बीडीओ और कादिरगंज थाने मे सीओ इसके अलावा पुनपुन थाने मे पुनपुन बीडीओ और पिपरा मे सीओ को दंडाधिकारी बनाया गया।इसके अलावा थानावार अनुसार अनुज्ञसिधारियों की सूची उपलब्ध करायी गई है।इसके साथ ही प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी यदि किसी अपरिहार्य कारणवश थाना में उपस्थित नहीं होते हैं, तो संबंधित अनुमण्डल पदाधिकारी अपने स्तर से दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्त करेंगे। सत्यापन के क्रम में शस्त्रधारको के पास उपलब्ध कारतूस की भी जाँच करेंगे। यदि बिना उचित व पर्याप्त कारण के कारतूस का उपयोग किया गया है, तो इस तथ्य को अलग से प्रतिवेदित करेंगे। निदेशित किया गया है ।

# आठ दिनों से चल रहा अनिश्चितकालीन धरना आश्वासन के बाद स्थगित

**पुनपुन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इमरजेंसी सेवा चालू कराने की थी मांग**



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन के वृजुबीघा में बने पुनपुन समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इमरजेंसी सेवा चालू कराने की मांग को लेकर आठ दिनों से चल रहा अनिश्चितकालीन धरना शनिवार को आश्वासन के बाद स्थगित कर दिया गया है।शनिवार को धरना स्थल पर बृजुबिगहा अस्पताल के चिकित्सक डॉ अमरनाथ ने चिकित्सा पदाधिकारी के निर्देश पर सलभी धरना पर बैठे ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए बताया गया की अस्पताल मे इमरजेंसी सेवा समेत सभी सेवाओं को पितृपक्ष मेले के बाद 22 सितबंर से शुरू हो जायेगा,बहरहाल धरना पर बैठे आक्रोशित लोगों की मांग थी की करोड़ों की लागत से बने हुए इस समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अभी तक जो सुविधा मिलनी चाहिए थी नहीं मिल पा रही हैं। आपको बता दे कि बीते 6 9.2024 को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के वर्चुअल माध्यम से बिहार के कई अस्पतालों का शुभारंभ किया गया था, जिसमें एक पुनपुन के बिरजू बीघा स्थित बने हुए पुनपुन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी बना था। पूरे तामझाम के साथ हुए उद्घाटन के बाद महज ओपीडी के सहारे यह अस्पताल चल रहा है, धरना पर बैठे पैक्स अध्यक्ष शैलेश पटेल, पंचायत समिति रामानुज ने बताया कि ओपीडी सुबह 8:00 बजे से 2:00 बजे तक चलना है, लेकिन डॉक्टर 10:00 बजे आते हैं और 1:00 बजे चले जाते हैं ऐसे में अगर ठीक ढंग से ओपीडी चले तो प्रतिदिन 200 से अधिक मरीजों का इलाज हो सकता है,वहीं पैक्स अध्यक्ष शैलेश पटेल ने बताया कि सरकार की करोड़ों रुपए की राशि से बने अस्पताल में अभी भी कई सुविधाओं से वंचित है। धरना कार्यक्रम में राहुल कुमार, पंचायत समिति रामानुज प्रसाद, पैक्स अध्यक्ष शैलेश पटेल,पंचायत समिति दयानंद पासवान, अमर कुमार, राजेश्वर प्रसाद सिंह, राकेश कुमार सिंह,बीस सूत्री सदस्य सिंटू कुमार ,चुनमुन सिंह समेत सैकड़ों लोग धरना पर बैठे रहे।

## भाजपा महिला मोर्चा ने आक्रोश मार्च निकालकर किया विरोध प्रदर्शन



**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाजपा महिला मोर्चा द्वारा शनिवार को आक्रोश मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया। जिनका नेतृत्व जिलाध्यक्ष निशा रानी ने की यह आक्रोश मार्च बिहार शरीफ के श्रम कल्याण केन्द्र मैदान से निकला। इस अवसर पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निशा रानी ने कहा कि विश्व के सबसे लोकप्रिय राजनेता , देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के स्वर्गवासी माता जी को गालियां देना देश के 140 करोड़ देशवासियों का अपमान है। मां चाहे कोई भी हो सदैव आदर की पात्र होती है। कांग्रेस और राजद का यह पुराना इतिहास रहा है। बिहार सहित देश की जनता देख रही है इस निंदनीय घटना से आक्रोशित है। इस अवसर पर जिला पूर्व महामंत्री रीना कुमारी, जिला मंत्री रंजू कुमारी,महिला मोर्चा उपाध्यक्ष रीना सिन्हा, पहेली राज, जिला महामंत्री, डॉ रेणु, इन्दु कुशवाहा, जिला मंत्री सुषमा कुमारी,प्रिती कुमारी, महिला मंडल अध्यक्ष संजू देवी कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष डॉ आशुतोष कुमार,नीरज कुमार डब्ल्यू, जिला मंत्री अमरेश कुमार, सोनू कुमार हिंदू, हरनौत मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार, बिहार शरीफ ग्रामीण पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रजनीश कुमार, गोपाल चौरसिया, ललन कुमार, राजकुमार, राजीव कुमार, सुरूचि कुमारी, लक्ष्मी देवी, सुमित्रा देवी, शर्विला देवी,आरती कुमारी, जया कुमारी, प्रेमलता देवी, श्रेया कुमारी, सुमन कुमारी, साक्षी कुमारी, उर्मिला देवी,विमला देवी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लहसुना थाने में एएसपी ने जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक, क्राइम और चुनाव को लेकर हुई चर्चा



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां जोरो पर चल रही है।ऐसे मे थाना स्तर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक भी की जा रही है।ऐसे मे शनिवार को लहसूना थाने मे एएसपी कोमल मीणा की अध्यक्षता मे जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत की गई जहां थानाध्यक्ष खुशबू खातुन की उपस्थिति में तिन पंचायतों के मुखिया, उपमुखिया, सरपंच, पंच, जिला परिषद के अलावा कई सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक मे एएसपी कोमल मीणा ने सभी जनप्रतिनिधियों से बिते चुनावी दौर मे मतदान केंद्र पर हुई घटनाओं के बारे जानकारी ली,इसके अलावा संवेदनशील बूथ,वोटिंग के दौरान होनेवाली समस्या आदी पर चर्चा की गई, इसके साथ ही एएसपी ने सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन के साथ आपसी सामंजस्य के बिठाकर काम करे, वही अपने आस पास के होने वाले घटीत घटनाओं और अपराध पर अंकुश लगाने मे पुलिस को सहयोग करे और समाज मे शांति स्थापित करने मे मदद करे। चुनाव से पहले हर गांव की स्थिति, मतदान केंद्र पर पिछले दो चुनाव मे हुए किसी तरह की घटनाओं की भी जानकारी ली। बैठक मे आये हुए जनप्रतिनिधियों ने एएसपी को आशवस्त किया की पुलिस प्रशासन के साथ आपसी ताल मेल बिठकार कार्य करेंगे।

# बिहार की महिलाएं आज आत्मनिर्भर बनी हैं : श्रवण कुमार



**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने शनिवार को बिहारशरीफ प्रखंड के एनएच 31 स्थित मिडिल स्कूल पचौडी नियर श्यामनगर भाया पचौडी एवं दीपनगर से रेलवे स्टेशन रेस्ट पार्ट तक ग्रामीण सडक सुदृढ़ीकरण, सडक निर्माण कार्य,पचौडी में आंगनबाड़ी मरम्मत निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार में महिलाएं आज आत्मनिर्भर बन रही है मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के हर परिवार की एक महिला को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए 2 लाख 10 हजार तक की सहायता देने का ऐलान किया है। यह योजना केवल आर्थिक मदद नहीं, बल्कि महिलाओं को सम्मान और अवसर देने की दूरगामी सोच है उनके दूरगामी सोच और समग्र विकास की परिकल्पना ने आज एक नए अध्याय की शुरूआत की है। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना, एक ऐसी योजना जो हर परिवार की महिला को सशक्त बनाते हुए राज्य के हर एक परिवार को सशक्त बनाएगी। राज्य की हर पंचायत में विवाह मंडप नीतीश सरकार का वो संवेदनशील फैसला है, जो लाखों परिवारों के लिए खुशियां लेकर आया है। अब गांव की हर बेटी का ब्याह बड़े ही धूमधाम से होगा। बिहार मॉडल अब सिर्फ. भारत में ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनाया जा रहा है। हाल ही में दक्षिण अफ्रीका, केन्या, युगांडा, मलावी, सिएरा लियोन और घाना जैसे अफ्रीकी देशों के प्रतिनिधियों ने बिहार का दौरा कर जीविका मॉडल का गहन अध्ययन किया। उन्होंने माना कि यह मॉडल न सिर्फ. महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाता है, बल्कि सामाजिक संरचना में स्थायित्व भी लाता है। इन देशों के प्रतिनिधियों ने यह भी संकेत दिया कि वे अपने देशों में इस मॉडल को ग्रासरूट डेवलपमेंट स्ट्रैटेजी के रूप में लागू करेंगे। ये किसी एक राज्य की नहीं, बल्कि भारत की वैश्विक छवि को नई पहचान देने वाली उपलब्धि है। इस अवसर पर जिला जदयू प्रवक्ता डा धनंजय देव,अरविंद पटेल, त्रिनयन कुमार,संजीत पटेल, राजीव कुशवाहा, मिंटू मुखिया, सुरेन्द्र कुशवाहा, युगल किशोर, मुखिया सरयुग रविदास, सोनू रविदास, टुन्नी महतों, मुन्ना पासवान, संजय राउत, सुनील रविदास, गुलशन कुशवाहा, सकलदीप प्रसाद, इंदू चौहान, दिनेश साव ,विश्वास सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 'विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल' विषय पर चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित




**नालंदा/ पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा नालंदा के बिहारशरीफ स्थित श्रम कल्याण के मैदान में 'विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल' विषय पर चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ सुनील कुमार, विधान पार्षद रीना यादव, केंद्रीय संचार ब्यूरो पटना के कार्यालय प्रमुख कुमार सौरभ ने किया। इस अवसर पर मंत्री डॉ सुनील कुमार ने चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मंत्री डॉ सुनील कुमार ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्तियों तक विकास की किरण पहुंचाने का सफलतम प्रयास किया है। 11 वर्षों में देश ने सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा गरीब, वंचित, युवा, किसान एवं महिलाओं के लिए अनेको कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है, जिसके कारण ये सभी आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। मंत्री डॉ सुनील कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार का जन धन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीण एवं गरीबों को काफी लाभ मिला है। इस अवसर पर विधान पार्षद रीना यादव ने केंद्र सरकार के द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार लगातार बिहार के विकास के लिए काम कर रही हैं। साथ ही, माननीय पार्षद ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण भी किया। इस 5 दिवसीय जगरूकता अभियान के दौरान प्रतिदिन आयुष्मान कार्ड, आधार सुधार, सुकन्या समृद्धि योजना, डाक बीमा योजना, मुफ्त चिकित्सा सेवा आदि का शिविर लगाकर निशुल्क सेवा प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान प्रतियोगिता में सफल छात्रों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

## पइन में डूबने से अधेड़ की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** तेल्हाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत पचमुहिया पुल के पास शनिवार को पानी भरे पईन में डूबने से एक अधेड़ की मौत हो गई। मृतक की पहचान नराइच गांव निवासी श्री बिन्द के 55 वर्षीय पुत्र बरातु बिन्द के रूप में की गई है।

घटना के संबंध में मृतक के पुत्र गोपाल कुमार ने बताया कि वह ट्यूशन पढ़कर घर लौटा तो घरवालों ने पिता के अब तक नहीं लौटने की जानकारी दी। इसके बाद खोजबीन शुरू की गई। इस दौरान पचमुहिया पुल के पास पानी में बरातु बिन्द का शव मिला। बताया गया कि अहले सुबह वह शौच के लिए घर से निकले थे और इसी दौरान पैर फिसलने से पईन में गिरकर उनकी मौत हो गई। शव मिलने की सूचना जैसे ही घर पहुंची, परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल लेकर आई।

## हीरो एशिया कप 2025 : दूसरे दिन गोलों की बरसात और पूल-बी में उलटफेर



**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हीरो एशिया कप राजगीर, बिहार 2025 का दूसरा दिन रोमांच से भरपूर रहा, जब पूल-बी के मुकाबले सुर्खियों में छा गए। दर्शकों ने दो यादगार मैच देखे — पहला जबरदस्त गोलों की बारिश वाला और दूसरा एक रोमांचक रणनीतिक जंग जो अंतिम क्षणों तक संघर्षपूर्ण रहा। प्रथम मैच बांग्लादेश ने चीनी ताइपेई पर 8-3 की शानदार जीत दर्ज की, लेकिन स्कोरलाइन पूरी कहानी नहीं बताती। हाफ-टाइम तक मुकाबला 2-2 पर बराबरी पर था और चीनी ताइपेई ने जबरदस्त जुझारूपन दिखाया। लेकिन दूसरे हाफ में बांग्लादेश ने आक्रामक खेल का तूफान ला दिया और छह गोल दागकर टूर्नामेंट की अपनी पहली जीत हासिल कर ली। दूसरे मैच में कोरिया बनाम मलेशिया के बीच हुआ। हाफ-टाइम तक स्कोर 1झ1 से बराबरी पर था। लेकिन दूसरे हाफ में मलेशिया ने अपने मौकों का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए तीन गोल दागे और 4-1 से बड़ी जीत दर्ज की। यह नतीजा पूल-बी की अंक तालिका के लिए अहम साबित हो सकता है, क्योंकि मलेशिया ने खुद को गंभीर दावेदार के रूप में पेश किया। बांग्लादेश की गोल बारिश और मलेशिया की धमाकेदार जीत ने पूल-बी को हिला डाला । 31 अगस्त 2025 को चीन बनाम कजाखस्तान, जापान बनाम भारत होगा। हीरो एशिया कप राजगीर, बिहार 2025 अब और भी रोमांचक होता जा रहा है। कल मेजबान भारत और जापान की टक्कर होगी, जो निस्संदेह टूनार्मेंट का एक ब्लॉकबस्टर मुकाबला साबित होगा।

## ललन सिंह और अनंत सिंह के रोड शो में कार्यकर्ताओं की भारी भीड़



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** केंद्रीय मंत्री ललन सिंह और मोकामा के पूर्व विधायक अनंत सिंह शनिवार के दिन सुबह दस बजे से अथमलगोला, बाढ़, पंडारक, मोकामा होते हुए बड़हिया तक एक साथ रोड शो पर निकले। रास्ते भर अनंत सिंह के समर्थक उनके स्वागत में दोनों तरफ फूल माला लेकर खड़े दिखे। अनंत सिंह जिंदाबाद, छोटे सरकार जिंदाबाद के नारों से पूरा शहर गूंज रहा था। कई जगह ललन सिंह और अनंत सिंह पर उनके समर्थकों ने जेसीबी से भी पुष्प वर्षा की। अनंत सिंह के समर्थकों का उत्साह देखकर केंद्रीय मंत्री ललन सिंह भी काफी खुश दिखे।

## गुरुदेव पैरामेडिकल कॉलेज में रक्तदान महा शिविर





**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संदलपुर स्थित गुरुदेव पैरामेडिकल कॉलेज, स्वास्थ्य सेवा में अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए, एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस नेक कार्य में कॉलेज के चेयरमैन, डायरेक्टर, प्रिंसिपल, नॉन-टीचिंग स्टाफ और सभी छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। शिविर की शुरूआत कॉलेज के चेयरमैन डॉ0 शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय जी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं फीता काटकर प्रारम्भ हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में रक्तदान को "जीवनदान" बताते हुए कहा कि ह्लएक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद को नया जीवन दे सकता है। यह हमारा सामाजिक और नैतिक कर्तव्य है कि हम इस कार्य में भाग लें।" उन्होंने स्वयं रक्तदान दिए एवं सभी को रक्तदान के लिए प्रेरित भी किये। कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने न केवल स्वयं रक्तदान किया, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रचार-प्रसार भी किया। नॉन-टीचिंग स्टाफ की भूमिका भी सराहनीय रही। उन्होंने शिविर के आयोजन में व्यवस्थापन से लेकर रक्तदाताओं की सुविधा का पूरा ध्यान रखा। प्रथमा ब्लड सेंटर की टीम ने चिकित्सा सुरक्षा और रक्त संग्रह की प्रक्रिया को कुशलतापूर्वक संपन्न किया जिसमे डॉ नीरज जी, श्रीमान पंकज जी एवं समस्त टीम का उत्कृष्ट योगदान रहा तथा 200+ यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

# बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय ने मनाया 10वां स्थापना दिवस

**नये 18 शैक्षणिक कार्यक्रमों का हुआ शुभारंभ**





**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना ने शनिवार को अपना 10वां स्थापना दिवस मनाया। विश्वविद्यालय प्रांगण में आयोजित भव्य समारोह में वैज्ञानिक, शिक्षक, छात्र एवं पूर्व छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. पी.एस. पांडेय, कुलपति, राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति डॉ. रामेश्वर सिंह विशिष्ट अतिथि थे तथा समारोह की अध्यक्षता वर्तमान कुलपति डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा प्रारंभ किए गए 18 नये शैक्षणिक कार्यक्रमों का औपचारिक शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का स्वागत भाषण छात्र कल्याण पदाधिकारी डॉ. ए.के. शर्मा ने किया, जबकि नये कार्यक्रमों का परिचय कुलसचिव डॉ. उमेश सिंह ने प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डॉ. पी.एस. पांडेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय आने वाले समय में राज्य का पशु विज्ञान का थिंक टैंक बनेगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की स्थापना के मात्र एक दशक में जो उपलब्धियाँ हासिल हुई हैं, वह उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा कि नये शैक्षणिक कार्यक्रम राज्य को ही नहीं बल्कि पूरे देश को लाभान्वित करेंगे। ये कोर्स पशुपालन, डेयरी, पोल्ट्री, मत्स्य पालन और संबंधित क्षेत्रों में नये अवसर और रोजगार सृजन का मार्ग प्रशस्त करेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में पशुपालन क्षेत्र की अपार संभावनाएँ हैं और ऐसे में बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय को एक मार्गदर्शक संस्था के रूप में अपनी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नये कार्यक्रमों से न सिर्फ रोजगार बढ़ेगा, बल्कि पशुचिक्त्सक और अधिक दक्ष होंगे और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा मिलेगा। विशिष्ट अतिथि और विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति डॉ. रामेश्वर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय की बुनियाद समाज और किसानों के जीवन में बदलाव लाने के उद्देश्य से रखी गई थी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का काम केवल चारदीवारी तक सीमित रहना नहीं है, बल्कि इसे जमीनी स्तर पर किसानों से जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में कभी खाद्यान्न और फूड सिक्योरिटी की चर्चा होती थी, लेकिन आज समय बदल गया है। अब पूरा ध्यान न्यूट्रिशनल वैल्यू पर है। हमारा देश अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है और किसानों की मेहनत इसका आधार है। इसी से समझा जा सकता है कि कृषि और पशुपालन क्षेत्र कितना महत्वपूर्ण है। उन्होंने नये आरंभ किए गए पशुधन सहायक (पारा-वेट) प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि यह समय की मांग थी। आज परावेट की भारी कमी है, ऐसे में यह कोर्स युवाओं को रोजगार देगा और किसानों को तकनीकी सहायता उपलब्ध कराएगा। उन्होंने आगे कहा कि विश्वविद्यालय और नीति-निमार्ताओं के बीच एक सशक्त तंत्र की आवश्यकता है, ताकि नीति निर्माण किसानों और पशुपालकों के हित में हो सके। विश्वविद्यालय को शोध और प्रशिक्षण से आगे बढ़कर किसानों तक तकनीक पहुँचाने में अग्रणी भूमिका निभानी होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने विश्वविद्यालय की एक दशक की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और भविष्य की दिशा बताई। उन्होंने कहा कि ह्लपशु विज्ञान एवं पशुपालन क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगारपरक प्रशिक्षण के लिए विश्वविद्यालय द्वारा नये शैक्षणिक कार्यक्रम प्रारंभ किए जा रहे हैं। इससे युवाओं को नई दिशा और अवसर प्राप्त होंगे।ह्व उन्होंने वैज्ञानिकों और शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे किसानों और पशुपालकों के साथ हैंड होल्डिंग करें, ताकि तकनीक का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुँच सके। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अब ई.टी.टी. और आई.वी.एफ. जैसी उन्नत तकनीक को सीधे किसान के द्वार तक ले जाने की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि बिना डिग्री और अयोग्य लोग जब पशुओं का इलाज करते हैं तो किसानों को नुकसान उठाना पड़ता है। इसलिए वैज्ञानिकों और योग्य चिकित्सकों को फील्ड स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी और किसानों के बीच विश्वास बनाना होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का मकसद सिर्फ पठन-पाठन और शोध नहीं है, बल्कि छात्रों और वैज्ञानिकों के कॉम्पिटेंस लेवल को ऊँचाई तक ले जाना है।

# एशिया कप के समय में हो सकता है बदलाव

## नई टाइमिंग जान लीजिए, कहीं मैच हो ना जाए मिस




**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप 2025 की शुरुआत से पहले टूर्नामेंट के शेड्यूल में संभावित बदलाव की खबरें सामने आ रही हैं। इस बार टूर्नामेंट का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात में किया जा रहा है और यहां की भीषण गर्मी को देखते हुए मैचों की टाइमिंग को लेकर फिर से विचार किया जा रहा है। अभी तक जारी किए गए शेड्यूल के अनुसार, मुकाबले भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे से शुरू होने थे, लेकिन अब रिपोर्ट्स के मुताबिक इन मैचों की शुरुआत का समय बदलकर रात 8:00 बजे किया जा सकता है। यह फैसला मुख्य रूप से खिलाड़ियों और दर्शकों को यूएई के गर्म मौसम से बचाने के लिए लिया जा रहा है। हालांकि एसीसी की ओर से अभी अधिकारिक फैसला नहीं आया है।

- **खिलाड़ियों को होगी आसानी** – एशिया कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में मौसम और खेलने की परिस्थितियों का खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर सीधा प्रभाव पड़ता है। यूएई में दिन के समय तापमान काफी अधिक होता है और शाम को भी उमस बनी रहती है। ऐसे में मैचों को 30 मिनट आगे बढ़ाने का फैसला खिलाड़ियों की सुरक्षा और बेहतर खेल सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।
- **यूएई में खेली जा रही ट्राई सीरीज** – अगर यह बदलाव होता है, तो इसका सीधा असर टीवी पर मैच देखने वाले दर्शकों पर भी पड़ेगा। भारत में मैच रात 8 :00 बजे से शुरू होंगे, जिससे देर रात तक मैच देखने वाले दर्शकों के लिए थोड़ा और इंतजार बढ़ जाएगा। फिलहाल, सभी की निगाहें आयोजकों के आधिकारिक बयान पर टिकी हैं, जो जल्द ही आने की उम्मीद है। इस वक्त पाकिस्तान, अफगानिस्तान और यूएई के बीच यूएई में ही ट्राई सीरीज खेली जा रही है, जिसके मैच रात 8 :30 से शुरू होते हैं।

### सभी टीमों का हो गया ऐलान

बीसीसीआई ने हाल ही में एशिया कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान किया था। भारत के अलावा सभी अन्य टीमों ने भी अपने-अपने स्क्वाड की घोषणा कर दी है। टूर्नामेंट की शुरुआत 9 सितंबर से होने वाली है और सभी टीमें अपनी तैयारियों में जुटी हैं। हालांकि मैचों के समय में संभावित बदलाव से उनकी रणनीति पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा, मगर खिलाड़ियों को गर्म मौसम से थोड़ी राहत मिलेगी।



# सात्विक-चिराग की जोड़ी वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में

### मलेशियाई जोड़ी से ओलिंपिक की हार का बदला लिया

**पेरिस, एजेंसी।** भारत के सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप में मेडल पक्का कर दिया है। मेंस डबल्स में भारतीय जोड़ी ने शनिवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मलेशिया की जोड़ी आरोन चिया और सोह वुई यिक को 21-12, 21-19 से हराया। यह मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ सात्विक-चिराग की 15 मैचों में से केवल चौथी जीत है। इस जीत के साथ भारतीय जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंच गई और मेडल भी पक्का कर लिया। यह पेरिस में चल रहे चैंपियनशिप के मौजूदा सीजन में भारत का पहला मेडल है, जबकि इस जोड़ी का इस टूर्नामेंट में दूसरा मेडल है। सात्विक-चिराग ने 2022 के सीजन में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। तब यह जोड़ी सेमीफाइनल में इसी मलेशियाई जोड़ी से हारकर बाहर हुई थी। सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने पेरिस ओलिंपिक 2024 क्वार्टरफाइनल हार का बदला लिया।

#### पेरिस ओलिंपिक की हार का बदला लिया

इस जीत के साथ भारतीय जोड़ी ने न केवल अपनी पेरिस ओलिंपिक 2024 क्वार्टर फाइनल हार का बदला लिया, बल्कि इस टूर्नामेंट में 2011 से अब तक हर वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत के मेडल जीतने की परंपरा भी कायम रखी। वर्ल्ड रैंकिंग में 9वें स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी ने मैच की शुरुआत शानदार अंदाज में की। पहले गेम में लंबी और फ्लैट रैलियों में अंक हासिल करते हुए उन्होंने 11-6 की बढ़त बना ली। मलेशियाई जोड़ी इस अंतर को पाटने में नाकाम रही और सात्विक-चिराग ने पहला गेम आसानी से 21-12 से जीत लिया।



# टीम इंडिया ने करवाया ऑस्ट्रेलिया का बड़ा फायदा

### दौरे से पहले ही कर दिया मालामाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत को व्हाइट बॉल सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है. इसकी शुरुआत 19 अक्टूबर से हो रही है. इन दोनों टीमों के बीच तीन मैच की वनडे और पांच मैच की टी-20 सीरीज खेली जाएगी. हालांकि इस सीरीज से पहले टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को बड़ा फायदा करवाया है. क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस बात का खुद ऐलान किया है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच व्हाइट बॉल सीरीज के लिए इंडियन फैन जोंस के सभी टिकट बिक चुके हैं. यही नहीं सिडनी और कैनबरा मैच के पब्लिक टिकट भी एडवांस में बुक हो चुके हैं. इससे क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को काफी फायदा हुआ है. टीम इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहले तीन मैच की वनडे सीरीज खेली जाएगी. इसकी शुरुआत 19 अक्टूबर से पर्थ में हो रही है. इससे पहले क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बताया कि 8 वेन्यू जहां पर भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच व्हाइट बॉल सीरीज खेली जानी है, उन सभी के इंडियन फैन जोंस के टिकट बिक चुके हैं. क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के कार्यकारी महाप्रबंधक (कार्यक्रम एवं संचालन) जोएल मॉरिसन ने एक बयान में कहा, सभी 8 वेन्यू जहां पर भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच व्हाइट बॉल सीरीज के मैच खेले जाने हैं, वहां का इंडियन फैन जोंस पूरी तरह से बुक हो चुका है और ये देखकर हम लोग भी काफी खुश हैं. ये देख कर भी काफी अच्छा लग रहा है कि सीरीज से पहले इतना मोमेंटम बढ़ रहा है और क्रिकेट फैंस भी इसको देखने के लिए बेताब हैं. ये दो वर्ल्ड क्लास टीमों के बीच शानदार भिड़ंत होगी.

**विराट कोहली और रोहित शर्मा की भी हो सकती है वापसी** – ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच वनडे सीरीज में रोहित शर्मा और विराट कोहली की भी वापसी हो सकती है. ये दोनों खिलाड़ी अब सिर्फ वनडे क्रिकेट में ही खेलते हुए नजर आएंगे. रोहित शर्मा और विराट कोहली ने आखिरी बार इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में हिस्सा लिया था. इसके बाद से वो दोनों अपनी-अपनी छुट्टियों का लुत्फ उठा रहे हैं.

# काइरन पोलार्ड ने टी-20 में रचा इतिहास

### ● गेल के बाद ऐसा करने वाले दुनिया के दूसरे खिलाड़ी बने



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कैरेबियन प्रीमियर लीग 2025 में वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर काइरन पोलार्ड का बल्ला जमकर बोल रहा है. इस दौरान वो गेंदबाजी में भी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं. इस सीजन के 16वें मैच के दौरान उन्होंने 9 गेंदों में 2 चौके और 1 छक्का की मदद से नाबाद 19 रन बनाए. इस दौरान उन्होंने एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली. वो टी20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दुनिया के दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं. इसके अलावा उन्होंने 300 से ज्यादा विकेट भी हासिल किए हैं. सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में उनसे आगे वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी क्रिस गेल हैं. CPL 2025 में काइरन पोलार्ड ने एक नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. उन्होंने ञ20 में 14 हजार रन पूरे कर लिए हैं. ऐसा करने वाले वो दुनिया के दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं. वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान क्रिस गेल टी20 में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं. क्रिस गेल ने 463 टी20 मैचों में 36.22 की औसत से 14562 रन बनाए हैं. इस दौरान उन्होंने 22 शतक और 88 अर्धशतक लगाए हैं. इसके अलावा गेल ने 83 विकेट भी अपने नाम किए हैं. काइरन पोलार्ड ने 712वें मुकाबले में ये 14000 रन पूरे किए. इस दौरान उनका औसत 31.67 का है. इसमें एक शतक और 64 अर्धशतक शामिल है. इसके अलावा उन्होंने 332 विकेट भी हासिल किए हैं ।

# राहुल द्रविड़ ने राजस्थान रॉयल्स के कोच पद से दिया इस्तीफा

### एक ही सीजन बाद छोड़ी टीम




**नई दिल्ली, एजेंसी।** राहुल द्रविड़ ने इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स टीम के हेड कोच का पद छोड़ दिया है. राहुल द्रविड़ को लेकर फ्रेंचाइजी ने बयान जारी किया है. आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए 46 मैच खेलने वाले द्रविड़ पिछले साल टीम के हेड कोच बने थे. उनकी कोचिंग में राजस्थान रॉयल्स का प्रदर्शन आईपीएल 2025 में कुछ खास नहीं रहा था. राजस्थान रॉयल्स के आधिकारिक बयान में कहा गया, हेड कोच राहुल द्रविड़ राजस्थान रॉयल्स के सथ आईपीएल 2026 से पहले अपना कार्यकाल खत्म करेंगे. राहुल कई वर्षों से रॉयल्स के सफर के अहम केंद्र रहे हैं. उनके नेतृत्व ने खिलाड़ियों की एक पीढ़ी को प्रभावित किया है. टीम में मजबूत मूल्यों का संचार किया है और फ्रेचाइजी की संस्कृति पर एक अमिट छाप छोड़ी है. बयान में आगे कहा गया, फ्रेंचाइजी की संरचना की समीक्षा के हिस्से के तौर पर राहुल द्रविड़ को एक व्यापक पद की पेशकश की गई थी, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार नहीं किया ।

# बेंगलुरु भगदड़ मामले में आरसीबी ने बढ़ाई मुआवजे की रकम

### जान गंवाने वालों के परिवार को देगी इतना पैसा

**बेंगलुरू, एजेंसी।** बेंगलुरु भगदड़ में जान गंवाने वाले लोगों के परिवार वालों को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने बड़ी मदद का ऐलान किया है. उन्होंने उन सभी 11 लोगों के परिवार वालों को भारी मुआवजा देने का फैसला किया है, जिनकी जान विक्ट्री परेड के दौरान हुई भगद? में चली गई थी. पहले इस मुआवजे की रकम 10 लाख रुपये थी, लेकिन अब इसे बढ़ा दिया गया है. दरअसल इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का खिताब आरसीबी ने जिता था. आरसीबी ने पहली बार ये ट्रॉफी जीती थी. इसी खुशी में उन्होंने चार जून को विक्ट्री परेड का आयोजन किया था. इस दौरान मची भगदड़ में 11 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी, जबकि करीब 50 लोग घायल हुए थे. अब जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को आरसीबी ने बड़ी मदद का ऐलान किया है. आरसीबी फ्रेंचाइजी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर इस बात का ऐलान किया है कि जिन 11 लोगों को भगदड़ में अपनी जान गंवानी पड़ी



थी, उनके परिवार वालों को 25-25 लाख रुपये दिए जाएंगे. इस दौरान आरसीबी ने अपने पोस्ट में लिखा, ÷ 4 जून 2025 को हमारा दिल टूट गया. हमने आरसीबी परिवार के 11 सदस्यों को खो दिया. वे हमारा हिस्सा थे. हमारे शहर, हमारे कम्यूनिटी और हमारी टीम को यूनिक बनाने वाली चीजों का हिस्सा थे. उनकी अनुपस्थिति हम सभी की यादों में हमेशा रहेगी. उनके द्वारा छोड़ी गई जगह को कोई भी सहयोग कभी नहीं भर सकता, लेकिन एक पहले कदम के रूप में और सम्मान के साथ आरसीबी ने उनके परिवारों को 25-25 लाख रुपये दिए हैं, न केवल आर्थिक सहायता के रूप में, बल्कि करुणा, एकता और निरंतर देखभाल के वादे के रूप में .उसने आगे लिखा कि ये आरसीबी CARES की शुरुआत भी है. सार्थक कार्यों के लिए लंबे समय तक की प्रतिबद्धता, जो उनकी स्मृति का सम्मान करके शुरू होती है. आगे बढ़ने वाला हर कदम फैंस की भावनाओं, अपेक्षाओं और उनके हक को दर्शाएगा.आरसीबी CARES के बारे में अधिक जानकारी जल्द ही.

# डीपीएल से दलीप ट्रॉफी तक, नहीं रुक रहा यश ढुल का बल्ला, फिर ठोका शतक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के खिलाड़ी यश ढुल का बल्ला इस समय खूब रन बना रहा है. पहले उन्होंने दिल्ली प्रीमियर लीग 2025 में दो शतक ठोक दिए. अब वो दलीप ट्रॉफी में कमाल की बल्लेबाजी कर रहे हैं. उन्होंने इस टूर्नामेंट के पहले क्वार्टरफाइनल में नार्थ जोन की ओर से खेलते हुए ईस्ट जोन के खिलाफ शानदार शतक बनाया. रणजी ट्रॉफी के डेब्यू मैच में शतक ठोकने वाले यश ढुल ने ईस्ट जोन के खिलाफ मैच के तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी शानदार बल्लेबाजी का नजारा पेश किया और मैदान चारों ओर शॉट लगाए. यश कप्तान कप्तान अंकित कुमार के साथ मिलकर दूसरी पारी में टीम को मजबूत स्कोर की ओर ले गए. यश ढुल ने DPL 2025 में सेंट्रल दिल्ली किंग्स की ओर से खेलते हुए दो शतक लगाए. उन्होंने इस सीजन में 8 मैच खेले. इस दौरान उन्होंने 87 की औसत से 435 रन बनाए. इस दौरान उन्होंने दो शतक और तीन अर्धशतक लगाए. अब उन्होंने दलीप



ट्रॉफी में भी कमाल कर दिया और ईस्ट जोन के खिलाफ अपनी दूसरी पारी में 112 गेंदों में 11 चौके और 2 छक्के की मदद से शतक बना दिया.

यश ढुल का फर्स्ट क्लास में ये आठवां शतक है. इस दौरान उन्होंने नार्थ जोन के कप्तान अंकित कुमार के साथ मिलकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया. यश ढुल का यहां तक का सफर काफी संघर्ष भरा रहा.

### एक साल पहले हुई थी बड़ी सर्जरी

एक साल पहले यश ढुल का करियर खतरे में पड़ गया था, जब उन्होंने एक बड़ी सर्जरी कराई थी. उनको पिछले साल जून में पता चला कि उनके दिल में 17 मिमी का छेद है. इसके बाद उनका करियर खतरे में पड़ते हुए दिखाई दिया. इसके बाद ढुल को सर्जरी करानी पड़ी और ठीक होने के लिए उन्हें एक महीने आराम करना पड़ा.

### यश ढुल का प्रदर्शन

यश ढुल ने साल 2022 में दिल्ली की ओर से तमिलनाडु के खिलाफ फर्स्ट क्लास मैच में डेब्यू किया. उन्होंने अपने डेब्यू मैच की दोनों पारियों में शतक ठोककर सबको हैरान कर दिया. इसके बाद वो लगातार रन बनाते हुए आ रहे हैं. दलीप ट्रॉफी के क्वार्टरफाइनल मुकाबले से पहले यश ढुल ने 30 फर्स्ट क्लास मैच खेले थे. इसकी 50 पारियों में उन्होंने 45.64 की औसत से 2054 रन बनाए. इसमें 7 शतक और 6 अर्धशतक शामिल है. उन्होंने लिस्ट-ए में 21 मैच खेले हैं. इसमें उन्होंने 43.64 की औसत से 611 रन बनाए हैं. इसमें 1 शतक और दो अर्धशतक शामिल है. 28 टी-20 मैचों में उन्होंने 41.30 की औसत से 836 रन बनाए हैं. इसमें यश ने 5 फिफ्टी ठोकी है.

# बाज नहीं आ रहे दिग्वेश राठी...

### आईपीएल के बाद अब डीपीएल में हुआ एक्शन, इन 4 खिलाड़ियों पर भी लगा जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स के स्पिनर दिग्वेश सिंह राठी काफी सुर्खियों में रहे थे. दिग्वेश ने अपने डेब्यू आईपीएल सीजन में गेंद से तो अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन मैदान पर वो अपने आक्रामक रवैये के चलते ज्यादा लाइमलाइट में रहे. नोटबुक सेलिब्रेशन और विपक्षी टीम के खिलाड़ियों से उलझने के चलते दिग्वेश की तीन बार मैच फीस काटी गई. आखिरकार दिग्वेश को आईपीएल 2025 में एक मैच का बैन भी झेलना पड़ा था.

अब दिल्ली प्रीमियर लीग 2025 में भी



दिग्वेश राठी अपने ऑनफील्डर व्यवहार के चलते सुर्खियों में आ गए हैं. दिग्वेश डीपीएल में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज टीम का हिस्सा हैं. वेस्ट दिल्ली लायंस के खिलाफ 29 अगस्त (शुक्रवार) को एलिमिनटर मुकाबले में दिग्वेश की नीतीश राणा से भिड़ंत हो गई.

इस मुकाबले में वेस्ट दिल्ली लायंस के कप्तान नीतीश राणा ने दिग्वेश की गेंदों की जमकर धुनाई की, जिससे ये स्पिन गेंदबाज हताश हो गया. जब एक मौके पर नीतीश ने दिग्वेश की गेंद पर छक्का लगाया, तो फिर मैदान का तापमान गर्म हो गया. नीतीश और दिग्वेश आपस में उलझ गए.

### दिग्वेश समेत 5 खिलाड़ियों पर एक्शन

अब आचार संहिताके उल्लंघन के लिए दिग्वेश राठी पर मैच फीस का 80 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है. दिग्वेश ने खेल की भावना के खिलाफ आचरण किया. जिसे अनुच्छेद 2.2 के तहत लेवल-2 का अपराध माना गया. उधर नीतीश राणा पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगा है. नीतीश ने आक्रामक व्यवहार किया, जिसे अनुच्छेद 2.6 के तहत लेवल-1 का अपराध माना गया. डीपीएल ने तीन अन्य खिलाड़ियों पर भी जुर्माना लगाया है. वेस्ट दिल्ली लायंस के विकेटकीपर कृष यादव पर मैच फीस का 100 फीसदी फाइन लगा. कृष ने विपक्षी टीम के खिलाड़ी की ओर से बल्ला दिखाया, जो आर्टिकल 2.3 के तहत लेवल-2 का अपराध था. साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज के सुमित माथुर पर (अनुच्छेद 2.5, लेवल-1) मैच फीस का 50 प्रतिशत और अमन भारती (अनुच्छेद 2.3, लेवल-1) पर मैच फीस का 30 प्रतिशत फाइन लगा है. दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में साउथ दिल्ली सुपर स्टार्ज ने पांच विकेट पर 201 रन बनाए. जवाब में वेस्ट दिल्ली लायंस ने 17.1 ओवरों में ही 3 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया. नीतीश राणा ने 15 छक्के और 8 चौके की मदद से 55 गेंदों पर नाबाद 134 रन बनाए. नीतीश प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए. अब वेस्ट दिल्ली लायंस का क्वालिफायर-2 में सामना ईस्ट दिल्ली रायडर्स से होना है. क्वालिफायर-2 की विजेता टीम फाइनल में सेंट्रल दिल्ली किंग्स का सामना करेगी. डीपीएल 2025 का फाइनल 31 अगस्त को खेला जाना है.

# विशेष निर्वाचन प्रेक्षक ने राजनीतिक दलों संग की बैठक, दिये सुझाव और पूछी शिकायतें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद**। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त विशेष निर्वाचन प्रेक्षक नजमुल होदा ने शुक्रवार को जिले में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक की शुरुआत उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह ने की, जिन्होंने विशेष प्रेक्षक की अनुमति से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट में बताया गया कि जिले के 2279 मतदान केंद्रों पर कुल 17 लाख 67 हजार 463 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 99.87 प्रतिशत मतदाताओं के दस्तावेज अपलोड हो चुके हैं। केवल 2253 मतदाताओं के दस्तावेज लंबित हैं। बैठक में राज्य से बाहर रह रहे मतदाताओं के दस्तावेज उपलब्ध कराने की प्रक्रिया पर चर्चा हुई। इस दौरान भाकपा (माले) के जिला सचिव कपिल कुमार ने बताया कि प्रारंभिक कठिनाई के बावजूद बीएलओ ने दूरभाष और परिजनों के सहयोग से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर लिए। महिलाओं की संख्या घटने पर विशेष प्रेक्षक ने चिंता जताई और निर्वाचन अधिकारियों व दलों से स्पष्टीकरण चाहा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव ने अविवाहित बेटियों के नाम जुड़वाने में कठिनाई का मुद्दा उठाया, वहीं राजद व जदयू प्रतिनिधियों ने जानकारी दी कि बीएलओ घर-घर जाकर विशेष रूप से महिलाओं के नाम जोड़ने का काम कर रहे हैं। उप विकास आयुक्त ने बताया कि 1 से 29 अगस्त तक कुल 32 हजार 8 दावे व आपत्तियां प्राप्त हुई हैं। इनमें 23,446 नए नाम जोड़ने, 2,425 नाम विलोपन और 6,137 शुद्धिकरण से संबंधित आवेदन शामिल हैं। बैठक के अंत में विशेष प्रेक्षक ने राजनीतिक दलों से सुझाव और शिकायतें मांगीं। दलों ने कार्यों को संतोषजनक बताया और बीएलओ की तत्परता की सराहना की। प्रेक्षक ने निर्देश दिया कि मतदान केंद्रवार बीएलए की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि निर्वाचक सूची को और अधिक शुद्ध व सटीक बनाया जा सके।

# पीएम की मां का अपमान जनता नहीं करेगी माफ : सुशील कुमार सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद**। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कांग्रेस और राजद नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां को अपमानित करने की घटना की कड़ी निंदा की है। शनिवार को अपने आवास पर आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि भारतीय समाज में मां का स्थान सर्वोच्च और पवित्र माना जाता है। ऐसे में पीएम मोदी की स्वर्गीय माताजी को अपमानित करना विकृत मानसिकता और राजनीतिक हताशा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि देश और बिहार की जनता इस कृत्य के लिए राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को कभी माफ नहीं करेगी। पूर्व सांसद ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रधानमंत्री की आलोचना की जा सकती है, लेकिन शब्दों की मर्यादा का उल्लंघन किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। राजनीति में जिस स्तरहीनता और घृणित प्रवृत्ति का परिचय हाल के दिनों में दिया जा रहा है, वह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा अपमान और स्तरहीनता की सारी सीमाएं लांघ चुकी है। महागठबंधन पर निशाना साधते हुए श्री सिंह ने कहा कि 'मां-बहन योजना' के नाम पर झूठा प्रचार किया जा रहा है। ग्रामीण महिलाओं से गलत तरीके से फॉर्म भरवाकर उन्हें गुमराह और अपमानित करने का काम हो रहा है। इस संबंध में उनके कार्यालय प्रतिनिधि मृत्युंजय कुमार सिंह द्वारा नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुटुंबा प्रखंड के अंजनिया और देव प्रखंड के बरंडा गांव में इस योजना के नाम पर फर्जी फॉर्म भरवाने का मामला सामने आया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि यह योजना महागठबंधन के चुनावी घोषणापत्र में शामिल होती तो आपत्ति का विषय नहीं बनता, लेकिन जब बिना किसी आधार के हर माह 2500 रुपये देने का झूठा दावा किया जा रहा है, तो यह सीधे-सीधे ठगी और चुनावी धो खाधड़ी है। उन्होंने कहा कि प्राप्त वीडियो और ऑडियो क्लिप में महिलाओं के साथ अपमानजनक भाषा का भी इस्तेमाल किया गया है। पूर्व सांसद ने मांग की कि इस पूरे प्रकरण की जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि बीते लोकसभा चुनाव की तरह आगामी चुनाव में भी जनता और मतदाताओं के साथ धोखाधड़ी न हो, इसके लिए वह सजग और तत्पर हैं। प्रेसवार्ता में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक सिंह, पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक और जिला मीडिया प्रभारी मितेंद्र कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

# ट्रैक्टर की ठोकर से छात्र की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। ट्रैक्टर की टक्कर बाइक सवार एक छात्र की दर्दनाक मौत हो गई जबकि दो बाल-बाल बचे। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रायपुरा मोड़ समीप एनएच -19 की है। मृतक की पहचान शहर के सतेंद्र नगर निवासी कामख्या सिंह के 25 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार के रूप में की गई है। घटना के बाद आक्रोशितों ने एनएच -19 जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशितों को समझा-बुझाकर मामला शांत करवाया। तत्पश्चात शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। सदर अस्ताल में परिजनों ने बताया कि प्रिंस कुमार, मंजीत कुमार एवं शिवम कुमार ये तीन बाइक से जमुहार स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में एलएलबी में नामांकन के लिए जा रहे थे। इसी क्रम में एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने रायपुरा मोड़ समीप टक्कर मार दिया जिसमें घटना स्थल पर ही प्रिंस की मौत हो गई। वह दो भाइयों में बड़ा था। इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है, वहीं आसपास मातम पसरा हुआ है। परिजनों ने जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। मुफस्सिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई है। जबकि उस घटना में दो युवक बाल-बाल बचे। शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं मामले अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# अलग-अलग घटनाओं में दो की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद**। जिले के नवीनगर प्रखंड अंतर्गत सोनौरा पंचायत के पुनपुन नगर में शुक्रवार की शाम एक दर्दनाक हादसे में 62 वर्षीया महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान पुनपुन नगर निवासी रामरतन मिस्त्री की पत्नी पानमती देवी के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि पानमती देवी शाम को गांव स्थित ट्रांसफार्मर के पास मवेशियों के लिए घास काट रही थी। इसी दौरान अचानक विद्युत प्रवाहित तार के संपर्क में आ जाने से वे करंट की चपेट में आ गई और वहीं बेसुध होकर गिर पड़ीं। आसपास मौजूद ग्रामीण जब तक घटनास्थल पर पहुंचे, तब तक वह गंभीर रूप से झुलस चुकी थी। ग्रामीणों ने तुरंत परिजनों को सूचना दी। आनन-फानन में परिजन पानमती देवी को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे, लेकिन वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की खबर मिलते ही अस्पताल परिसर में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी अस्पताल पहुंची और आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। इस दर्दनाक हादसे के बाद परिजनों ने जिला प्रशासन से आपदा राहत कोष के तहत मुआवजा देने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि ट्रांसफार्मर के आसपास सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने के कारण ऐसी घटनाएं घट रही हैं। यदि बिजली विभाग समय रहते सतर्कता बरते तो हादसे टाले जा सकते हैं। **वहीं दूसरी घटना में तालाब में डूबे ने से एक युवक की मौत हो गई।** मामला जिले के गोह थाना क्षेत्र की है। शनिवार को युवक का शव राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की टीम ने तालाब से बरामद किया है। मृतक की पहचान गोह निवासी उदय पासवान के रूप में हुई है। बता दें कि शुक्रवार को युवक तालाब के गहरे पानी में डूब गया था। घटना की सूचना मिली तो लोगों की भीड़ लग गई। जिससे इलाके में जाम की समस्या भी उत्पन्न हो गई। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद यातायात को सुचारु किया। साथ ही स्वजनों को उचित मुआवजे का आश्वासन भी दिया। युवक के स्वजनों ने क्षेत्र के वर्तमान जनप्रतिनिधि पर मदद न करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मदद की गुहार लगाने के बावजूद उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। इधर गोह के पूर्व विधायक डा. रणविजय कुमार के पुत्र कृष्णा सिह ने इस मामले में सक्रियता दिखाई। वे घटना की खबर मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे और अपने पिता को सूचित किया। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों से संपर्क करके एनडीआरएफ टीम को बुलाने की अपील की। एनडीआरएफ की टीम ने शनिवार को युवक के शव को तालाब से बाहर निकाला। इधर घटना की सूचना गोह थाना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया है।

# मोहब्बत की बात का भ्रम फैलाने वाले हताश होकर बो रहे हैं बिहार में नफरत के बीज : प्रमोद सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद**। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश महासचिव व रफीगंज विधानसभा क्षेत्र से एनडीए के सबसे प्रबल संभावित प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिंह ने महागठबंधन के मंच से इंडिया गठबंधन के नेताओं के द्वारा सार्वजनिक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्व. मां को गाली दिलवाने वाले मामले पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मोहब्बत के नाम पर पूर्व में भी भ्रम फैलाया और अब वोटर अधिकार यात्रा के नाम पर पूरे बिहार को बेवकूफ बनाने का काम कर रहे है। जब वोटर अधिकार यात्रा सफल नहीं हुई तो अपने मंच से प्रधानमंत्री की मां को गाली दिलवाने का काम कर रहे है। आखिर जेब में संविधान की किताब लेकर घूमने वाले और बार बार लोकतंत्र खतरे में है का नारा लगानेवाले राहुल गांधी यह बताए कि क्या किसी पार्टी के मंच से संवैधानिक और देश के गरिमामयी पद पर आसीन प्रधानमंत्री की मां को गाली दिलवाना संविधान को तार तार करना नहीं हैं। जिनके खानदान ने हमेशा संविधान के वर्णित अधिकारो का हनन किया। सभी क्षेत्र के लोगों में इनके महाजंगलराज का आतंक आज भी कायम है। बिहार में सत्ता वापसी का लाख प्रयास क्यों न कर ले, अब इनकी दाल नहीं गलनेवाली है।

# ट्रेनों के पुनः ठहराव के लिए रेल मंत्री के प्रति जताया आभार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**नबीनगर (औरंगाबाद)**। पूर्व मध्य रेलवे के पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेल मंडल अंतर्गत सोन नगर बरवाडीह रेलखंड के अंकोरहा और बड़की सलैया रेलवे स्टेशन पर रांची वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस तथा अंकोरहा रेलवे स्टेशन पर पलामू एक्सप्रेस के ठहराव की मांग पूरी होने पर पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल नारायण सिंह एवं बिहार प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री त्रिविक्रम नारायण सिंह ने भारत सरकार के रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त किया है।

उल्लेखनीय है कि कोरोना काल के समय इन रेलवे स्टेशनों पर उपरोक्त ट्रेनों का ठहराव स्थगित कर दिया गया था। अंकोरहा और बड़की सलैया रेलवे स्टेशन भारत सरकार के ऊर्जा संयंत्र एनटीपीसी के करीब होने के कारण अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है लेकिन इन ट्रेनों के ठहराव को बंद कर दिए जाने के फलस्वरूप आसपास के लोगों को भी भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था।

रेलवे बोर्ड द्वारा ट्रेनों के ठहराव के संबंध में पत्र जारी कर दिया गया है और शीघ्र ही वाराणसी रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस अंकोरहा एवं बढ़की सलैया में तथा पलामू एक्सप्रेस अंकोरहा रेलवे स्टेशन पर रुकनी शुरू हो जाएगी।

# औरंगाबाद की छात्रा ने 'यंग साइंटिस्ट इंडिया' में लहराया परचम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद**। केंद्रीय विद्यालय, औरंगाबाद की कक्षा आठवीं की छात्रा अनुष्का सिंह ने राष्ट्रीय मंच पर इतिहास रच दिया है। अनुष्का न केवल बिहार की पहली बच्ची बनीं, जिन्हें प्रतिष्ठित यंग साइंटिस्ट इंडिया प्रतियोगिता में चयनित किया गया, बल्कि उन्होंने पूरे देश में ऑल इंडिया रैंक पांच हासिल कर राज्य का नाम रोशन किया है। यह जानकारी केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार श्रीवास्तव ने दी। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि महज 13 वर्ष की आयु में सबसे कम उम्र की वैज्ञानिक बनने वाली अनुष्का ने यह उपलब्धि हासिल कर पूरे बिहार का गौरव बढ़ाया है। प्रतियोगिता के दौरान अनुष्का को देश-विदेश के कई महान वैज्ञानिकों और प्रतिष्ठित हस्तियों से मिलने का अवसर मिला, जिनमें शामिल हैं – आस्था झाला, जया तारे, इसरो के वैज्ञानिक और फ्रांस के वैज्ञानिक ह्यूज बोइत्यू एवं स्पेस किड्ज इंडिया की सीइओ डॉ. श्रीमथि केसन। सबसे गौरवपूर्ण क्षण तब आया, जब अनुष्का को तमिलनाडु के शिक्षा मंत्री द्वारा राष्ट्रीय मंच पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही, इस उपलब्धि पर उनके माता-पिता को भी सम्मानित किया गया। मंच पर उनके पिता का अभिनंदन पूरे सभागार के लिए प्रेरणादायक क्षण था। बिहार की इस बेटी ने साबित कर दिया है कि सपनों को पंख लग जाएं तो राष्ट्रीय मंच पर कोई भी ऊंचाई छूना असंभव नहीं। अनुष्का ने अपनी सफलता पर कहा कि यह सिर्फ मेरी नहीं, बल्कि पूरे बिहार, मेरे विद्यालय और मेरे माता-पिता की जीत है। आज मैं यहां तक पहुंची हूं तो इसका श्रेय मेरी मेहनत के साथ-साथ मेरे माता-पिता के सहयोग और आशीर्वाद को भी जाता है। मैं चाहती हूं कि आने वाले बच्चे भी विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ें और देश का नाम रोशन करें।"

# नीतीश सरकार में छह हजार से अधिक पुलों का किया गया निर्माण : वीरेन्द्र सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद**। 2007-08 में शुरू की गई मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना के तहत छह हजार से अधिक पुलों का निर्माण किया गया। 2024 में इस योजना को पुनः शुरू करते हुए 649 नए पुल स्वीकृत किए गए, जबकि 460 अन्य पुलों की स्वीकृति की प्रक्रिया चल रही है। यातायात को सुगम बनाने के लिए कुल 47 बाईपास पथों के निर्माण की स्वीकृति दी गई, जिसमें से 12 योजनाएं पूर्ण भी हो चुकी हैं। यह बातें औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह ने कही। वे शनिवार को नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बारून प्रखंड के पिपरा ग्राम पंचायत में दूसरे चरण के तहत ग्राम 'जन संवाद यात्रा' कर रहे थे। पूर्व सांसद ने ग्रामीणों से कहा कि नीतीश सरकार में ग्रामीण पथों की बात करें तो 500-999 की आबादी वाले बसावटों को सम्पर्कता प्रदान करने के लिए 2005-06 में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, 250-499 की आबादी वाले टोलों के लिए 2013-14 में मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना तथा 100-249 तक की आबादी वाले टोलों के लिए 2016-17 में मुख्यमंत्री टोला सम्पर्क योजना लागू की गई। इस सम्पर्कता को और बेहतर कर यात्रा समय को और कम करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रखंड अध्यक्ष बारून उपेंद्र कुमार यादव ने बताया कि पूर्व सांसद ने नारायण खाप, कटहा, जांनपुर, धुरिया, खरजामा, मंगरहीया, बरौली, हस्या बीघा, गुलजार बिगहा, कर्मा बीघा, कर्मा एवं पिपरा गांव में जन संवाद यात्रा किया। इस दौरान जगह–जगह ग्रामीणों ने पूर्व सांसद का स्वागत भी किया। यात्रा में पूर्व पैक्स अध्यक्ष सह जिला उपाध्यक्ष विभूति नारायण पांडेय, पूर्व राज्य परिषद सदस्य अनिल यादव, वरीय नेता अशोक कुमार सिंह, नीतीश कुमार, उपेंद्र पांडेय, नागेंद्र कुमार, कृष्णा राम, उग्रह सिंह, अरविंद मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# डूबे बुजुर्ग व्यक्ति का मिला शव

**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। नवीनगर प्रखंड के माली थाना क्षेत्र मोती बिगहा निवासी सिमरी धमनी के पास पुनपुन नदी में डूबने से एक 65 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई थी जिसकी पहचान मोती बिगहा निवासी जगदीश यादव के रूप में की गई थी। शनिवार को शव मिलने की सूचना थाना को दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस घटना से परिजनों का रो रो के बुरा हाल है तो आसपास शोक व्याप्त है।

# निर्वाचन अधिकारी बन बीएलओ से पांच लाख की ठगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। औरंगाबाद में साइबर अपराधियों ने निर्वाचन अधिकारी बन एसआइआर के काम में लगे एक बीएलओ को साइबर अपराधियों ने निशाना बनाया है। साइबर अपराधियों की उनकी पत्नी के खाते से 5.34 लाख रुपये गायब कर दिया। बता दें कि हसपुरा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय पीरु में रामस्वरूप प्रसाद कार्यरत है। उनकी पत्नी सरोज कुमारी पिरु में हिदी प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत है। रामस्वरूप प्रसाद बूथ लेवल अधिकारी का भी काम कर रहे हैं। बताया कि 17 अगस्त को उनके मोबाइल पर एक फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को जिला निर्वाचन कार्यालय का अधिकारी बताते हुए उनसे एसआईआर की रिपोर्ट प्रत्येक दिन जमा करने को कहा। बातचीत के क्रम में उसने एप्लिकेशन भेजा और डाउनलोड करने को कहा। इसके बाद उनके फोन में कुछ गड़बड़ी का एहसास हुआ तो उन्होंने फोन बंद कर लिया। बाद में जब फोन चालू किया गया तो वह ठीक ढंग से काम नहीं कर रहा था। इसके बाद 18 अगस्त को उनका सिम कार्ड बंद हो चुका था। उन्होंने इसकी जानारी प्रखंड के बीडीओ को दी। 19 अगस्त को वह गया एयरटेल कार्यालय पहुंचे। अपना सिम कार्ड चालू कराया। जिसमें उसकी पत्नी का बैंक खाता लिक किया हुआ था। इसके बाद जब उसने खाते की जानकारी ली तो पता चला कि 5.34 लाख रुपये का यूपीआई से अलग-अलग भुगतान कर लिया गया है। खाते से दो अगस्त तक कुल पांच लाख 34 हजार रुपये की निकासी कर ली गई।

खाते में मात्र 145 रुपये शेष बचे। इतना ही नहीं सीवान के एक व्यक्ति के खाते से करीब 50 हजार रुपये सरोज कुमारी के खाते में ट्रांसफर कर दिए गए, जिसे पांच अगस्त तक निकाल लिया गया। घटना के बाद शिक्षक ने साइबर थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी कराई है। हसपुरा स्थित एसबीआइ के कर्मियों पर भी संदेह जताया है। शिक्षक का कहना है कि मैं बीएलओ भी हूं। बीडीओ ने कहा कि सूचना मांगने पर देना है। इसी बीच मुझसे वीडियो कॉल कर सूचना मांगा गई। मुझे लगा कि आयोग सूचना मांग रही है लेकिन मेरे खाते से पैसे निकाल लिए गए।

# फांसी लगा महिला ने की आत्महत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर**। एक महिला द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या का मामला सामने आया है। मामला मदनपुर थाना क्षेत्र के घोड़ाडिहरी गांव की है। मृतका की पहचान उस गांव निवासी सिकंदर भुईयां की 37 वर्षीया पत्नी गीता देवी के रुप में की गई है। जानकारी के मुताबिक महिला ने घरेलू विवाद में आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। कुछ दिन पहले परिजनों से उसका विवाद हुआ था। शनिवार को फूस नुमा मकान में साड़ी से गले में फंदा लगाकर वह लटक गई।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक – कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# ऑटो पार्किंग के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। शहर के वार्ड नंबर-14 टिकरी मोड़ के समीप ऑटो पार्किंग के विवाद में दो पक्ष आपस में भिड़ गए। जमकर लाठी-डंडे चले। मारपीट में एक पक्ष के दो भाई समेत तीन लोग घायल हो गए। दूसरे पक्ष के लोगों को भी चोटें आई है। स्थानीय लोगों द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों की पहचान उक्त मोहल्ला निवासी राहुल कुमार, उज्जवल कुमार और सुजल कुमार के रूप में हुई है।

# लोक अदालत की सफलता के लिए अधिक से अधिक रूचि एवं तत्परता दिखाते हुए सहयोग की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। 13 सितंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संदीप सिंह एवं प्रदीप चन्द्रा द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सभासदन में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें अधिक से अधिक रूचि एवं तत्परता दिखाते हुए सहयोग का अपील की। बैठक में संदीप सिंह ने सभी न्यायालय के कार्यालय लिपिक एवं पीठ लिपिक से कहा कि न्यायालय में आने वाले मुवक्किलों की सबसे नजदीकी आप लोग है और मुवक्किलों की हित कैसे बेहतर हो यह आपपर निर्भर करता है। लोक अदालत में सुलहनीय आपराधिक वादों का निस्तारण अधिक से अधिक हो यह बहुत हद तक आप पर निर्भर करता है जिसके लिए आप सभी का सामूहिक प्रयास होना चाहिए जिन-जिन वादों में आपके स्तर से नोटिस प्रेषित करने की कार्रवाई की गयी है उनसे संबंधित मुवक्किल आपके समक्ष आते हैं तो उन मुवक्क्किल से संबंधित सुलहनीय वाद को लोक अदालत में निस्तारित करने के लिए प्रेरित करें। प्रदीप चंद्रा द्वारा उपस्थित सभी लिपिको से कहा गया कि हम सभी का यह सामूहिक दायित्व है कि अधिक से अधिक न्यायालय से संबंधित मामलों का निस्तारण हो इसके लिए आपको स्वयं भी पहल करना होगा।

